

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 26 | अंक : 147 रायपुर, शनिवार, 20 जून 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ₹ 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596



3 सीटों की संख्या को...



E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



कभी बिल्डिंग की टंकी... 8



जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...


# सरकार, युवा और उद्योग साथ चलें तो रोजगार सृजन कई गुना बढ़ता है : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं तो रोजगार सृजन की गति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम–वीबीआरवाई) इसी नए भारत की पहचान है, जिसने अब तक करीब 70 लाख रोजगार सृजित किए हैं और पहली बार नौकरी पाने वाले लाखों युवाओं को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत करीब 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की युवा शक्ति, प्रतिभा, कौशल और क्षमता को पहचान रही है। हाल ही में जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान विकसित देशों के नेताओं के साथ हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के युवाओं की चर्चा हो रही है और सरकार का प्रयास है कि देश का प्रत्येक युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–वीबीआरवाई के माध्यम से अब तक करीब 70 लाख नई नौकरियां सृजित हुई हैं और लगभग 70 लाख प्रथम बार रोजगार पाने वाले युवाओं को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। करीब 20 लाख युवा अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे कर चुके हैं, जिनमें से लगभग 10 लाख युवाओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे उनके बैंक खातों में भेजे जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि युवाओं के परिश्रम का सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य पर देश के विश्वास की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के सपनों को शक्ति देने और युवाओं तथा उद्योगों के बीच मजबूत सेतु का काम करने वाली पहल है।

मोदी ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है और विकसित भारत का सपना देश के युवाओं के सपनों, कौशल और क्षमताओं पर निर्भर करता है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर मिले, नवाचार करने वालों को मंच मिले और उद्यम शुरू करने वालों को हर संभव सहयोग प्राप्त हो।

## टीबी मुक्त भारत अभियान

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं मुख्य सचिवों से की चर्चा




**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये नई दिल्ली से देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रियों से टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर व्यापक चर्चा की। छत्तीसगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंस से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भाग लिया और उन्होंने टीबी मुक्त भारत के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में तेजी से कई गांव एवं ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुए है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में मुख्य सचिव श्री विकासशील भी छत्तीसगढ़ से शामिल हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों के मुख्य सचिव भी शामिल हुए।

श्री नड्डा ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लिए हम सभी केन्द्र एवं राज्यों की सरकारें आपसी समन्वय से कार्य कर रहे है। टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा कर लिया जाएगा। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने टीबी के मरीजों की तेजी से पहचान करने, इलाज में नियमिता, हाई रिस्क वाले क्षेत्रों में मरीजों की जांच एवं ईलाज तथा त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना जरूरी है। इसी तरह से जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं जनसहभागिता से कार्य करने पर बल दिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अधिकारी भी शामिल हुए।

# गांधी सरोवर परियोजना को रक्षा मंत्रालय की मंजूरी



**एजेंसी, हैदराबाद**

तेलंगाना सरकार की महत्वाकांक्षी मुसी रिवरफ्रंट विकास योजना को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। रक्षा मंत्रालय ने हैदराबाद के मुसी रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एमआरडीसी) को बापू घाट स्थित प्रस्तावित गांधी सरोवर परियोजना के लिए आवश्यक कार्य अनुमति प्रदान कर दी है। इस मंजूरी के साथ परियोजना के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है और राज्य सरकार की बहुप्रतीक्षित मुसी नदी पुनर्विकास योजना को नई गति मिलने की उम्मीद है।

रक्षा मंत्रालय के भूमि विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, गोलकोंडा स्थित आर्टिलरी सेंटर के अंतर्गत आने वाली 83.814 एकड़ रक्षा भूमि के उपयोग की अनुमति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति रक्षा मंत्रालय की 'इक्वल वैल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर' (ईवीआई) नीति के तहत दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनुमति निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी तथा परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान सभी सुरक्षा और प्रशासनिक प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।

# हवा भरते समय फटा जेसीबी का टायर, चार लोग हवा में उछले, एक की मौत

**बिलासपुर (प्रतिदिन राजधानी)**




बिलासपुर में जेसीबी के विशाल टायर में हवा भरते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ, जिसने चार लोगों को कई फीट दूर उछाल दिया. इस दर्दनाक हादसे में एक हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना का भयावह वीडियो भी सामने आया है.

जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर के चकरभाठा थाना क्षेत्र के बोदरी स्थित फॉर्च्यून एलीमेंट कॉलोनी में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे जेसीबी मशीन के टायर में हवा भरी जा रही थी. इसी दौरान अचानक टायर में तेज धमाका हुआ, जिसने मौके पर मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया।

ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि टायर के लोहे के हिस्से और डिस्क दूर तक जा गिरे. पास खड़े चार लोग इसकी चपेट में आ गए और हवा में उछलकर जमीन पर गिर पड़े. हादसे में जेसीबी हेल्पर उमाकांत कौशिक गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

घटना में टायर मिस्त्री ओसामा, जेसीबी चालक भूपेंद्र राव और कर्मचारी अमृत लाल यादव घायल हो गए. सभी को तुरंत बिलासपुर के श्रीराम केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

# महाराष्ट्र सरकार अपनाएगी छत्तीसगढ़ का धान खरीदी मॉडल : परिणय फुके

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**




छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था के अध्ययन करने आए महाराष्ट्र सरकार के विधायक प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के दल ने कहा कि यहां के धान खरीदी मॉडल का विस्तृत रूप से अध्ययन कर इस पूरी प्रणाली को महाराष्ट्र सरकार को भी अपनाने के लिए सुझाव देंगे। विधायक दल समिति के अध्यक्ष डॉ परिणय फुके ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था की इस प्रणाली को अपनाने के लिए सरकार को भी रिपोर्ट सौपेंगे। छत्तीसगढ़ की धान खरीदी वास्तव में किसान हितैषी है। प्रतिनिधियों ने किसानों के पंजीयन से लेकर विक्रय तक की व्यवस्थाएं जैसे ऑनलाईन टोकन व्यवस्था, इलेक्ट्रानिक तौल, सिस्टमेटिक मॉनिटरिंग, बारदाना खरीदी, नजदीकी धान उर्पाजन केन्द्रों सहित धान खरीदी व्यवस्था में लिकेज और गड़बड़ी को रोकने के लिए शुरू की गई इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की प्रशंसा की।

# अयोध्या में योगी बोले- एसआईटी कर रही जांच, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**एजेंसी, अयोध्या**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र प्रकरण पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस को आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वाले, रामभक्तों पर लाठी–गोली चलाने वाले उपदेश दे रहे हैं। अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या के बारे में समाचार पत्रों से जो जानकारी मिली, उसके बाद ट्रस्ट के अनुरोध पर हमने एसआईटी जांच बैठाई है। एसआईटी दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक ऐसी कोई बयानबाजी न हो, जो रामभक्तों की भावनाओं को आहत करती हो। यदि किसी के पास डाक्यूमेंट्री प्रूफ हो तो एसआईटी को उपलब्ध करा दें। योगी ने रामभक्तों से विनम्र अपील की कि प्रभु राम ने हमें मर्यादित रहने का आचरण दिया है, इसलिए मर्यादा का पालन करना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने प्रभु के स्थान के लिए मर्यादित रहते हुए 500 वर्षों तक संघर्ष किया है, 15 दिन और इंतजार कर लें। अगर कोई अपराधी है तो यह सुनिश्चित है कि वह कोई भी हो, बचेगा नहीं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को रुदौली विधानसभा क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय व चिकित्सालय समेत 378 करोड़ रुपये से अधिक की 126 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को बदनाम और रामजन्मभूमि मंदिर को अपमानित करने वालों के बहकावे में न आएं। ये लोग कभी नहीं चाहेंगे कि अयोध्या सम्मान पाए, क्योंकि क्षमता विहीन इन लोगों ने तो कुछ किया नहीं। जिन लोगों ने अयोध्या को बिजली नहीं दी और संकरी गलियों में बांधकर रखा, वे लोग आज दुष्प्रचार कर सप्तपुरियों में प्रथम अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

# जयराम रमेश ने 'ग्रेट निकोबार' परियोजना पर पर्यावरण मंत्री को फिर लिखा पत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री और कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने 'ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना' को लेकर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को एक बार फिर पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने परियोजना की पर्यावरणीय मंजूरी और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता के अभाव को लेकर भूपेंद्र यादव द्वारा विगत 13 जून को भेजे गए जवाब को पूरी तरह निराशाजनक और असंतोषजनक करार दिया है।

जयराम रमेश ने शुक्रवार को पत्र में कहा कि ग्रेट निकोबार परियोजना के विभिन्न पहलुओं का पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) पूरी तरह से अपर्याप्त है। यह स्वयं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तय किए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों का खुलेआम उल्लंघन है। केंद्रीय मंत्री के पास उनके द्वारा पहले उठाए गए तकनीकी, कानूनी और वैज्ञानिक सवालों का कोई ठोस अथवा संतोषजनक जवाब नहीं है। सरकार केवल अपनी पुरानी बातों को दोहराकर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि नियमों के मुताबिक परियोजना की छमाही अनुपालन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से सार्वजनिक की जानी चाहिए, लेकिन मार्च 2024 के बाद से ऐसी कोई भी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है।

# किसान हितैषी नीतियों ने दिलाई छत्तीसगढ़ को नई पहचान

## मुख्यमंत्री से महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहां की बड़ी आबादी खेती–किसानी पर निर्भर है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बस्तर की समृद्ध आदिवासी कला एवं संस्कृति के प्रतीक बस्तर आर्ट का स्मृति–चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।




# इंडिगो फ्लाइट पर गिरी आकाशीय बिजली, बाल-बाल बचे यात्री

**एजेंसी, कोलकाता**



एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर अगरतला जा रहे इंडिगो के एक विमान पर आकाशीय बिजली गिरी है. यह घटना तूफान और बारिश के बीच हुई, जिसके लिए एयरपोर्ट ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर ने मौसम संबंधी अलर्ट जारी किए थे. उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई.

यह घटना क्षेत्र में आंधी–तूफान और बारिश के बीच हुई. एयरपोर्ट ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर (एओसीसी) ने पहले ही मौसम संबंधी चेतावनी जारी कर चुका था. उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ. इंडिगो का यात्री विमान 6ई6068 (वीटी–आईपीडब्ल्यू) एयरोब्रिज 56एल पर खड़ा था तभी उस पर बिजली गिर गई. उन्होंने कहा कि बिजली गिरने से विमान की विद्युत प्रणाली प्रभावित हुई, जिससे उसकी बिजली आपूर्ति अचानक बंद हो गई.

विमान में 141 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे जब विमान पर बिजली गिरी, उस समय ए320 विमान में 141 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे. अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर एयरलाइन ने यात्रियों को विमान से उतार लिया और बाद में उन्हें ए321 विमान से रवाना किया गया. उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर प्रस्थान करने वाली यह उड़ान यात्रियों को लेकर दोपहर 12.50 बजे रवाना हुई।

## नीट-2026 परीक्षा के मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष तैयारियां

# परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा हेतु किए गए है व्यापक प्रबंध

**बिलासपुर / रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (ह्नश्वश्वञ्ज–2026) के दौरान बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के आवागमन को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने व्यापक विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों वाले स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित आवागमन तथा भीड़ प्रबंधन के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों वाले स्टेशनों पर परीक्षार्थियों की अधिक संख्या में आवागमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। तथा यात्री सुविधाओं की भी विशेष निगरानी रखी जाएगी।

परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए स्टेशनों पर पर्याप्त पेयजल, स्वच्छ प्रतीक्षालय, प्रकाश व्यवस्था, पंखे, लिफ्ट एवं एस्केलेटर सहित अन्य यात्री सुविधाओं को सुचारु रखा जाएगा। प्रमुख स्टेशनों पर अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे, जहां बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं किफायती भोजन–नाश्ते की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




यात्रियों के मार्गदर्शन हेतु प्रमुख स्टेशनों पर विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे, जहां स्काउट्स एवं गाइड्स, वाणिज्यिक कर्मचारी तथा रेलवे स्टाफ तैनात रहेंगे। ये हेल्प डेस्क परीक्षार्थियों को ट्रेनों के समय, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय एवं अन्य आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराएंगे तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं अभिभावकों को आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सिविल डिफेंस, वाणिज्यिक एवं परिचालन कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी। जिला प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर स्टेशन परिसरों एवं पहुंच मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाएगी तथा अनधिकृत रूप से पटरियां पार करने जैसी घटनाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

परीक्षा अवधि के दौरान मेल, एक्सप्रेस एवं यात्री गाड़ियों के समयबद्ध संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपूर में स्थापित वाररूम से उच्च अधिकारियों द्वारा रेल परिचालन व यात्री सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाएगी। प्रमुख स्टेशनों पर चिकित्सा सहायता एवं आपातकालीन सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, स्टेशन उद्घोषणाओं, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड एवं जन सूचना प्रणालियों के माध्यम से परीक्षार्थियों एवं यात्रियों को आवश्यक सूचनाएं निरंतर उपलब्ध कराई जाएंगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील करता है कि वे अपनी यात्रा की पूर्व योजना बनाकर समय से स्टेशन पहुंचे तथा रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाते हुए सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा करें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.- 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं. /32267/ न. पा. नि.
जोन क्रं.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

## ईश्तहार

**नामंतरण प्र.क्रं. 32267**
**वार्ड का नाम 39 ठाकुर प्यारे लाल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569L00493 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती DASARU RAM PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती TIKAIT PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती DURJAN RAM PATEL पिता/पति श्री श्रीमती DASHARURAM PATEL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

( जोन कमिश्नर )
जोन ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.- 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं. /32015/ न. पा. नि.
जोन क्रं - 5/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

## ईश्तहार

**नामंतरण प्र.क्रं. 32015**
**वार्ड का नाम 39 ठाकुर प्यारे लाल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR569K00129 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SADHU LAL GAJEN-DRA पिता/पति श्री/श्रीमती THANU RAM GAJENDRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती CHETNA TIWARI पिता / पति श्री श्रीमती RAKESH KUMAR TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

( जोन कमिश्नर )
जोन ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.- 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./32256/ न. पा. नि. /
जोन क्रं.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

## ईश्तहार

**नामंतरण प्र.क्र. 32256**
**वार्ड का नाम 67 भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567K00591 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती KEVARA BAI पिता / पति श्री/श्रीमती LT. SHALIK RAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 1. BINA GAUTAM S/O SALIK RAM GAUTAM 2. SAVITA GAUTAM S/O RAJESH GAUTAM पिता/पति श्री/श्रीमती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

( जोन कमिश्नर )
जोन ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.- 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./32266/ न. पा. नि.
जोन क्रं.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

## ईश्तहार

**नामंतरण प्र.क्र. 32266**
**वार्ड का नाम - 67 भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567D00484 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती NAJUL TEJ NARAYAN VISHWAKARMA पिता / पति श्री श्रीमती CHANDREV VISHWAKARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती ASHOK VISHWAKARMA पिता / पति श्री/श्रीमती TEJ NARAYAN VISHWAKARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

( जोन कमिश्नर )
जोन ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.- 5)**
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं. /32259/ न. पा. नि.
जोन क्रं.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19-06-2026

## ईश्तहार

**नामंतरण प्र.क्र. 32259**
**वार्ड का नाम - 67 भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663F00446 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती BIMLA DEWANGAN पिता / पति श्री/श्रीमती YUDHISHTHIR DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती 1. KAVITA SHARMA W/O LATE. JITENDRA SHARMA 2. SHRADDHA SHARMA S/O LATE. JITENDRA SHAR-MA 3. DHAIRYA SHARMA S/O LATE. JITENDRA SHARMA पिता / पति श्री/श्रीमती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

( जोन कमिश्नर )
जोन ( 5 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक/ /वाचक / तहसीलदार/2026
रायपुर, दिनांक 12/06/2026

प्रति,
(1) श्रीमती ज्योति सुनानी
पति श्री राजकुमार सुनानी
निवासी- मकान नंबर 1535/1537, स्ट्रीट नंबर 03, सेक्टर-3, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर छ.ग.

विषय:- इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक/... / अ-6/वर्ष 2025-26 में पक्षकार श्री सैय्यद काजिम रजा विरुद्ध छ.ग. शासन ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 106/62, तहसील व जिला रायपुर में उपस्थित होने बाबत् ।

विषयांकित संबंध में आपको इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सैय्यद काजिम रजा पिता स्व. श्री सैय्यद एहसन रजा काजमी निवासी रजा आटा चक्की, ललिता चौक, मोमिनपारा, रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ. ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम रायपुर खास, प.ह.नं. 106/62, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1535, 1537 का भाग रकबा 962 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमती ज्योति सुनानी पति श्री राजकुमार सुनानी निवासी प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20/03/2018 के आधार पर क्रय कर स्वामित्व एंव आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण में वाद भूमि के आप अनावेदक हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 22/06/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / /अ-6 / वर्ष 2025-26
रायपुर, दिनांक 04/06/2026

ग्राम- पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47,
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / दानग्रहिता महमुद आलम हाशमी पिता सैय्यद अशफाक हाशमी निवासी एच.नं. 1422, शादाब सिलिकेट फैक्टरी रोड राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47, रा.नि.मं. रायपुर-तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 02, भूखंड क्रमांक 46/8, रकबा 1200 वर्गफुट भूमि को दानदाता श्रीमती जेहरा हाशमी पति श्री सैय्यद अशफाक हाशमी निवासी एच.नं. 1422, शादाब सिलिकेट फैक्टरी रोड राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत दानपत्र दिनांक 30/07/2024 को दान में प्राप्त कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः पंजीकृत दानपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24/06/2026 को होगी।

अत्तएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 24/06/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /क /बी-121 /2025-26
रायपुर, दिनांक 18/06/2026

ग्राम- शंकर नगर
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/आवेदक के त्रिनाथ, पिता- स्व. के गुरूनाथ द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता स्व. के. गुरूनाथ, पिता-स्व.श्री चिनय्या की मृत्यु दिनांक 19.10.2009 को घर / हॉस्पिटल गोरख कॉलोनी न्यू शंति नगर रायपुर घर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/06/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// सूचना-प्रकाशन //**

क्रमांक/क/वाचक / अति. तहसीलदार/2026
रायपुर, दिनांक 11/06/2026

प्रति,
श्री भीखमचंद पिता परमानंद नारा
निवासी-जोरापारा, रायपुर तहसील
व जिला रायपुर छ.ग.

विषय :- राजस्व मामला क्रमांक / /अ-6/वर्ष 2025-2026 पक्षकार श्री जयप्रकाश साहू विरूद्ध छ.ग. शासन, ग्राम-तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जयप्रकाश साहू पिता स्व. शौकीलाल साहू निवासी काशीराम नगर तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम-तेलीबांधा, प.ह.नं. 64 रा.नि.मं. रायपुर के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 108 एवं 109 का भाग, प्लाट नंबर-17 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री भीखमचंद पिता परमानंद नारा निवासी-जोरापारा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/09/2011 के माध्यम से कय किया गया है। इस प्रकार उपरोक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता/भूमिस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 24/06/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक/क/वाचक / अति. तह./2026
रायपुर, दिनांक 11/06/2026

प्रति,
1. किशोर मिर्जा पिता स्व. पिलोसी मिर्जा निवासी-कांशीराम नगर, तेलीबांधा, रायपुर
2. नगर निगम रायपुर छ.ग.

विषय :- ई कोर्ट क्रमांक /..../अ-6 / वर्ष 2025-26 पक्षकार जय प्रकाश साहू पिता स्व. शौकीलाल साहू विरुद्ध छत्तीसगढ शासन, ग्राम-तेलीबांधा, प.ह.नं. 64 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक जय प्रकाश साहू पिता स्व. शौकीलाल साहू निवासी-कांशीराम नगर प्लाट नंबर-17, श्याम नगर, तेलीबांधा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा 110 के तहत भू-राजस्व संहिता 1959 वास्ते नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64 रा.नि. मं. रायपुर-05 तहसील व जिला रायपुर परिवर्तित स्थित भूमि प्लाट नंबर-16 खसरा नंबर-110/1 रकबा 1000 वर्गफूट भूमि विक्रेता किशोर मिर्जा पिता स्व. पिलोसी मिर्जा निवासी-कांशीराम नगर, तेलीबांधा, रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15/03/2016 द्वारा क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता / अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता/भूमिस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 24/06/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

---

## शपथ पत्र

मै शपथकर्ती अर्पणा नाडर पति डेनियल मारिया दुरई राज नाडर, निवासी- भनपुरी, बीरगांव, रायपुर (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि, मेरी पुत्री का जन्म दिनांक- 08/05/2023 को हुआ, जिसका जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या- बी-2023: 22-90202-003323 एवं पंजीकरण दिनांक -15/05/2023 है।

3. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्री का नाम- गार्गी नाडर (GARGI NADAR) दर्ज है, जिसे मेरे द्वारा परिवर्तित कर नया नाम -याशिका नाडर (YASHIKA NADAR) रख दिया गया है, जिसे मैं अपने पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाना चाहती हूं।

4. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज मेरे पुत्री का पूर्व नाम- गार्गी नाडर (GARGI NADAR) को विलोपित कर नया परिवर्तित नाम - याशिका नाडर (YASHIKA NADAR) दर्ज किया जावें, जिस हेतु यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**सत्यापन :-**

मै शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक में वर्णित सभी तथ्य सही एवं सत्य है अतः मैने आज दिनांक को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्थान रायपुर में सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ती
अर्पणा नाडर

---

# दुर्गेश पैकरा को मिली अनुकम्पा नियुक्ति, कलेक्टर ने सौंपा नियुक्ति आदेश

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

जिला प्रशासन की संवेदनशील पहल के तहत स्वर्गीय पंचायत सचिव के आश्रित पुत्र दुर्गेश पैकरा को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है। शुक्रवार को कलेक्टर रेना जमील एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने उन्हें ग्राम पंचायत सचिव पद का नियुक्ति आदेश सौंपा। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत भैयाथान में पदस्थ पंचायत सचिव हीराचंद पैकरा के आकस्मिक निधन के बाद उनके आश्रित पुत्र दुर्गेश पैकरा ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने आवश्यक प्रक्रियाओं को त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए उन्हें ग्राम पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की।



दुर्गेश पैकरा ग्राम पंचायत चंदरपुर के आश्रित ग्राम टईया, तहसील एवं विकासखंड भैयाथान के निवासी हैं। उनकी पदस्थापना मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत भैयाथान के अधीन की गई है। नियुक्ति आदेश सौंपते हुए कलेक्टर रेना जमील ने दुर्गेश पैकरा से आत्मीय चर्चा की और उन्हें पूरी निष्ठा, ईमानदारी तथा जिम्मेदारी के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पंचायत सचिव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए जनसेवा के इस दायित्व को पूरी लगन और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय सेवा केवल एक रोजगार नहीं, बल्कि समाज और जनता के प्रति बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने दुर्गेश पैकरा को ग्रामीणों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान कलेक्टर ने डिजिटल साक्षरता के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान प्रत्येक शासकीय कर्मचारी के लिए आवश्यक है। पंचायत स्तर पर होने वाले डिजिटल कार्यों को कुशलतापूर्वक संपादित करने के लिए तकनीकी दक्षता विकसित करना जरूरी है। तकनीक के प्रभावी उपयोग से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और गति आती है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलता है।

# स्वस्थ बच्चे ही देश का मजबूत भविष्य : राजस्व मंत्री वर्मा

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। राज्य के राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने शुक्रवार को नगर भवन बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में सुपोषित बचपन अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बच्चों को पौष्टिक लड्डू खिलाकर उन्हें कुपोषण से लड़ने और मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने



जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए एक बेहद सकारात्मक सोच के साथ इस अभियान की शुरुआत हुई है। यदि हमारे बच्चे स्वस्थ रहेंगे, तभी देश का भविष्य भी मजबूत होगा। इस विशेष पौष्टिक लड्डू में कई तरह के उच्च पोषक तत्व शामिल हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाएंगे। ?मंत्री श्री वर्मा ने माता-पिता की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए अच्छे संस्कार देना भी जरूरी है। उन्होंने माताओं से अपील की कि वे बच्चों को प्रेम के साथ अनुशासन भी सिखाएं और उन्हें देश का एक अच्छा नागरिक बनाएं। कलेक्टर ने कार्यक्रम में अभियान की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि जिले के 1626 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 1500 केंद्रों के लगभग 9000 बच्चे गंभीर एवं मध्यम कुपोषित चिन्हित किए गए हैं। इन सभी बच्चों को आगामी 6 माह के भीतर सुपोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत इन बच्चों को सप्ताह में 6 दिन, प्रतिदिन सुबह 10 बजे आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका द्वारा एक-एक पौष्टिक लड्डू खिलाया जाएगा।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर, प्रतिदिन राजधानी**

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रेना जमील एवं जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने सहभागिता करते हुए सिकल सेल मरीजों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम द्वारा सिकल सेल रोग की जानकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की प्रस्तुति से हुई। उन्होंने बताया



कि सिकल सेल एक आनुवंशिक बीमारी है, जिसके प्रति जागरूकता और समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर रेना जमील ने मरीजों से संवाद करते हुए कहा कि सिकल सेल रोग से घबराने की आवश्यकता नहीं है। नियमित उपचार, संतुलित जीवनशैली और पौष्टिक आहार के माध्यम से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने मरीजों को पौष्टिक भोजन लेने की सलाह देते हुए कहा कि इससे शरीर में रक्त की पर्याप्त मात्रा बनी रहती है और स्वास्थ्य बेहतर रहता है। कार्यक्रम में सिकल सेल मरीज मोहरमनिया एवं आशा सोनवानी ने स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त सहयोग और समय पर दवाइयों की उपलब्धता को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./32115/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 32115**
वार्ड का नाम - 39- ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560A00010 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MEERA DIWAN पिता/पति श्री/श्रीमती BHAGWAN DHAR DIWAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ASHUTOSH DHAR DIWAN , SHEFALI DIWAN , SWATI TRIPATHI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. BHAGWAN DHAR DIWAN , SUMIT TRIPATHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ FAUTI NAMANTARAN /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./31933/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 31933**
वार्ड का नाम - 39- ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR560B00269 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DIWAN YADU पिता/पति श्री/श्रीमती DHUNARU YADU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती URVASHI BAI YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती DIWAN YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./32269/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 32269**
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567D00098 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Bhagwatin Sahu पिता/पति श्री/श्रीमती Girdhari Sahu के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RITU SARTHI पिता/पति श्री/श्रीमती KHEMURAM SARTHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./32264/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 32264**
वार्ड का नाम - 41- पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR566A00198 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NIRODE BIHARI MISTRY SMT. KHUKURANI MISTRY पिता/पति श्री/श्रीमती DEBENDRA NATH MISTRY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती PURNIMA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SHIT KUMAR SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./32253/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 32253**
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567F00323 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MINA KANHIYA GIRHEPUNJE पिता/पति श्री/श्रीमती KANHIYA GIRHEPUNJE के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती 1. MANORAMA DHANGAR S/O PRABHULAL DHANGAR 2. KAUSHILYA DHANGAR W/O MOHAN DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./32271/न.पा.नि./
जोन क्र.- 5/2026
रायपुर, दिनांक 19.06.2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र. क्र. 32271**
वार्ड का नाम - 67- भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663F00273 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRAKASH NAIDU पिता/पति श्री/श्रीमती LATE B.RANGARAO NAIDU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती MADHURI NAIDU पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. PRAKASH NAIDU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर**

**::: संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना :::**

क्रमांक 2190/NIT-02/2026/व.ले.लि. दिनांक 17.06.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 02 T0040 | Petty Bazar Article Supply for The Year 2026-27 Under PWD (B/R) Sbu Division No.1 Bijapur | 05.00 लाख |
| 02 T0041 | Petty Bazar Article Supply for The Year 2026-27 Under PWD (B/R) Sbu Division No.2 Bijapur | 05.00 लाख |
| 02 T0042 | Petty Bazar Article Supply for The Year 2026-27 Under PWD (B/R) Sbu Division Madded | 05.00 लाख |
| 02 T0043 | Fire Fighting System Instalattion at Civil Court Building Bijapur Distt. Bijapur (C.G.) | 02.79 लाख |

संक्षिप्त मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नोटः-**

1. निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में निविदा प्रपत्र कय बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाँक 06.07.2026 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में तथा छत्तीसगढ़ शासन की वेब साईट cg.nic.in/pwdraipur पर देखी जा सकती है।

2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने हेतु आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा -

2.1 लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत पंजीयन की वैद्य प्रमाण-पत्र।

2.2 जी.एस.टी. पंजीयन की प्रमाण पत्र।

2.3 आयकर विभाग द्वारा आबंटित पेन कार्ड की छायाप्रति।

2.4 ई.पी.एफ. की वैध प्रमाण पत्र।

2.5 बैंक साल्वेंसी की वैद्य प्रमाण पत्र।

2.6 निविदा हेतु लिफाफे जिसमें प्रथम लिफाफे में निविदा फार्म एवं द्वितीय लिफाफे में धरोहर राशि एफडीआर की मूल प्रति के साथ पंजीकृत डाक से निर्धारित समय के भीतर प्रस्तुत करना होगा डाक सेवा में विलम्ब के कारण समय पर निविदा प्रपत्र न मिलने का उत्तरदायित्व विभाग का नही होगा।

2.7 निविदा को बिना पूर्व सूचना एवं कारण बताये स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

G-262701578/4

# सीटों की संख्या को बढ़ाने का सुखद परिणाम-ट्राइबल हॉस्टल के 13 अभ्यर्थियों ने रचा कीर्तिमान- सीएम साय

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

संघ लोक सेवा आयोग (क्क्ष्ट) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2026 के परिणामों में छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में रहकर तैयारी कर रहे 13 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। विशेष बात यह है कि इनमें अधिकांश विद्यार्थी जनजातीय, ग्रामीण एवं सामाजिक रूप से वंचित वर्गों से आते हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी



सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति की प्रतिभा, परिश्रम और अटूट संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण के लिए बेहतर अवसर एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन युवाओं की सफलता प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने की प्रेरणा देगी। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2026 में सफल होने वाले विद्यार्थियों में गौतम कुमार, कुलभूषण सिंह पोया, हरि चंद्र प्रकाश सिंह, मयंक रात्रे, मलिकराम पटेल, आर्यन राठौर, चेतन लाल, हरीश कुमार पटेल, किशन लाल साहू, सत्यनारायण चंद्राकर, दीक्षा दिवाकर, विकेश कुर्रे तथा प्रकाश पटेल शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समाज के वंचित एवं प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों, जनजातीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को देश की राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्राइबल यूथ हॉस्टल की स्थापना राज्य के

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को सिविल सेवा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। यहां चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, अध्ययन कक्ष, पुस्तकालय, उत्कृष्ट कोचिंग तथा अनुभवी विशेषज्ञों का नियमित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि ट्राइबल यूथ हॉस्टल जैसे संस्थान प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें उचित दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रारंभिक परीक्षा में सफल ये विद्यार्थी मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रशासनिक सेवाओं में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे। सफलता राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक अवसरों और मार्गदर्शन व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम है।

# छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**




छत्तीसगढ़ शराब व्यसन मुक्ति अभियान (भारत माता वाहिनी योजना) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार ने की।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के संचालक श्री रणवीर शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य में संचालित शराब व्यसन मुक्ति अभियान की प्रगति, नशापीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास, नशामुक्ति केन्द्रों के संचालन तथा भविष्य की कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।


बैठक में राज्य स्तरीय समिति की पूर्व बैठक 6 अक्टूबर 2023 के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। साथ ही प्रत्येक विकासखण्ड की एक हजार से अधिक जनसंख्या वाली नवीन ग्राम पंचायतों में भारत माता वाहिनी के गठन एवं विस्तार संबंधी प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया गया, जिससे नशामुक्ति अभियान को ग्रामीण स्तर तक और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

समिति ने नशापीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए संचालित 15 बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केन्द्रों की क्षमता 15 से बढ़ाकर 50 बिस्तर करने का सुझाव दिया। केन्द्रों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए यह भी निर्णय लिया गया कि जिन जिलों में ऐसे केन्द्र संचालित नहीं हैं, वहां उनकी स्थापना एवं संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# डिजिटल लॉकर में भविष्य, क्रेडिट बैंक में जमा होगी पढ़ाई

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत छत्तीसगढ़ को मिली सबसे बड़ी सौगातों में से एक–एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) और डिजीलॉकर एकीकरण योजना ने राय के उच शिक्षा परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ के उच शिक्षा




विभाग के समन्वय से सत्र 2023–24 से अनिवार्य रूप से लागू हुई यह योजना वर्ष 2026 में पूरी तरह परिपक्व हो चुकी है। अब राय का हर छात्र अपनी जेब में डिजिटल यूनिवर्सिटी लेकर घूम रहा है।

**क्या है यह क्रेडिट बैंक और कैसे बदलेगी जिंदगी**

कल्पना कीजिए एक ऐसे बैंक की, जहाँ पैसा नहीं बल्कि आपकी पढ़ाई और कॉलेज के क्रेडिट (अंक) जमा होते हैं। यदि किसी वजह से आपकी पढ़ाई बीच में छूट जाए, तो यह बैंक आपकी मेहनत को बेकार नहीं जाने देता। मान लीजिए बस्तर के किसी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र को पारिवारिक कारणों से सेकंड ईयर के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पहले की व्यवस्था में उसकी दो साल की पढ़ाई जीरो मान ली जाती थी। अब पहले दो वर्षों में छात्र ने जो भी अंक या क्रेडिट कमाए हैं, वे उसकी के जरिए डिजिटल बैंक में सुरक्षित रहेंगे। दो या तीन साल बाद जब वह दोबारा पढ़ना चाहेगा, तो वह रायपुर, बिलासपुर या देश के किसी भी अन्य विश्वविद्यालय में सीधे थर्ड ईयर में प्रवेश ले सकेगा। इसे ही मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट कहा गया है।

**छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रांति का स्कोरकार्ड**

यह एकीकृत डिजिटल सिस्टम न केवल छात्रों के दस्तावेजों को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि उन्हें देशव्यापी स्तर पर अपनी पढ़ाई को सुगम बनाने की आजादी भी दे रहा है। वर्तमान में यह योजना छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में पूरी तरह सक्रिय हो चुकी है, जिसके दायरे में राय के 6.5 लाख से अधिक छात्र–छात्राएं आ रहे हैं।

इस महा–अभियान में राय के अग्रणी विश्वविद्यालय जैसे पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रायपुर), अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय (बिलासपुर), और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय (बस्तर) सहित सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय पूरी सक्रियता के साथ भागीदार बन चुके हैं।

# लोक निर्माण विभाग के सचिव ने मेडिकल कॉलेज के कार्यों का किया निरीक्षण

## अंडरपास और पुल का काम भी देखा, अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने सरगुजा संभागीय मुख्यालय अंबिकापुर में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यस्थलों पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को प्रगतिरत सभी कार्यों को समय–सीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। सरगुजा के कलेक्टर अजीत वसंत और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने बैठक में वर्षा ऋतु को देखते हुए सड़कों के रखरखाव एवं गड्ढा मरम्मत के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए बारिश शुरू होने के पहले सभी आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने समय पर पुल–पुलियों की भी मरम्मत करने के निर्देश दिए, ताकि बरसात में आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों और पुलों का नियमित निरीक्षण कर उनकी स्थिति पर सतत निगरानी रखने को कहा।

विभागीय सचिव ने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर नियमित और कड़ी मॉनिटरिंग कर कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में मैदानी अधिकारियों ने कार्यों की वर्तमान स्थिति तथा प्रस्तावित व प्रगतिरत कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। बंसल ने अंबिकापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग बायपास के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अंडरपास, पुल एवं अन्य संरचनात्मक निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों को परेशानी से बचाने सड़कों व पुलों के काम को हर हाल में समय–सीमा में पूर्ण करने को कहा, ताकि लोगों को शीघ्र बेहतर यातायात की सुविधा मिले। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को मेडिकल कॉलेज के भवन के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधोसंरचना से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होना चाहिए।

# सुशासन में आधुनिक कृषि को बढ़ावा, कम लागत में बढ़ी उपज और गुणवत्ता

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



ुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को प्रोत्साहन मिलने से किसानों को नई दिशा और मजबूती मिल रही है। शासन की किसान हितैषी योजनाओं और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के सकारात्मक परिणाम अब गांव–गांव में दिखाई देने लगे हैं। कोरबा जिले के ग्राम तिलकेजा के प्रगतिशील कृषक श्री राममनोहर सोनी इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरे हैं, जिन्होंने नैनो उर्वरकों के सफल उपयोग से अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाया है।

लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में धान की खेती करने वाले श्री सोनी पिछले वर्ष से नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में नैनो उर्वरक अधिक प्रभावी सिद्ध हुआ है। प्रारंभिक स्तर पर प्रयोग के रूप में प्राप्त नैनो उर्वरकों के उपयोग से उन्हें उत्साहजनक परिणाम मिले, जिसके बाद उन्होंने इसे अपनी खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा बना लिया। श्री सोनी ने बताया कि नैनो उर्वरकों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनके उपयोग में श्रम की आवश्यकता कम होती है। चार एकड़ क्षेत्र में केवल एक से दो व्यक्ति आसानी से इसका छिड़काव कर सकते हैं। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसलों की वृद्धि बेहतर हुई है, गुणवत्ता में सुधार आया है तथा रोगों का खतरा भी कम हुआ है। साथ ही उत्पादन लागत में भी कमी आई है।

# रायपुर नगर पालिक निगम

# लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को मिल रहा सशक्तिकरण का नया अवसर

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

नगर निगम रायपुर द्वारा 1 जून से 30 जून 2026 तक लोक कल्याण मेला एवं स्वनिधि महोत्सव के अंतर्गत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी स्ट्रीट वेंडर्स (स्ह्लह्म्द्गद्गह्ल ङ्क्चद्गठ्ठस्त्रशह्म्ह्य) को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, उन्हें डिजिटल लेन–देन से जोड़ना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

इस अभियान के तहत नए पात्र स्ट्रीट वेंडर्स के आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं, वहीं लाभान्वित हितग्राहियों का




सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाइलिंग कार्य भी किया जा रहा है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के माध्यम से त्तक्र कोड वितरित किए जा रहे हैं तथा पात्र हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही उन्हें केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। नगर निगम रायपुर द्वारा अब तक 21,526 स्ट्रीट वेंडर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इनमें से 10,728 हितग्राहियों एवं उनके परिवारों को स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ा गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। योजना के अंतर्गत ऋण की द्वितीय किश्त का सफलतापूर्वक भुगतान करने वाले 211 स्ट्रीट वेंडर्स को क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 15,233 लाभार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म एजेंसी के माध्यम से डिजिटल रूप से ऑनबोर्ड कर त्तक्र कोड वितरित किए गए हैं। नगर निगम रायपुर का यह विशेष अभियान स्ट्रीट वेंडर्स को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने तथा उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समग्र विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सूखा व गीला कचरा पृथकीकरण, नही किया जाना पाये जाने पर होटल संचालक पर जुर्माना

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन




कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन और स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत टाटीबंध क्षेत्र में स्थित बिरयानी घर की स्वच्छता व्यवस्था का लगातार प्राप्त हो रही स्वच्छता संबंधी जनशिकायतो को संज्ञान में लेकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने औचक निरीक्षण नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निर्देशानुसार किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान टाटीबंध में होटल बिरयानी घर में गंदगी मिली।

# निराश्रित पेंशन हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान हेतु 22 जून से 22 जुलाई तक विशेष समस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा समाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 22 जून से 22 जुलाई 2026 तक निगम के सभी 10 जोन कार्यालयों में विशेष समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सभी जोन कमिश्नरों को शिविरों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने कहा गया है। शिविरों में पेंशन हितग्राहियों की विभिन्न समस्याओं जैसे केवाईसी संबंधी कार्य, आधार एवं मोबाइल नंबर अपडेट, मृत हितग्राहियों की जानकारी एवं पंचनामा प्रस्तुत करना, बैंक खाते के ब्लॉक होने की समस्या, आधार




का एनपीसीआई से लिंक नहीं होना तथा अन्य बैंकिंग संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही केन्द्र सरकार की पेंशन योजनाओं– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों का के माध्यम से शत–प्रतिशत सत्यापन भी किया जाएगा। सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर प्रारंभ होने से पूर्व बैठक आयोजित कर कार्यवाही विवरण प्रस्तुत करें। इस अभियान को महाभियान के रूप में संचालित किया जाएगा तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

रायपुर नगर निगम ने सभी पेंशन हितग्राहियों एवं उनके परिजनों से अपील की है कि वे अपने निकटतम जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

# गायत्री सुनील चंद्राकर ने जब्बार नाला में बारिश पूर्व सफाई का किया निरीक्षण

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने नगर निगम जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत जब्बार नाला, चंडी नगर नाला, श्रीराम मंदिर व्हीआईपी रोड नाला में बारिश पूर्व सफाई अभियान का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम जोन 9



जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन, वार्ड पार्षद श्रीमती प्रभा मनोज विश्वकर्मा, श्रीमती सावित्री धीवर, मोहन साहू, देवदत्त द्विवेदी, जोन 9 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे, उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में किया। अधिकारियों ने बताया कि एक बार इन नालो की बारिश पूर्व सफाई करवायी गयी है।

इस पर स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने बारिश के पूर्व एक बार और दूसरे राउंड में इन की व्यवस्थित सफाई निर्देश जोन 9 जोन कमिश्नर को निरीक्षण के दौरान दिये।

# महापौर मीनल से मिलकर लचर व्यवस्था को लेकर गहन असंतोष जोन की सफाई व्यवस्था को लेकर व्यक्त किया

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

रायपुर नगर पालिक निगम के जोन 6 जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती अंजली जितेन्द्र गोलछा, प्रमोद साहू, रमेश सपहा, रवि सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण नायक ने नगर निगम मुख्यालय महापौर कार्यालयीन कक्ष पहुंचकर महापौर श्रीमती मीनल चौबे से मिलकर जोन 6 के सभी वार्डो में इस वर्ष बारिश के पूर्व सफाई की व्यवस्था को लचर बताया एवं सफाई व्यवस्था व्यवस्थित नहीं होने की महापौर को जानकारी दी। पार्षदों ने महापौर को बताया कि जोन 6 के वार्डो



में वार्डवार उपलब्ध 25 सफाई कामगारों के गैंग में कभी भी शत प्रतिशत उपस्थिति नहीं देखी जाती एवं सफाई कामगारो की उपस्थिति कम रहती है। इसके चलते जोन 6 के वार्डो में बारिश पूर्व गंदे पानी का निकास सुगम बनाने अच्छी सफाई व्यवस्था अभी तक कायम नहीं हो पा रही है। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने जोन 6 के वार्डो में सफाई की लचर व्यवस्था पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जोन अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी एवं तत्काल वार्डों में जनप्रतिनिधि वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर बारिश पूर्व वार्डो की सफाई व्यवस्था को सुधारने के सख्त निर्देश दिये हैं ।

लेख समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, शनिवार, 20 जून 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

## सम्पादकीय

# टेलीग्राम पर बैन

मई महीने में नीट प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के बाद केंद्र सरकार अति- सतर्कता के मूड में नजर आ रही है। लीक प्रकरण के पश्चात निशाने पर आने के बाद सरकार कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। इसी कड़ी में चर्चित मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर लगाम लगाने के निर्णय को लेकर विवाद अदालत के दरवाजे तक जा पहुंचा है। यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिये संघर्ष कर रही है। हकीकत यह है कि मई में प्रश्नपत्र लीक होने से मची अफरातफरी और विपक्ष के नेताओं के निशाने पर आने के बाद केंद्र सरकार कोई जोखिम लेने को तैयार नहीं है। निस्संदेह, इस परीक्षा में आयोजक एजेंसियों की विश्वसनीयता और बीस लाख से ज्यादा प्रतिभागियों का भविष्य दांव पर लगा है। यही वजह है कि राष्ट्रीय महत्व की परीक्षाओं को लेकर नीट और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एटीए द्वारा परीक्षार्थियों का भरोसा फिर से कायम करने की कवायद पर पूरा जोर दिया जा रहा है। ऐसे में रविवार को होने वाली नीट की पुन:परीक्षा से ठीक पहले, सरकार का चर्चित मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम पर कुछ अवधि के लिये प्रतिबंध लगाना, अति सतर्कता को ही दर्शाता है। सरकार के इस अतिरेक सावधानी वाले रवैये को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार ने अपने इस कदम का पुरजोर बचाव किया है। सरकार की दलील है कि इस क्लाउड-बेस्ड प्लेटफॉर्म का बॉट इंफ्रास्ट्रक्चर लीक हुई सामग्री का तेजी से बड़े पैमाने पर प्रसार करने में मददगार हो सकता है। वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में देशवासियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पूरे प्लेटफॉर्म को कुछ दिनों के लिये ब्लॉक करने से आनुपातिकता और प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। लोगों का मानना है कि सतर्कता, सावधानी और तंत्र में सुधार कर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है।

निस्संदेह, यदि किसी आपराधिक नेटवर्क द्वारा ऐप विशेष के दुरुपयोग की वजह से, उसके असली यूजर्स को परेशानी होती है तो इससे देश में गलत परंपरा की शुरुआत हो सकती है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकार दलील दे रहे हैं कि अगर किसी बड़ी परीक्षा हेतु टेलीग्राम की सेवाएं सस्पेंड की जा सकती हैं तो भविष्य में किसी अन्य मुद्दे पर दूसरे ऐप के विरुद्ध कार्रवाई को भी तार्किक ठहराया जा सकता है। फिर सत्ताधीशों को किसी अन्य ऐप पर अंकुश लगाने का अवसर बार-बार मिल सकता है। सरकारें कानून-व्यवस्था को खतरा बता कर, कार्रवाइयों को जायज ठहरा सकती हैं। तभी मामला दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचने पर अदालत ने पूछा है कि 150 मिलियन यूजर्स के अधिकारों में कटौती कैसे की जा सकती है? आलोचक सरकार के रवैये को सिस्टम की विफलता बता रहे हैं। दलील है कि कोई भी प्रश्न पत्र तभी लीक होता हैं, जब परीक्षा से जुड़े कुछ अंदरूनी लोग नकल कराने वाले गिरोहों से मिल जाते हैं। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि टेलीग्राम को ब्लॉक करने से समस्या खत्म नहीं होती है।

# दलीय टूट-फूट के सवालों से मुठभेड़ जरूरी

**भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई बात नहीं है। अतीत में भी दल-बदल होते रहे हैं। हरियाणा में तो तकरीबन पूरा विधायक दल ही दूसरे दल में समा गया था। उसी के बाद से दलबदल के लिए भारतीय राजनीति में 'आयाराम गयाराम' का मुहावरा ही चल पड़ा था। लेकिन पश्चिम बंगाल के चुनावों के बाद जिस तरह दल-बदल या दलों में टूटफूट हो रहा है, वह अप्रत्याशित है। इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों में भगदड़ पहले नहीं हुई थी। पहले किसी एक या दो दल में ऐसा होता था।**

उमेश चतुर्वेदी।




डॉक्टर लोहिया ने कहा तो था समाजवादियों से, लेकिन लगता है कि उनकी बात आज के विपक्षी दलों ने ज्यादा शिद्दत से मान ली है। लोहिया ने कहा था, सुधरो या टूट जाओ। लोहिया की इस अपील को उनके समाजवादी चेलों ने तो माना ही, अब गैर समाजवादी अनुयायी भी स्वीकार कर चुके हैं। चार मई को पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सबसे बड़ी टूट उस ममता की पार्टी में हुई, जिन्हें राजनीतिक मैदान का योद्धा माना जाता था। जो झुकना नहीं जानतीं। पहले उनके 80 में से 53 विधायक टूट गए और विधानसभा में उन्होंने अपना अलग गुट बना लिया। इसके बाद लोकसभा के उनके 29 में से बीस सांसद भी टूट गए। दिलचस्प यह है कि उन्होंने एक अनाम-सी पार्टी नेशनल सिटिजन्स पार्टी में अपना विलय कर लिया। ममता की राह पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के भी सांसद चल पड़े हैं और हो सकता है कि इन पंक्तियों के प्रकाशित होने तक उनके नौ में से छह लोकसभा सांसद पाला बदलकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना के धनुष पर तीर चढ़ा रहे होंगे। सुगबुगाहट तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम् के संसदीय दल में भी टूट-फूट की दिख रही है। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की अगुआई वाली समाजवादी पार्टी में भी टूट की भविष्यवाणी जता दी है। ऐसा लग रहा है कि जैसे बीजेपी विरोधी दलों को दल-बदल या टूट-फूट वाली छूत की बीमारी लग गई है। इस प्रभावित दल इस टूट-फूट के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका आरोप है कि बीजेपी टूटने वाले नेताओं को मोटी रकम का लालच दे रही है। उनका यह भी आरोप है कि संवैधानिक सुधारों के लिए चूंकि बीजेपी को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है, इसलिए वह धन और बाहुबल का लालच देकर दलों को तोड़ रही है।

एक बारगी मान भी लें कि बीजेपी की शह पर ये टूट-फूट हो रही है तो एक प्रश्न जरूर उठता है कि आखिर राजनीतिक दलों ने कैसे नेताओं को अपना सांसद या विधायक बनाने के लिए चुना है? क्या उनके चयन में कोई गलती रही? सवाल यह भी उठता है कि जो टूट रहे हैं, क्या सांसद या विधायक बनाने को लेकर जब उनका चयन किया जा रहा था, तो उनकी कौन की खासियत देखी गई थी? क्या दल के प्रति न उनकी निष्ठा, उनके चरित्र आदि का ध्यान नहीं रखा गया। सवाल यह भी उठता है कि क्या बाहुबल या धन बल ही उनके चयन की बड़ी योग्यता मानी गई। इन सवालों का ईमानदारी से जवाब प्रभावित दल भले ही नहीं दे, लेकिन यह छुपी हुई बात नहीं है कि भारतीय राजनीति में संसद या विधानसभा में नुमाइंदगी के लिए दलीय निष्ठा की बजाय दूसरे कारकों का ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है। इसमें चुनाव जीतने की क्षमता, चुनाव में खर्च करने की सामर्थ्य और जरूरत बड़ने पर पार्टी के लिए धन और बाहुबल के साथ खड़ा होने की शक्ति भी देखी जाती है। कई बार तो सिर्फ पैसे के दम पर ही टिकट हासिल कर लिए जाते हैं। यही वजह है कि मौका मिलते ही ये नेता अपनी निष्ठा बदलने में देर नहीं लगाते। निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों के गठन की बुनियाद उनका राजनैतिक और सामाजिक विचार और सिद्धांत होता है। इसके बावजूद लगातार महंगी होती चुनाव प्रक्रिया ने विचारधारा की राजनीति को पीछे खिसका दिया है। विचारधारा की दुहाई तभी तक दी जाती है, जब तक उसकी राह में धन बल या बाहुबल नहीं आता, जब तक कि सत्ता उससे दूर रहती है। अगर विचारधारा से विचलन के बाद सत्ता आती दिखती है तो राजनीतिक दल और नेता भी अपनी उस विचारधारा को कुछ वक्त के लिए ताक पर रख देते हैं। सिद्धांत और निष्ठाएं भी तब तक के लिए टाल दी जाती हैं। जब दलीय आधार पर ऐसा होता है तो निजी स्तर पर किसी सांसद और विधायक को आर्थिक या सत्ता में भागीदारी का मौका मिलेगा तो वह क्यों न टूटेगा। सवाल यह है कि जब दल और उसका अगुआ ही अपनी निष्ठा और विचारधारा को सत्ता के लिए किनारे रख देगा तो मौका मिलने पर उसका सांसद और विधायक ऐसा क्यों नहीं कर सकता। उद्धव ठाकरे के संसदीय दल में बिखराव की बड़ी वजह सत्ता के लिए पार्टी के सिद्धांतों से समझौता और कांग्रेस का साथ लेना रहा है। टूट रहे सांसदों को लेकर आरोप लगाने वाले दलों को भी सोचना होगा कि आखिर उन्होंने किस तरह के लोगों को चुना? सवाल यह है कि जब पैसे लेकर टिकट दिए जाएंगे, जब दल और विचारधारा की निष्ठा के बजाय चुनावी टिकट हासिल करने के अन्य कारण होंगे तो फिर इस प्रक्रिया से चुनकरआए सांसदों और विधायकों की खरीद-बिक्री पर सवाल कैसे उठाए जा सकते हैं? कैसे उन्हें दलीय निष्ठा के प्रति बांधे रखा जा सकता है।

दलीय टूट-फूट का अभी कोई बड़ा नुकसान भले ही नहीं दिख रहा हो, लेकिन आने वाले दिनों में इसका एक बड़ा हश्र लोक विश्वास के दरकने के रूप में दिख सकता है। आज का मतदाता बहुविध सूचनाओं के तमाम स्रोतों से लैस है। उसकी राजनीतिक समझ पहले के मीडिया क्रांति केदौर के पहले के मतदाताओं की तुलना में कहीं ज्यादा विकसित है। उसका सामान्य ज्ञान कमजोर भले ही हो सकता है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसमें आ रहे निष्ठागत बदलावों की पृष्ठभूमि को वह समझ रहा है। ऐसे में उसका भरोसा मौजूदा राजनीतिक तंत्र से चूक सकता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उसका भरोसा टूटना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। दल बदलने वाले अपने प्रतिनिधि के बारे में वह सवाल उठा सकता है कि उसने जिस सोच के साथ उसे वोट दिया, उसका प्रतिनिधि उस सोच के साथ गद्दारी कर रहा है। कई बार स्थानीय कारणों के साथ ही अपनी वैचारिक निष्ठा के चलते भी अपना मत देता है। हो सकता है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी दल विशेष को बड़ा समर्थन मिला हो, लेकिन उसी दल विशेष के किसी स्थानीय प्रतिनिधि को स्थानीय निष्ठाओं, जरूरतों और कारकों के साथ ही वैचारिक कारणों से मतदाताओं का समर्थन नहीं मिलता। मान लेते हैं कि राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किसी दल विशेष को भारी समर्थन मिला है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसके ठीक उलट किसी अन्य दल या उसके प्रतिनिधि को समर्थन मिला है। इसका मतलब यह है कि राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन हासिल करने वाले दल के कार्यक्रमों और योजनाओं की बजाय स्थानीय योजनाओं को लेकर स्थानीय लोगों की अपनी अलग दृष्टि है, या अपनी अलग चाहत है। स्थानीय मतदाताओं का भरोसा उसे इसी वजह से मिला है। लेकिन उसका प्रतिनिधि अपनी निष्ठा बदल लेता है कि स्थानीय मतदाता खुद को आहत और ठगा हुआ महसूस कर सकता है। चूंकि इन दिनों दलीय टूट-फूट व्यापक स्तर पर हो रही है, इसलिए मतदाताओं में इसका व्यापक असर पड़ सकता है। इसके चलते मतदाता आहत महसूस कर स0कते हैं, विश्वासघात भी मान सकते हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हो सकता है।

मौजूदा राजनीतिक तंत्र को मतदाताओं के मनमिजाज को इस नजरिए से भी समझना होगा। भारतीय लोकतंत्र को भरोसेमंद बनाने की राह राजनीतिक दलों को ही खोजना होगा। क्योंकि लोहिया की टूटने की अपील के पीछे भी सुधार को खोजना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या राजनीतिक दल संपूर्णता में इस सवाल से मुठभेड़ करने को तैयार हैं?

# नौटंकी केंद्र बनते स्कूल : बद्तर होती शिक्षा



विजय मिश्रा 'अमित'



ग्रीष्मावकाश उपरांत नये सत्र के लिए स्कूल खुल गए हैं। नए सत्र के लिए सरकार ने फरमान जारी किया है कि स्कूलों में अमका गान, ढमका गीत, अलाना मंत्र फलाना मंत्र अवश्य करना है। शनिवार को बिना बैग स्कूल आना है। शनिवार को खेलकूद- संगीत- संस्कार- संस्कृति का ज्ञान दिया जावेगा। इससे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति संस्कार का बीजारोपण होगा। यह सब पढ़ कर ऐसा लग रहा है जैसे सोते से सरकार जाग गई है। गंगा जल पीकर सुधरने का ढोंग कर रही है। जिन बुद्धिजीवियों के मार्गदर्शन में ऐसे निर्णय लिए जा रहे हैं। जिन्हें इन निर्णयों का पालन करवाना है। उनमें से अधिकांश बुद्धिजीवी पचास साठ वर्ष के तो होगें ही। वे सब के सब जरा अपने स्कूली जीवन को याद करें तो यही बात सामने आएगी कि उनके ज़माने में स्कूलों में ढंग के न तो ब्लेक बोर्ड थे, न बैठक व्यवस्था थी लेकिन असल कार्य पढाई बड़ी उम्दा होती थी। साधन कम थे पर साधक सदैव ईमानदारी से साधना पर ध्यान रखते थे। आज की तरह स्कूल नौटंकी केंद्र नहीं विद्या अर्जन केंद्र होते थे। तभी तो उस जमाने के ज्ञानी विद्यार्थियों का दबदबा आज भी कायम है। तब नेतागिरी राजनीति करने वाले कलमुहे भी स्कूल मास्टर से डरते थे। शाला भवन की चौखट चढ़ने के पहले माथ नवाते थे। लेकिन पिछले तीन चार दशकों में खासकर राजनीतिज्ञों में आई चारित्रिक गिरावट ने सब मटियामेट कर दिया है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां राजनेताओं का हस्तक्षेप न हो। इसके पीछे प्रशासनिक अधिकारियों का दब्बूपन, भ्रष्टआचरण भी एक बड़ा कारण है। देश के ज्यादातर राजनेता खुद तो अज्ञानी हैं। मूढ़ हैं ,पर ज्ञानवान होने का ढोंग करते हुए शिक्षा जगत में नवाचार लाने के लिए आए दिन अजीबोगरीब प्रयोग करवाते हैं। वे भूल जा रहें हैं कि शिक्षक की पहली जिम्मेदारी राष्ट्रनिर्माण की है। इस पुनीत कार्य को साकार करने के लिए देश के भविष्य नौनिहालों को बेहतर शिक्षा संस्कार देकर उनकी नीवं को मजबूत बनाना है। प्राय: देखने में आ रहा है कि आजकल शिक्षकों को उनके मूल काम को छोड़कर वर्ष भर दीगर कार्यों में लगाया जा रहा है। ऐसे में चाहे कितने भी आत्मानंद विवेकानंद स्कूल खोल लें,उन्नत स्कूल बिल्डिंग, पाठ्यक्रम, प्रयोग शाला हों जाएं । उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा नहीं की जा सकती। आज स्कूलों में बी एड,डी एड पीएचडी जैसे उच्च शिक्षित शिक्षकों की भरमार है ,जबकि पहले जमाने के अधिकांस शिक्षक मेट्रिक या ग्रेजुएट ही होते थे,फिर भी पढ़ाई का स्तर आज की तुलना में सौ फीसदी बेहतर था। सरकारी स्कूलों की संख्या भी कम ही थी। अभी तो सरकारी के साथ ही निजी स्कूलों की भी बाढ़ आई हुई है। इसके बावजूद ज्यादातर विद्यार्थियों का ज्ञान अधकचरा हो चला है।भाषा ज्ञान,लेखन, वाचन का स्तर बद से बदतर होता जा रहा है। महाविद्यालयीन शिक्षा की भी यही दुर्दशा है। बाजार में भाझी भाटा बेचने वालों की तरह यूनिवर्सिटी खुल गए हैं। डिग्री बांटने की सेल लगी हुई है। गनीमत अभी एक के साथ एक फ्री की नौबत नहीं आई है। यह सब शिक्षा को तप तपस्या यज्ञ के बजाय व्यवसाय बनाने का ही खेल है।नासमझ तथाकथित शिक्षाविदों की विवेकहीनता हरेक दृष्टि से देश के लिए घातक है। यह देश का दुर्भाग्य है कि नीति-निर्धारक,नैतिकता की बात करने वाले ही नैतिकता को भूंजकर खाए बैठे हैं। बच्चा वही करता है जो अपने से बड़ो को करते देखता है। अत: शिक्षा के महत्व को समझते हुए जिम्मेदार नीति-निर्धारक दमखम से आगे आएं। बढ़ते भ्रष्टाचार को रोककर नवाचार को बढ़ावा दें। जर्जर होते स्कूल भवनों में बच्चों के जर्जर होते भविष्य को सुधारने स्वआचरण में सदाचरण को सुदृढ़ता से प्रदर्शित करें। ऐसे दौर में पहले जमाने के माता-पिता की तरह अभिभावकगण भी अपने बच्चों के साथ पढ़ाई- लिखाई और उनकी दिनचर्या में अपनी संलग्नता बढ़ाएं। केवल ऊंची फीस, ट्यूशन, कोचिंग देने मात्र से बच्चा आगे नहीं बढ़ जाता। फटी बनियान-चड्डी-पेंट -कमीज में स्कूल आने वाले बच्चे मेरिट में आते हैं। ऐसा क्यों? इस सवाल का मंथन करते हुए साधन उपलब्ध कराने के साथ ही बच्चों को साधना का गुर सिखाएं और साधक बनाएं।

# पेपर लीक : सिर्फ परीक्षा की नहीं, सपनों और मेहनत की चोरी

हर वर्ष लाखों छात्र-छात्राएं नीट, एसएससी, यूपीएससी, बीपीएससी, पुलिस भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में दिन-रात मेहनत करते हैं। कोई अपनी नींद त्याग देता है, कोई त्योहारों की खुशियां छोड़ देता है तो कोई घर-परिवार से दूर रहकर केवल एक नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना संजोता है। हालांकि, जब परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर सामने आती है तो सबसे गहरी चोट उस छात्र को लगती है जिसने ईमानदारी और समर्पण के साथ तैयारी की होती है। एक छात्र के लिए प्रतियोगी परीक्षा केवल एक टेस्ट नहीं होती बल्कि वर्षों की मेहनत, उम्मीदों और संघर्ष का परिणाम होती है। जब पेपर लीक होता है तो ऐसा महसूस होता है मानो किसी ने उसके सपनों को बीच रास्ते में ही कुचल दिया हो। परीक्षा रद्द हो जाती है, नई तिथि घोषित होती है और फिर वही लंबा इंतजार शुरू हो जाता है। इस दौरान छात्रों का मानसिक तनाव बढ़ता है और उनका आत्मविश्वास और मनोबल भी कमजोर पड़ने लगता है।

**पेपर लीक की घटनाएं पूरे परिवार का नुकसान करती हैं :** ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनेक छात्र सीमित संसाधनों में अपनी तैयारी पूरी करते हैं। उनके माता-पिता अपनी जमा-पूंजी खर्च कर कोचिंग, किताबों और रहने-खाने की व्यवस्था करते हैं। ऐसे में पेपर लीक की घटनाएं केवल छात्रों का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार का नुकसान करती हैं। आर्थिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से यह एक गहरी चोट साबित होती है। एक परीक्षा देने के लिए विद्यार्थियों को न जाने कितने संघर्षों से गुजरना पड़ता है। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने का सफर आज इतना कठिन हो गया है कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती। जिस शहर में परीक्षा आयोजित होती है, वहां साधारण और किफायती आवास भी आसानी से




उपलब्ध नहीं हो पाता। स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी अपने बैग और अन्य सामान को सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से जमा तक नहीं कर पाते।

**छात्राओं के लिए स्थिति ज्यादा चुनौतीपूर्ण:** इन परिस्थितियों में छात्र और छात्राएं दोनों ही अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं लेकिन छात्राओं के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लंबी यात्राएं, अपरिचित शहर, ठहरने की समस्या और सामान की सुरक्षा जैसी चिंताएं उनकी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ मानसिक दबाव को भी बढ़ा देती हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब एक परीक्षा देने के लिए ही विद्यार्थियों को इतने संघर्ष करने पड़ रहे हैं तो उनकी मेहनत और सपनों की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? सबसे चिंताजनक बात यह है कि हर बार पेपर लीक होने के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, जांच बैठती है, विरोध-प्रदर्शन होते हैं और फिर मामला धीरे-धीरे शांत हो जाता है। लेकिन, जिन छात्रों का समय और मेहनत बर्बाद हुई होती है, उनके जीवन पर इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। कोई आयु सीमा पार कर जाता है, कोई रोजगार के अवसर से वंचित रह जाता है और कोई बार-बार की अनिश्चितता से मानसिक रूप से टूट जाता है।

# हर तीसरा बच्चा विकास से पीछे, कुपोषण का कुचक्र तोड़ने की सबसे बड़ी चुनौती

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-छह के आंकड़े देश में बाल-पोषण की जो तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, वह एक साथ कुछ उत्साह और अधिक चिंता का विषय है। यह सर्वेक्षण देश के सैकड़ों जिलों में लाखों परिवारों के बीच कराया गया। इसके निष्कर्ष बताते हैं कि जिन मोर्चों पर सरकारी योजनाओं ने प्रगति दिखाई है, उन्हीं के समांतर पोषण-सूचकांकों की एक परेशान करने वाली तस्वीर भी सामने है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अवरुद्ध विकास अर्थात कद छोटा रहने की दर में पिछले सर्वेक्षण की तुलना में कुछ गिरावट अवश्य आई है, लेकिन इसका सीधा अर्थ यह है कि देश का हर तीसरा बच्चा अपनी उम्र के अनुसार समुचित ऊंचाई नहीं पा सका है। तीव्र कुपोषण अर्थात कद के अनुपात में कम वजन की स्थिति और भी विकट है। राष्ट्रीय स्तर पर पांच में से एक बच्चा इस अवस्था से पीड़ित है और कुछ राज्यों में तो यह हर चौथे बच्चे तक पहुंच गया है। कम वजन वाले बच्चों की संख्या में भी वास्तविक सुधार नहीं हुआ है। राष्ट्रीय औसत लगभग वहीं ठहरा हुआ है, जहां पिछले सर्वेक्षण में था। तीव्र कुपोषण की यह अवस्था बच्चे की तात्कालिक दुर्दशा का संकेत है, यानी वह इस समय भूखा है, बीमार है और उसके शरीर की मांग के



अनुसार उसे भोजन नहीं मिल रहा। एक पहलू जो विशेष रूप से सोचने को विवश करता है, वह है एनीमिया से संबंधित आंकड़ों की अनुपस्थिति। पिछले सर्वेक्षण ने जब बताया था कि पांच वर्ष से कम आयु के दो-तिहाई से अधिक बच्चे और आधी से अधिक महिलाएं रक्ताल्पता की शिकार हैं, तो वे आंकड़े न केवल चौंकाने वाले थे, बल्कि 'एनीमिया मुक्त भारत अभियान' जैसी महत्त्वाकांक्षी सरकारी योजना की जमीनी विफलता को भी उजागर करते थे। सर्वेक्षण में इन संकेतकों को सूची से ही बाहर कर दिया गया है। किसी भी लोकतंत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य के आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। जब वे आंकड़े ही गायब हो जाएं, तो नीति किस आधार पर बनेगी और जनता किस आधार पर जवाब मांगेगी? यह प्रश्न अनुत्तरित नहीं रहना चाहिए। शिशु पोषण के क्षेत्र में स्तनपान और पूरक आहार की स्थिति भी गंभीर चिंता पैदा करती है। कुछ ही वर्षों में छह माह तक स्तनपान की दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। जो माताएं पहले अपने शिशुओं को पर्याप्त समय तक स्तनपान कराती थीं, उनकी संख्या तेजी से घट रही है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि छह से तेईस माह के केवल बारह फीसद बच्चों को ही न्यूनतम स्वीकार्य आहार मिल पा रहा है। पोषण-विज्ञान बार-बार यह रेखांकित करता है कि जन्म से दो वर्ष की आयु तक के एक हजार दिन बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास की दृष्टि से सर्वाधिक निर्णायक होते हैं। यदि इस अवधि में पोषण कम हो जाए, तो उसकी भरपाई उम्र भर नहीं होती। यह तथ्य इन आंकड़ों को और भी गहरा और कठोर बना देता है।

यह समझना आवश्यक है कि कुपोषण का यह संकट एक समान नहीं फैला है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, उच्च और निम्न आय वर्गों, सामान्य और अनुसूचित जाति तथा जनजातीय समुदायों के बीच पोषण की विषमता गहरी है। जो जिले पहले से ही विकास की दौड़ में पीछे हैं, वहां बच्चों और महिलाओं के शरीर में खून की कमी भी सबसे अधिक है। कुपोषण के सभी रूप विकट हैं। गरीबी, पिछड़ापन और कुपोषण एक-दूसरे को और गहरा करते हैं। सवाल यह है कि जब विकास के लाभ इन खाइयों को नहीं पाट पाते, तो राष्ट्रीय औसत किसकी कहानी बयान कर रहा है? कुपोषण को केवल स्वास्थ्य विभाग का विषय मानना उसकी गहराई और व्यापकता को नकारना होगा। एक कुपोषित बच्चे का मस्तिष्क उतना विकसित नहीं हो पाता। विश्व स्वास्थ्य संगठन मानता है कि कुपोषण से होने वाली उत्पादकता की हानि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ डालती है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर चल रहा है, लेकिन जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी कुपोषित आबादी बसती हो, वहां यह संकल्प किस आधार पर खड़ा होगा? यह प्रश्न केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय नैतिकता का भी है। महंगाई ने निर्धन परिवारों की थाली से दाल, हरी सब्जियां और दूध को और दूर कर दिया है। उधर, बाजार ने गांवों में पोषणरहित प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की पहुंच सुनिश्चित कर दी है, जिनमें शर्करा और वसा तो भरपूर होती है, लेकिन शरीर के लिए आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्त्व नहीं। सर्वेक्षण-छह स्वयं इस दोहरे बोझ की ओर इशारा करता है। एक तरफ अल्पपोषण और दूसरी तरफ बड़ी संख्या में वयस्कों में मोटापे और मधुमेह की बढ़ती दर। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन भी खाद्य विविधता पर अप्रत्यक्ष प्रहार कर रहा है। असमान वर्षा और बढ़ते तापमान से छोटे किसानों का उत्पादन प्रभावित होता है। किशोरियों और गर्भवती महिलाओं के पोषण की अनदेखी की समस्या बेहद गंभीर है। कुपोषित माता से जन्मा शिशु कम वजन का होता है और जन्म के पहले दिन से ही पोषण की कमी का बोझ उठाता है। पिछले सर्वेक्षण ने बताया था कि देश की अधिकांश किशोरियां और गर्भवती महिलाएं रक्ताल्पता से पीड़ित हैं। यह संख्या इतनी बड़ी है कि इसे अपवाद नहीं कहा जा सकता। जब तक किशोरावस्था से लेकर मातृत्व तक के पूरे जीवन-चक्र में पोषण सुनिश्चित नहीं होता, तब तक यह कुचक्र नहीं टूटेगा। इस परिदृश्य में सरकारी प्रयासों का तटस्थ मूल्यांकन भी आवश्यक है। पोषण अभियान और आंगनबाड़ी के अंतर्गत लाखों केंद्रों को संसाधन और प्रशिक्षण दिए गए हैं। प्रधानमंत्री पोषण योजना के माध्यम से स्कूलों में पका भोजन करोड़ों बच्चों तक पहुंच रहा है। सर्वेक्षण-छह यह भी बताता है कि प्रसव लगभग पूरी तरह संस्थागत हो चुके हैं और बच्चों का टीकाकरण भी संतोषजनक स्तर तक पहुंच गया है। ये उपलब्धियां वास्तविक हैं। मगर राशन की गुणवत्ता तथा विविधता अभी भी संतोषजनक नहीं है। केवल अनाज और दाल वितरित करने से पोषण नहीं मिलता। इसके लिए परिवार में यह जागरूकता भी होनी चाहिए कि क्या खाना है और क्या नहीं। इस संकट से पार पाने का रास्ता किसी एक विभाग या किसी एक योजना से नहीं निकलेगा। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और पेयजल-स्वच्छता, इन सभी क्षेत्रों के बीच वास्तविक और क्रियाशील समन्वय बेहद जरूरी है।

# सीएम साय की दूरदर्शी पहल-सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान से सुशासन का लाभ पहुंचेगा हर परिवार तक

## नियद नेल्लानार मॉडल का राज्यव्यापी विस्तार- 23 जिलों में 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का होगा संतृप्तिकरण



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसी उद्देश्य से राय शासन द्वारा सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश के 23 जिलों में 31 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण का व्यापक कार्यक्रम होगा, जिसके माध्यम से योजनाओं की पहुंच, प्रभावशीलता और पारदर्शिता को नई मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का आधार केवल अधोसंरचना का विकास नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार तक शासन की योजनाओं की प्रभावी और समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित करना है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनके सकारात्मक परिणाम प्रत्येक परिवार के जीवन में दिखाई दें।

उन्होंने कहा कि राय सरकार की प्राथमिकता ऐसी शासन व्यवस्था स्थापित करना है, जिसमें नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े, बल्कि शासन स्वयं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे और उन्हें योजनाओं से जोड़े। सुघ्घर छत्तीसगढ़ इसी सोच का विस्तार है।

**नियद नेल्लानार की सफलता से प्रेरित नई पहल**

वर्ष 2024 से बस्तर संभाग में संचालित नियद नेल्लानार योजना ने शासन और जनता के बीच विश्वास का नया सेतु निर्मित किया है।अभिसरण आधारित सेवा प्रदाय के माध्यम से इस योजना ने दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में शासन की उपस्थिति को मजबूत किया तथा पात्र हितग्राहियों तक योजना की सफलता को देखते हुए इसे नियद नेल्लानार 2.0 के रूप में 10 जिलों तक विस्तारित किया गया। अब इसी सफल मॉडल को प्रदेश के शेष 23 जिलों में लागू करते हुए सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग के 23 जिलों में संचालित होगा और ग्रामीण परिवारों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेगा। सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत रायपुर संभाग के रायपुर, बलौदाबाजार–भाटापारा, धमतरी एवं दुर्ग कबीरधाम (कवर्धा) एवं राजनांदगांव जिले तथा सरगुजा संभाग के सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर–रामानुजगंज, जशपुर एवं मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले शामिल हैं।

# राज्यपाल डेका से सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ की स्टैंडिंग काउंसिल सुश्री जैन ने की भेंट

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ शासन की स्टैंडिंग काउंसिल के रूप में कार्यरत युवा अधिवक्ता सुसुगंधा जैन ने सौजन्य भेंट की।

सुसुगंधा जैन एनसीईआरटी अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान में बाहरी पॉश प्रशिक्षक के रूप में भी कार्यरत है तथा वे वर्ष 2025 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भारत की ओर से जज की भूमिका निभाने वाली पहली भारतीय बनी थी। राज्यपाल ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। भेंट के दौरान उनकी माता श्रीमती इंदिरा जैन भी उपस्थित थी।

# नियमित एवं कड़ाई से मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने व समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



## लोक निर्माण विभाग के सचिव ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज जशपुर जिले में विभाग द्वारा निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से काम पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बंसल ने जशपुर में रौनीघाट से बगीचा मार्ग, बगीचा से चराईडांड मार्ग तथा मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्तावित पहुंच मार्ग का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने पर जोर देते हुए फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

लोक निर्माण विभाग के सचिव ने जशपुर से पत्थलगांव राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और त्वरित गति से निर्माण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क एवं अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विभागीय सचिव ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जशपुर और पत्थलगांव में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित सड़कों, पुलों तथा भवनों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण की गुणवत्ता बनाए रखने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का लाभ लोगों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। कार्यों के निरीक्षण और बैठक के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता व्ही.के. भतपहरी, मुख्य अभियंता सर्व बी.एस. बघेल, ज्ञानेश्वर कश्यप और जी.एस. मंडावी सहित जिले के कार्यपालन अभियंता तथा अनुविभागीय अधिकारी भी मौजूद

# भाजपा सरकार के संरक्षण में खाद, रेत, शराब पर ओवर रेटिंग कर काली कमाई का खेल खेला जा रहा

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



भाजपा सरकार के सरंक्षण में ओवर रेटिंग कर काली कमाई का खेल खेलने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार को चंदा कमीशन दो और कालाबाजारी ओवर रेटिंग कर जनता को लूटो की नीति चल रही है। किसानों को सहकारी सोसायटियों में यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिल रहा है, लेकिन खाद माफिया ओवर रेटिंग कर खुले बाजार में खाद को बेरोक–टोक बेचकर मुनाफाखोरी कर रहा है। सरकारी शराब दुकानों में शराब की तय कीमतों से प्रति बोतल 80 रु. से 90 रु. तक की ओवर रेटिंग वसूली हो रही है। नकली और मिलावटी शराब बेची जा रही है। इसमें आबकारी विभाग की बड़ी भूमिका है। रेत माफिया सिंडिकेट बनाकर अवैध खनन कर ही रहे है, जनता को ओवर रेट पर रेत बेचा जा रहा है। बिजली विभाग उपभोक्ता को स्पॉट बिलिंग में बिल कुछ और दे रहे है। भुगतान के समय राशि कुछ और ले रहे है। कमर्शियल सिलेंडर, घरेलू सिलेंडर भी ओवर रेट में बेचे जा रहे है। किसानों को पम्प में डीजल मिल नहीं रहा है लेकिन ओवर रेट पर मिल रहा है। भाजपा ने प्रदेश को काली कमाई का अड्डा बना दिया है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार की काली कमाई की नीति से हर वर्ग परेशान है। रेत माफिया, जमाखोरी, कालाबाजारी करने वालो को खुली छूट दे दी गई है। प्रदेश से काली कमाई कर दिल्ली में बैठे भाजपा के बड़े नेताओं तक पहुँचाकर कुर्सी बचाने की खेल खेला जा रहा है। जनता को लूटा जा रहा है, लुटेरों को संरक्षण दिया जा रहा है। सिर्फ वसूली चल रही है। माफियों का हौसला इतना बुलंद है कि कालाबाजारी के खिलाफ आवाज उठाने वालों को डराया, धमकाया जा रहा है। उन पर प्राण घातक हमला हो रहा है। इस ओवर रेटिंग वाली सरकार को जनता अब बदलना चाहती है।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

## बारिश में परीक्षार्थियों को न हो असुविधा, शेड व मूलभूत सुविधाओं के दिए निर्देश
### पीएम श्री आत्मानंद, केंद्रीय विद्यालय एवं एनआईटी केंद्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने नीट परीक्षा के दो दिन पूर्व आज शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि बारिश की स्थिति में किसी भी परीक्षार्थी को असुविधा न हो। केंद्र में पर्याप्त शेड की व्यवस्था करें ताकि फिस्किंग करने एवं अन्य व्यवस्थाओं में असुविधा न हो। साथ ही फिस्किंग स्थल पर भी शेड एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कलेक्टर डॉ सिंह ने पीएम आत्मानंद आर.डी. तिवारी विद्यालय आमापारा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 डी.डी.यू नगर तथा एनआईटी स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

डॉ. सिंह ने स्वयं कक्षाओं के भीतर पहुंचकर बैठने की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर डीसीपी मयंक गुर्जर, एसडीएम नंदकुमार चौबे, एडीसीपी राहुल देव शर्मा, डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहकारिता को मजबूती देने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप का लगातार दौरा



रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

जगदलपुर। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप अपने प्रवास के दौरान जिला सहकारी बैंक शाखा बीजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने बैंक की विभिन्न गतिविधियों एवं संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने शाखा में किसानों, स्व–सहायता समूहों एवं



आम नागरिकों को दी जा रही बैंकिंग सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि सहकारिता के माध्यम से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए और बैंकिंग सेवाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुलभ बनाया जाए।

इस अवसर पर शाखा नोडल अधिकारी, शाखा प्रबंधक, शाखा अधीनस्थ समस्त समिति प्रबंधक एवं शाखा समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फर्नीचर निर्माताओं एवं ट्रेडर्स के लिए एक उद्योग संगोष्ठी का आयोजन




रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), रायपुर शाखा कार्यालय द्वारा दिनांक 19 जून 2026 को

कैट कार्यालय, रायपुर में फर्नीचर के निर्माताओं एवं ट्रेडर्स के लिए एक उद्योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य फर्नीचर क्षेत्र से जुड़े उद्योगों एवं व्यापारियों को भारतीय मानकों, गुणवत्ता आवश्यकताओं तथा मानकीकरण के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुरारी साई पैंकरा, मुख्य महाप्रबंधक, वाणिज्य एवं उद्योग

विभाग, छत्तीसगढ़; साजिद हुसैन सिद्दीकी, महाप्रबंधक; पवन जायसवाल, मुख्य प्रबंधक, नेशनल स्मॉल इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन लिमिटेड (), रायपुर; लोकेश परघनिया, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई, रायपुर; मनोज कोठारी, अध्यक्ष, रायपुर फर्नीचर एसोसिएशन तथा विजय पटेल, अध्यक्ष, रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन उपस्थित रहे। श्रीमती अनुरीता जोजो, निदेशक एवं प्रमुख, भारतीय मानक

ब्यूरो, रायपुर शाखा कार्यालय ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए


कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। फालेन्द्र कुमार, वैज्ञानिक–डी ने भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों, लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा उद्योगों में भारतीय मानकों के उपयोग पर विस्तृत प्रस्तुति दी। आशीष अग्रवाल, वैज्ञानिक–सी ने फर्नीचर से संबंधित भारतीय मानकों, उत्पाद गुणवत्ता, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा तथा मानकीकरण से होने वाले लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुरूप उत्पादों के निर्माण एवं विपणन में भारतीय मानक ब्यूरो की भूमिका पर

भी प्रकाश डाला। साथ ही, मानक ऑनलाइन पोर्टल तथा बीआईएस केयर ऐप के माध्यम से मानकों की खोज की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया एवं प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का

समाधान किया। संगोष्ठी में फर्नीचर उद्योग से जुड़े निर्माताओं एवं व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भारतीय मानकों के अनुपालन एवं गुणवत्ता संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# दियागांव जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर लाइनिंग के लिए 4 करोड़ स्वीकृत

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया है। शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले के विकासखंड दुर्गकोंदल के अंतर्गत दियागांव जलाशय के जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ 96 लाख 58 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के पूर्ण होते ही क्षेत्र के कुल 178 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा मिलने लगेगी, जिससे स्थानीय किसानों की फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी होगी। दियागांव जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर लाइनिंग के इस महत्वाकांक्षी कार्यों के पूरे होने से क्षेत्र के कृषि परिदृश्य में बड़ा बदलाव आएगा। जलाशय के जीर्णोद्धार और नहरों के सुधारीकरण (लाइनिंग) से पानी की बर्बादी रुकेगी और अंतिम छोर के खेतों तक पानी पहुंच सकेगा।

**जगदलपुर मुख्य अभियंता को जिम्मेदारी**

योजना के क्रियान्वयन को गति देने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग, जगदलपुर को इस कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। विभाग ने तय समय–सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ इस निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन बनी सहारा, शिकायत पर घर पहुंचा राशन कार्ड

रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रदेश में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। शिकायतों के समयबद्ध निराकरण से लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। इसी क्रम में जिले की निवासी सुनीता देवी को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से राशन कार्ड प्राप्त होने पर बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पिपरपान निवासी सुनीता देवी लंबे समय से राशन कार्ड बनवाने का प्रयास कर रही थीं, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। राशन कार्ड नहीं बनने के कारण उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के



तहत मिलने वाले खाद्यान्न का लाभ भी नहीं मिल रहा था। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक जांच और प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद सुनीता देवी का राशन कार्ड तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराया गया। राशन कार्ड मिलने से अब उनके परिवार को नियमित रूप से खाद्यान्न प्राप्त हो सकेगा और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा।श्रीमती सुनीता देवी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की सराहना करते हुए कहा कि यह आम लोगों की समस्याओं के समाधान का एक भरोसेमंद माध्यम बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होने से उन्हें शासन की महत्वपूर्ण योजना का लाभ प्राप्त करने में सहायता मिली।

प्रदेश में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है, जिससे सुशासन और जनसेवा की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिल रही है।

# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने किया एमआरएफ एवं एमआरसी सेंटर का निरीक्षण

**जगदलपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने गुरुवार को जगदलपुर विकासखंड के ग्राम बाबू सेमरा स्थित एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) एवं एमआरसी (मटेरियल रिकवरी सेंटर) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा उससे तैयार किए जा रहे सह–उत्पादों की गतिविधियों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।



कचरा प्रबंधन व्यवस्था का लिया जायजा, महिला समूहों से की चर्चा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सेंटर में संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सेंटर को संचालित करने वाले अधिकारियों से कचरा प्रबंधन के लिए प्लास्टिक, कार्ड बोर्ड, काँच के सामानों की आपूर्ति और व्यवस्थित करने के साथ ही एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) एवं एमआरसी (मटेरियल रिकवरी सेंटर) की मशीनों का संचालन की गतिविधि के संबंध चर्चा किए। साथ ही सेंटर की मानव संसाधन, उत्पादों की बिक्री–व्यवसाय, आर्थिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली । कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने केंद्र में कार्यरत महिला स्व सहायता समूहों की सदस्यों से भी चर्चा की। उन्होंने सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो रहे आर्थिक लाभ, रोजगार के अवसरों तथा आजीविका संवर्धन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। महिला समूहों की सदस्यों ने बताया कि कचरा प्रबंधन एवं प्लास्टिक अपशिष्ट से तैयार उत्पादों के निर्माण से उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने समूहों को नवाचार आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देने और आय संवर्धन के नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के दिलीप गोस्वामी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत दरभा में नरेगा और पीएम आवास योजना की सामाजिक अंकेक्षण संबधी हुई बैठक

**जगदलपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

वकास और प्रशासनिक पारदर्शिता को गति देने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत दरभा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तोकापाल, श्री शंकर लाल सिन्हा की अध्यक्षता में सामाजिक अंकेक्षण संबधी बैठक में जनपद पंचायत दरभा के अंतर्गत आने वाली समस्त 46 ग्राम पंचायतों में संचालित महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य रूप से उन आपत्तियों और महत्वपूर्ण सुझावों पर बिंदुवार चर्चा की गई जो पूर्व में आयोजित ग्राम सभाओं के माध्यम से प्राप्त हुए थे। इन सभी तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं का उपस्थित विभागीय अधिकारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आपसी समन्वय से मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया, ताकि योजनाओं के

**पारदर्शिता और जवाबदेही पर रहा जोर**

क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता को और मजबूत किया जा सके। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दरभा श्री बीरेंद्र बहादुर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक (आवास) और तकनीकी सहायकों सहित सभी 46 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी श्री शंकर लाल सिन्हा ने सामाजिक अंकेक्षण से निकले निष्कर्षों के आधार पर कड़ी और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाए और सभी विभाग आपसी तालमेल बनाकर हितग्राहियों को समय पर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दोनों महत्वाकांक्षी योजनाओं के सफल संचालन तथा ग्रामीणों को समयबद्ध तरीके से उनका हक पहुंचाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करने का साझा संकल्प लिया।

# आयुष्मान भारत और एबीडीएम योजनाओं की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान शाखा के अंतर्गत आज महारानी अस्पताल के शहीद गुंडाधुर सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के समस्त आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के संस्था प्रमुख और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन और तकनीकी बारीकियों से सभी को अवगत कराना था। बैठक में मुख्य रूप से जनकल्याणकारी और तकनीकी विषयों पर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए, जिसके तहत सड़क दुर्घटना के मरीजों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित और सुचारू इलाज उपलब्ध कराने के संबंध में पीएम राहत योजना के तहत आवश्यक निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही, डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नेक्स्ट जेन, आभा आईडी निर्माण, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री और हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इस कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने, क्लेम और कार्ड ब्लॉकिंग की प्रक्रिया तथा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी उपस्थित प्रभारियों को गहन तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

# तीन दिवसीय पंजीयन शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जगदलपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय पंजीयन शिविरों के तहत बस्तर विकासखंड के सद्भावना भवन में संचालित शिविर का कलेक्टर आकाश छिकारा ने निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों को प्रदान की जा रही सेवाओं और योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र हितग्राही का अवश्य पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की कमी न रहे। कलेक्टर छिकारा ने विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव कराने वाली सभी पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का शत–प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के लाभ से कोई भी पात्र महिला वंचित न रहे, इसके लिए पंजीयन, सत्यापन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने शिविर में किसान पंजीयन और एग्री स्टेक पंजीयन प्रकिया का स्वयं आंकलन किया। किसानों के पंजीयन संबंधी समस्याओं को राजस्व अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य विभागों के स्टॉल पर जाकर उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और ऐसे शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



पंजीयन शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने शिविर का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। सीईओ जैन ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों, महिलाओं एवं अन्य हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष पंजीयन शिविर का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना तथा उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम बस्तर गगन शर्मा, तहसीलदार जॉली जेम्स, नायब तहसीलदार, नगर पंचायत सीएमओ तरुण लहरे अन्य विभागों के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। तीन दिवसीय पंजीयन शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत पंजीयन, आवेदन एवं हितग्राही उन्मुख सेवाएं प्रदान की जा रही हैं

# कलेक्टर ने लिया नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा



**जगदलपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

कलेक्टर आकाश छिकारा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा लिया। कलेक्टर ने धरमपुरा क्षेत्र में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में व्यवस्थाओं का अवलोकन कर हितग्राहियों से उनके स्वास्थ्य में हो रही सुधार, उनके दैनिक गतिविधियों के संबंध चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम जगदलपुर ऋषिकेश तिवारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुचिता लकड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदाय करने 24 एवं 25 जून को लगेगा शिविर

**धमतरी, (प्रतिदिन राजधानी)**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत भारत सरकारी राष्ट्रीय वयोयोजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए छड़ी, वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन, चश्मा, छड़ी सीट, व्हील चेयर कमोड सहित, सिलिकॉन फोम तकिया, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट, सरवाईकल कॉलर, किट इत्यादि उपकरण तथा दिव्यांगजनों को एडिप योजना के तहत कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण अंतर्गत ट्रायसाइकिल, व्हीलचेयर, मोटराईज्ड ट्रायसाइकिल, बैशाखी, वॉकर, श्रवण यंत्र, एमआर कीट, दृष्टि बाधितों से संबंधित उपकरण प्रदाय करने के लिए 24 एवं 25 जून को पंजीयन/चिन्हांकन शिविर जिला प्रशासन एवं आसरा सेंटर (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण, एल्मिको अधिकृत सेल्स एवं रिपेयर एजेंसी) धमतरी द्वारा आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आयुक्त, नगरनिगम धमतरी सहित सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मापन/सहायक उपकरण वितरण शिविर में अपने क्षेत्र अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक दस्तावेज (मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति) के साथ उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 24 जून को जनपद पंचायत नगरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनपद पंचायत नगरी, जनपद पंचायत मगरलोड, नगर पंचायत नगरी और नगर पंचायत मगरलोड के हितग्राही शामिल हो सकते हैं।

# प्राक्कयन परीक्षा के परिणाम घोषित

**धमतरी, (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत शिक्षा सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा के बाद मॉडल उत्तर का प्रकाशन किया जाकर प्राप्त दावा–आपत्ति के निराकरण उपरांत परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल विद्यार्थी परीक्षा परिणाम का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर अपना रोल नंबर एवं मोबाईल नंबर प्रविष्ट कर देख सकते हैं।

# म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग, (प्रतिदिन राजधानी)**

साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराकर अवैध धन अर्जित करने वाले आरोपियों को उतई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के बैंक खातों में लाखों रुपए के संदिग्ध एवं अनाधिकृत ट्रांजैक्शन पाए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणि शंकर चंद्रा ने बताया कि भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल एवं पुलिस मुख्यालय से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना उतई क्षेत्र अंतर्गत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खातों का परीक्षण



किया गया। परीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न प्रकरण में प्रयुक्त रकम कुछ संदिग्ध खातों में प्राप्त हुई थी। जांच में पाया गया कि वर्ष 2024 से 2026 के मध्य इन खातों के माध्यम से साइबर ठगी से प्राप्त राशि को अन्य खातों में स्थानांतरित एवं आहरित किया गया है। इससे अवैध आर्थिक लाभ अर्जित भी किया गया। जांच में 30 संदिग्ध खाता धारकों के विरुद्ध धारा 318 (2), 318 (3), 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया था। विवेचना के दौरान बैंक से प्राप्त केवाईसी खाता, वितरण ट्रांजैक्शन, स्टेटमेंट का परीक्षण किया गया जिसमें आरोपियों के खाते में लाखों रुपए अनाधिकृत लेनदेन पाए गए। पूछताछ में आरोपियों भूपेंद्र हिरवानी निवासी मोतीलाल चौक सुपेला, नवलेश्वर पाटले वार्ड नगर, मुकेश सिंह सेक्टर 7 भिलाई ने अपने बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड एवं मोबाइल सिम अन्य व्यक्तियों को साइबर ठगी से संबंध अवैध आर्थिक लेनदेन के लिए उपलब्ध कराना स्वीकार किया गया।

# नीट परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए जिला दण्डाधिकारी के प्रतिबंधात्मक आदेश

**दुर्ग, (प्रतिदिन राजधानी)**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में निर्धारित नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) परीक्षा 2026 के सभी परीक्षा केन्द्रों के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किए हैं।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा पारित आदेशानुसार परीक्षा दिवस 21 जून को संबंधित परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में सभी प्रकार के कोचिंग संस्थानों, शैक्षणिक मार्गदर्शन केन्द्रों, बुक स्टॉल संचालकों, पुस्तक विक्रेताओं अथवा अन्य व्यक्तियों द्वारा किसी भी प्रकार के प्रचार–प्रसार, पर्चा, पंपलेट, वितरण, ज्ञापन वितरण, अस्थायी स्टॉल टेंट, टेबल, कुर्सी, शिविर का संचालन अथवा अनावश्यक भीड़ एकत्र करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर की परिधि में दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर, डी.जे. धुमाल, ध्वनि विस्तारक यंत्र, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पुलिस/ प्रशासन को छोड़कर) अथवा अन्य तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों का उपयोग जिससे परीक्षा संचालन में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना है, प्रतिबंधित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–यूजी) 2026 का आयोजन जिले के विभिन्न 19 परीक्षा केन्द्रों में किया जाना है।

परीक्षा दिवस 21 जून को यह आदेश संबंधित परीक्षा केन्द्रों के लिए एवं उपरोक्तानुसार निर्धारित क्षेत्र में प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

# विद्युत कार्यालय के सामने स्मार्ट मीटर तोड़ा

**दुर्ग, (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे बिजली बिलों, उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे भारी भरकम बिजली बिलों तथा स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं दुर्ग (शहर) के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए विद्युत कार्यालय का घेराव किया।

राजीव भवन दुर्ग से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में निकले। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली पटेल




चौक पहुंची, जहां से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर अपने साथ स्मार्ट मीटर लेकर पहुंचे और बिजली कार्यालय के सामने उसे प्रतीकात्मक रूप से पटक–पटककर तोड़ते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था का विरोध दर्ज कराया। इसके बाद उन्होंने बिजली विभाग को चिमनी भेंट करते हुए अनोखा प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों ने प्रदेश की जनता को फिर अंधेरे की ओर धकेलने का काम किया है। यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन जनता पर थोपी जा रही महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के जनआक्रोश का प्रतीक है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विद्युत कार्यालय के घेराव में लालटेन सौंप कर चर्चा में आए थे। अब एक बार फिर विद्युत विभाग को चिमनी सौंप अनोखा प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आक्रोश और बढ़ गया और पटेल चौक, दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ हल्की झूमा झटकी भी देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि जनता बढ़ते बिजली बिलों, स्मार्ट मीटर की मनमानी और बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं से त्रस्त है, लेकिन सरकार जनता को राहत देने के बजाय उस पर आर्थिक बोझ डालने में लगी हुई है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं पर रोक नहीं लगाई गई ।

# जिले में बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित

**राजनांदगांव, (प्रतिदिन राजधानी)**

जिले में आगामी मानसून सीजन के दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन सहित आम जनता की सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तर और तहसील कार्यालयों के अंतर्गत बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। साथ ही उक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष हेतु नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिसके तहत कलेक्टोरेट जगदलपुर में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष हेतु डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना मोबाइल नंबर 94792–63268 को नोडल अधिकारी और अधीक्षक भू–अभिलेख श्री मोहनलाल भारद्वाज मोबाइल नंबर 82340–85961 को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

इसी तरह जिले के अंतर्गत सभी तहसील स्तर में भी बाढ़ आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके तहत तोकापाल तहसील में नायब तहसीलदार श्री गजेन्द्र सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनसे दूरभाष नंबर 07782–299800 पर संपर्क किया जा सकता है। बकावण्ड तहसील में नायब तहसीलदार श्री सुनील कुमार ध्रुव (मो. नं. 89821–85621) और लोहण्डीगुड़ा तहसील में नायब तहसीलदार सुश्री खुशबू नेताम (मो. नं. 83050–17218) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं जगदलपुर तहसील कार्यालय के अंतर्गत तहसीलदार श्री राहुल कुमार गुप्ता (मो. नं. 62635–50976) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनकी सहायता के लिए नायब तहसीलदार श्री डोमनलाल सहारे (मो. नं. 62618–23395) और श्री लखीराम पाण्डे (मो. नं. 75873–36665) को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है।

# भारत-अफगानिस्तान के बीच तीसरा वनडे मैच आज होगा

## हर्षित राणा की भारतीय टीम में वापसी, अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे खेल सकते हैं

**मुंबई।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए टीम इंडिया में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को बताया कि राणा ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिटेशन पूरा कर लिया है। वे चेन्नई में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में आज सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा। हर्षित यह मैच खेल सकते हैं। फिलहाल, भारतीय टीम 3 मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 7 विकेट से और दूसरे में 170 रन से जीत हासिल की थी।



### राणा ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया

राणा पिछले कुछ समय से बीसीसीआई के डॉक्टरों और फिजियोथेरेपिस्ट की निगरानी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस पर काम कर रहे थे। उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद टीम में शामिल किया। हर्षित के टीम से जुड़ने से भारत के पेस अटैक को मजबूती मिलेगी। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज इस सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। अब तक तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के पास है। अब कप्तान शुभमन गिल के पास चेन्नई की परिस्थितियों के अनुसार तीन पेसर्स का विकल्प होगा।

### टी-20 वर्ल्डकप से पहले चोटिल हुए थे राणा

हर्षित राणा टी-20 वर्ल्ड कप से पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में चोटिल हो गए थे। चोट गंभीर होने के कारण उनकी सर्जरी करानी पड़ी। इसी वजह से वह टी-20 वर्ल्ड कप और आईपीएल नहीं खेल सके।

### तीसरे वनडे के लिए भारतीय टीम

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बरार, हर्ष दुबे और हर्षित राणा।

# मैक्सिको फुटबॉल वर्ल्डकप के नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम, लुइस रोमो ने इकलौता गोल किया, रेंगल ने 2 गोल रोक

**नई दिल्ली।** को-होस्ट मैक्सिको फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट राउंड में पहुंच गई है। वह टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली इस एडिशन की पहली टीम बन गई। उसने शुक्रवार के आखिरी मुकाबले में साउथ कोरिया को 1-0 से हराया। ग्वाडलाहारा स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-ए मैच का इकलौता गोल 50वें मिनट में लुइस रोमो ने दागा।अब मैक्सिको अपने आखिरी ग्रुप मैच में चेक गणराज्य से भिड़ेगा, जबकि साउथ कोरिया का सामना साउथ अफ्रीका से होगा।




**मैच में खास :** मैक्सिको ने पहली बार फुटबॉल वर्ल्ड कप में लगातार तीन मैच जीते हैं। उसे इस एडिशन में लगातार दूसरी जीत मिली है। मैक्सिको ने 8 साल बाद वर्ल्डकप के नॉकआउट में प्रवेश किया है। टीम पिछली बार 2018 में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई थी। मैक्सिको 2022 के वर्ल्ड कप में लीग स्टेज से बाहर हो गई थी। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल रहा है। टीम 1986, 1970 में टॉप-8 तक पहुंची थी।

**पहला हाफ गोलरहित रहा :** मुकाबले का पहला हाफ गोलरहित रहा। दोनों टीमों ने डिफेंसिव शुरुआत की और गोल के मौके कम बने। फैंस ने फीके खेल पर नाराजगी भी जताई।

**रोमो ने मैक्सिको को बढ़त दिलाई :** दूसरे हाफ की शुरुआत में मैक्सिको ने 1-0 की बढ़त बना ली। यहां लुइस रोमो ने साउथ कोरिया के गोलकीपर किम स्युंग-ग्यू और डिफेंडर ली गिह्युक की गलती का फायदा उठाकर आसान गोल दागा।

**रेंगल ने आखिरी क्षणों में 2 गोल रोके :** साउथ कोरिया ने अंतिम मिनटों में गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन मैक्सिकन गोलकीपर राउल रेंगल ने आखिरी समय पर दो शानदार बचाव कर टीम की जीत तय कर दी।

# मेडिकल टीम से मिलने के बाद ही ले पाएंगे पुलिसिक की उपलब्धता पर फैसला : कोच मौरिसियो पोचेटिनो

**वॉशिंगटन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले अमेरिका के लिए स्टार खिलाड़ी क्रिश्चियन पुलिसिक की फिटनेस चिंता का विषय बनी हुई है। अमेरिका के मुख्य कोच मौरिसियो पोचेटिनो ने माना है कि पुलिसिक की उपलब्धता अभी कन्फर्म नहीं है और उनकी स्थिति पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है। कोच मौरिसियो ने कहा कि पुलिसिक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिलेक्शन के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, इस पर आखिरी फैसला मेडिकल टीम से मिलने के बाद लिया जाएगा। पुलिसिक ने पैराग्वे के खिलाफ ग्रुप स्टेज के पहले मैच में हिस्सा लिया था, जिसमें अमेरिका ने 4-1 से शानदार जीत दर्ज की थी। हालांकि, वह हाफ टाइम के बाद मैदान से बाहर चले गए थे और उनकी जगह मिडफील्डर सेबेस्टियन बरहाल्टर को उतारा गया था। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में पोचेटिनो ने कहा कि वह अपने मेडिकल स्टाफ से मिलेंगे और शाम को बाद में कोई न कोई फैसला लेंगे। पोचेटिनो ने पत्रकारों से कहा, 'शुक्रवार की रात हमारी मेडिकल स्टाफ के साथ मीटिंग है। हम पूरे ग्रुप को देखेंगे। क्रिश्चियन मजबूत है, उनकी सोच बहुत अच्छी है। वह बेहतर हो रहे हैं और उनकी स्थिति पहले से काफी अच्छी है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेलते हैं, तो वह अगले मैच के लिए जरूर उपलब्ध हो जाएंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिसिक गुरुवार को भी टीम के नियमित ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए। वह अपनी बाईं पिंडली पर सुरक्षात्मक स्लीव पहनकर



ट्रेनिंग ग्राउंड पहुंचे थे। उन्होंने टीम के साथ शुरुआती हडल में हिस्सा लिया, लेकिन बाद में बाकी खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने की बजाय मेडिकल स्टाफ के साथ जिम में ट्रेनिंग की। लगातार चौथे दिन उन्होंने अलग से अभ्यास किया। अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाला मुकाबला ग्रुप डी में शीर्ष स्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों टीमों ने अपने-अपने पहले मैच जीते हैं। इस मैच को जीतने वाली टीम नॉकआउट चरण में पहुंचने के काफी करीब पहुंच जाएगी। पोचेटिनो ने ऑस्ट्रेलिया को मजबूत प्रतिद्वंद्वी बताते हुए कहा, 'ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया है और वह एक मजबूत टीम है। हम जानते हैं कि मुकाबला आसान नहीं होगा, लेकिन हमारी टीम तैयार है। हम जीत के इरादे से मैदान में उतरेंगे और पूरी ताकत से लड़ेंगे।' अमेरिका की नजर अब लगातार दूसरी जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण के लिए अपनी जगह मजबूत करने पर होगी।

# कनाडा की फुटबॉल वर्ल्डकप में पहली जीत

## जोनाथन डेविड की हैट्रिक, कतर के 2 प्लेयर्स को रेड कार्ड, टीम की राह मुश्किल

**नई दिल्ली।** ये सब कनाडा और कतर मैच में देखने को मिला, जिसमें कनाडा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत हासिल की। टीम ने होम फैंस के सामने कतर को ग्रुप-बी मैच में 6-0 के बड़े अंतर से हराया। वैंकूवर के बीसी पैलेस में शुक्रवार सुबह मिली इस जीत के हीरो जोनाथन डेविड रहे। 26 साल के युवा स्टार ने मैच के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में नाथन सालिबा के पास को हल्के टच से कंट्रोल किया, फिर जोरदार किक लगाकर बॉल को गोल पोस्ट में धकेल दिया। इसी के साथ उन्होंने वर्ल्ड कप में अपनी पहली हैट्रिक पूरी की। वे सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।



### जोनाथन डेविड की हैट्रिक में खास

वे फुटबॉल वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले कनाडा के पहले खिलाड़ी बने हैं। डेविड ने मौजूदा वर्ल्ड कप में दूसरी हैट्रिक लगाई है। पहली लियोनेल मेसी ने लगाई थी। होम ग्राउंड पर वर्ल्डकप हैट्रिक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड के ज्योफ हर्स्ट (1966) पहले हैं।

**साइल लारिन के गोल से कनाडा को बढ़त :** कनाडा को 16वें मिनट में साइल लारिन के गोल से बढ़त मिली। फिर जोनाथन डेविड ने 29वें मिनट में गोल दागा। उन्होंने पहले हाफ के इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया।

### कतर के 2 प्लेयर्स को रेड कार्ड

- 33वें मिनट में ताजोन बुकेनन पर फाउल के लिए कतर के होमन अहमद को रेड कार्ड मिला।
- 51वें मिनट में इस्माइल कोन पर खतरनाक टैकल के बाद अस्सिम मादीबो को रेड कार्ड दिखाया गया।

**कतर को आखिरी 49 मिनट 9 प्लेयर्स से खेलना पड़ा :** मादीबो को रेड कार्ड मिलने के बाद कतर की मुश्किलें बढ़ गईं। टीम को आखिरी 49 मिनट 9 प्लेयर्स के साथ खेलना पड़ा। इसी कारण वह कनाडा के हमलों का सामना नहीं कर सकी।

### सालिबा का फ्री-किक पर गोल, मनाई का आत्मघाती गोल

नाथन सालिबा ने 64वें मिनट में फ्री-किक से गोल किया। 75वें मिनट में मोहम्मद मनाई के आत्मघाती गोल से कनाडा की बढ़त 5-0 हो गई। इंजरी टाइम में डेविड ने तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और टीम की 6-0 की ऐतिहासिक जीत तय की।

### साइल लारिन बोले- कनाडा ने दुनिया को अपना दम दिखाया

कनाडा के स्ट्राइकर साइल लारिन ने कहा- 'हमने दुनिया को दिखा दिया कि कनाडा क्या है। हमारे कई खिलाड़ी लगभग गुमनामी से आए हैं, लेकिन हमने अपना जज्बा और लड़ने की क्षमता दिखाई। हमने साबित किया कि हम विश्व मंच पर प्रदर्शन कर सकते हैं।' 'यह तो सिर्फ शुरुआत है। इस्माइल कोए की चोट दुखद है और भावुक करने वाली भी, लेकिन हम मैदान पर लौटे और अपना काम पूरा किया। कोने हमारे दिमाग में रहेंगे और हम उनके लिए भी खेलेंगे।'

## श्रेयंका पाटिल चोट के चलते हुई बाहर, प्रेमा रावत को मिली जगह

**नई दिल्ली।** महिलाओं के टी-20 विश्व कप 2026 से भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, स्पिनर श्रेयंका पाटिल इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय ये खिलाड़ी बीते बुधवार को हेडिंग्ले में नीदरलैंड के खिलाफ हुए मैच में अपने टखने में चोट लगा बैठी थी। अब बीसीसीआई ने उनकी जगह पर प्रेमा रावत को टीम में शामिल किया गया है। श्रेयंका को यह चोट लीड्स में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। वह गेंद को रोकने के प्रयास में टखना मोड़ बैठीं। उन्हें तेज दर्द महसूस हुआ और वह मैदान पर ही गिर पड़ीं। टीम के फिजियो तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचे, लेकिन श्रेयंका अपने पैर पर वजन नहीं डाल सकीं। जिसके कारण उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। जुलाई 2024 में उंगली टूटने के कारण भी वह टी-20 विश्व कप से बाहर हुई थीं। लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने अब तक अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग के पिछले 2 सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया है। 23 वर्षीय इस युवा खिलाड़ी ने डब्ल्यूपीएलमें अब तक 6 मैच खेले हैं, जिसमें 20.33 की औसत और 10.16 की इकॉनमी रेट के साथ 3 विकेट लिए हैं। वह घरेलू क्रिकेट में उत्तराखंड क्रिकेट टीम से खेलती हैं। श्रेयंका टी-20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच में कोई विकेट नहीं ले सकी थी। उन्होंने अपने 3 ओवर में 17 रन दिए थे। नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 1 गेंद फेंकी थी।

## फाफ डु प्लेसिस ने मेजर लीग क्रिकेट में लगाया अपना चौथा शतक, बनाए ये रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली।** मेजर लीग क्रिकेट में टेक्सास सुपर किंग्स के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने सिएटल ओर्कास के खिलाफ बेहतरीन शतक (113*) लगाया। इस शतक की बदौलत टेक्सास की टीम को मैच में जीत मिली। यह उनके टी-20 करियर का कुल 9वां शतक साबित हुआ। इसके साथ-साथ यह मेजर लीग क्रिकेट में उनका चौथा शतक है और वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में 4 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। सिएटल ऑर्कस ने टिम सीफर्ट के शानदार शतक (104) और शायन जहांगीर के 78 रन की बदौलत 220/2 का बड़ा स्कोर बनाया। इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए टेक्सास को 1 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। डु प्लेसिस ने दबाव की घड़ी में उम्दा बल्लेबाजी की और राइली रोसौ (49) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़े। टेक्सास के कप्तान ने 52 गेंदों में नाबाद 113 रन बनाए। इस पारी के साथ डु प्लेसिस टूर्नामेंट के इतिहास में 1,000 रन पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। मेजर लीग क्रिकेट के 4 सीजन में 27 मैचों में 41 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 43.62 की औसत और 167.25 के स्ट्राइक रेट से 1,047 रन बनाए हैं।

### 4 शतक वाले पहले पहले खिलाड़ी बने डु प्लेसिस

डु प्लेसिस इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। लीग में किसी भी अन्य बल्लेबाज के नाम 2 से ज्यादा शतक नहीं हैं। पूरन, आंद्रे फ्लेचर और फिन एलन इस टूर्नामेंट में 2-2 शतक लगा चुके हैं। डु प्लेसिस ने मेजर लीग क्रिकेट में 6 अर्धशतक भी लगाए हैं और वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा बार 50+ रन (10 बार) बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं।

# श्रीसंत बोले- इंडिया को कोच नहीं, धोनी जैसा मेंटर चाहिए गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठाए, कहा- उनका तरीका गलत

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय पेसर एस श्रीसंत ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि इंडिया को ट्रेडिशनल कोच नहीं, बल्कि एमएस धोनी जैसे मेंटर की जरूरत है। 43 साल के श्रीसंत ने कहा- 'कोच बदल दीजिए। भारत को कोच नहीं, मेंटर की जरूरत है।' उन्होंने लल्लनटॉप से कहा- 'खिलाड़ियों पर ज्यादा दबाव बनाने के बजाय मार्गदर्शन और भरोसा देने वाला नेतृत्व टीम के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।' श्रीसंत ने भारतीय टेस्ट टीम के हालिया प्रदर्शन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली सीरीज हार पर गंभीर की कोचिंग शैली पर आपत्ति जताई। भारतीय टीम पिछले साल अपने घर में साउथ अफ्रीका से 2-0 से हार गई थी। तब भी गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठे थे।



**टीम के साथ बड़े भाई जैसा रिश्ता चाहिए :** श्रीसंत ने कहा कि टीम के साथ बड़े भाई जैसा रिश्ता होना चाहिए। केवल जीत पर खुश होना और हार पर नाराज होना काफी नहीं है। खिलाड़ियों को सहयोग और विश्वास की जरूरत होती है। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय टीम की कई सफलताओं के पीछे उनकी सोच और नेतृत्व शैली रही है।

**श्रीसंत बोले- वर्ल्ड कप की जीत में सिर्फ कोच का योगदान नहीं :** श्रीसंत ने 2026 टी-20 वर्ल्ड कप जीत का पूरा श्रेय गौतम गंभीर को दिए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि खिलाड़ियों और कप्तान के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, 'जब टीम ने वर्ल्ड कप जीता तो पूरा श्रेय गंभीर को दिया गया। लेकिन, सैमसन नहीं होते, सूर्यकुमार यादव कप्तानी नहीं करते और सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव नहीं होते, तो क्या भारत जीत पाता?'

**भारत के लिए 2 वर्ल्ड कप जीत चुके हैं श्रीसंत :** दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने भारत की ओर से 2 वर्ल्ड कप जीते हैं। वे 2011 में वनडे और 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 27 टेस्ट मैचों में 87 विकेट झटके हैं। उन्होंने 53 वनडे और टी-20 इंटरनेशनल मैच भी खेले हैं। आईपीएल के 44 मैच में श्रीसंत के नाम 40 विकेट हैं।

**2013 में फिक्सिंग के आरोप में श्रीसंत पर लगा था बैन :** मई 2013 में आईपीएल के दौरान श्रीसंत पर स्पॉट फिक्सिंग के आरोप लगे थे। उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें लाइफ टाइम के लिए बैन कर दिया गया था। हालांकि, इन आरोपों के खिलाफ श्रीसंत ने लंबी लड़ाई और साल 2015 में विशेष अदालत ने उन्हें आरोपों से बरी कर दिया था। साल 2018 में केरल हाईकोर्ट ने उन पर लगे अजीवन प्रतिबंध को खत्म किया। लेकिन, 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई को उसकी सजा कम करने को कहा।

# डोपिंग पर सख्त हुए गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा भारतीय ओलंपिक संघ के साथ मिलकर छेड़ी नई मुहिम


**नई दिल्ली।** डोपिंग के खिलाफ भारत की लड़ाई को शुक्रवार को बड़ी मजबूती मिली जब भाला फेंक के सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर इस समस्या के खिलाफ एक जागरूकता अभियान शुरू किया। यहां आईओए के दूसरे खिलाड़ी फोरम में आईओए के सीईओ रघुराम अय्यर ने घोषणा की कि संस्था ने 'साफ-सुथरे खेल अभियान' के लिए नीरज चोपड़ा फाउंडेशन के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। डाइमंड लीग में हिस्सा लेने के लिए अभी दोहा में मौजूद चोपड़ा का एक वीडियो संदेश दिखाया गया जिसमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने बताया कि उन्होंने यह पहल क्यों शुरू की। भारत अहमदाबाद में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की कोशिश कर रहा है और डोपिंग का खराब रिकॉर्ड देश की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकता है। चोपड़ा ने कहा, ''मैंने देखा है कि बच्चे बड़े पदक जीतने के लिए डोपिंग के जरिए अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहते हैं। लेकिन अपनी कहानी से मैं आपको बता सकता हूं कि मुझे ओलंपिक



पदक (तोक्यो 2021 में स्वर्ण और पेरिस 2024 में रजत) तक पहुंचने में 10 साल लगे।'' उन्होंने कहा कि खेलों में कुछ हासिल करने के लिए सब्र की जरूरत होती है। मैं देख रहा हूं कि आज के बच्चों में इसकी कमी है। वे चीजें जल्दी हासिल करना चाहते हैं। एक साल में ही 80 मीटर का लक्ष्य पार करना चाहते हैं। ऐसा करने में पांच साल लगते हैं। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब भारत पिछले तीन वर्षों से विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की डोपिंग के सबसे अधिक मामलों वाली सालाना सूची में सबसे ऊपर रहा है। कुछ हफ्ते पहले 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' (एआईयू) ने देश को डोपिंग के मामले में 'अधिक जोखम वाला' देश माना था। हाल ही में भारत दौरे पर आए वाडा ध्यक्ष विटोल्ड बांका ने साफ तौर पर कहा कि भारत में डोपिंग की गंभीर समस्या है, भले ही इसे दूर करने की कोशिशें की जा रही हों। इस पहल का मकसद डोपिंग रोधी नियमों की समझ को बेहतर बनाना, अनजाने में होने वाले डोपिंग उल्लंघनों के जोखिम को कम करना और 'खेल के हर स्तर पर ईमानदारी और निष्पक्ष खेल की संस्कृति' को बढ़ावा देना है। अय्यर ने कहा कि यह अभियान अलग-अलग खेलों और उम्र के खिलाड़ियों के लिए 'साफ-सुथरे खेल' की जानकारी को अधिक सुगम, समझने लायक और असरदार बनाने के लिए खिलाड़ियों की कहानियों, डिजिटल शिक्षा उपकरण, कार्यशाला और जमीनी स्तर पर जुड़ने वाले कार्यक्रमों का इस्तेमाल करेगा। चोपड़ा ने अपने संदेश में कहा, ''अपने सफर के दौरान मैंने सीखा है कि सफलता कभी रातों-रात नहीं मिलती।

## नासिर हुसैन ने एक्लेस्टोन को बताया 'मैच विनर' गेंदबाज, बोले- उनके स्पेल जिताते हैं मुकाबले

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने इंग्लिश टीम की स्पिन गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि एक्लेस्टोन ने टी20 क्रिकेट की बदलती जरूरतों के हिसाब से अपने खेल को सफलतापूर्वक ढाला है। नासिर ने कहा कि एक्लेस्टोन भले ही हर मैच में 4 विकेट न लें, लेकिन उनके स्पेल टीम की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड टीम में एक्लेस्टोन की भूमिका बदल गई है, क्योंकि बल्लेबाज उनके खिलाफ अपने अप्रोच में ज्यादा सतर्क हो गए हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने 'जियोहॉटस्टार' के साथ बात करते हुए कहा, 'सोफी एक्लेस्टोन एक वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज हैं। उन्हें खुद को बदलना पड़ा है, क्योंकि बल्लेबाजों ने उनके खिलाफ अपनी अप्रोच बदली है। वह अपने कप्तान के लिए अहम गेंदबाज हैं। जब विकेट की जरूरत होती है, तो एक्लेस्टोन को गेंद मिलती है। हो सकता है कि वह हर मैच में चार विकेट न लें।' नासिर ने आगे कहा, 'हालांकि, बड़े स्कोर वाले मुकाबलों में वह 15 रन देकर चार ओवर फेंकती हैं। वह स्पेल आपको मैच जिता देता है। बहुत कम ही ऐसा होता है कि आप इंग्लैंड का स्कोरकार्ड देखें और यह पाएं कि एक्लेस्टोन ने रन दिए हों। शायद ही कभी ऐसा होता है। यह एक चैंपियन खिलाड़ी की निशानी है।' महिला टी20 विश्व कप 2026 में भी एक्लेस्टोन ने अपनी गेंदबाजी से खासा प्रभावित किया है। वह 2 मुकाबलों में अब तक 5 विकेट निकाल चुकी हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ दो अहम विकेट चटकाए थे। वहीं, आयरलैंड के खिलाफ सिर्फ 22 रन देकर 3 विकेट झटके थे।



## आईडीबीआई बैंक ने स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट पेश किया

**रायपुर।** आईडीबीआई बैंक ने अमेरिकी डॉलर में एफसीएनआर (बी) स्पेशल अपॉर्च्युनिटी डिपॉजिट पेश किया है। यह डिपॉजिट नॉन-रेजिडेंट भारतीय (एनआरआई) ग्राहकों को बेहतर रिटर्नप्रदान करेगा। इस डिपॉजिट से उन्हें सुरक्षित और आकर्षक विदेशी करेंसी निवेश के अवसर मिलेंगे।मूल राशि और ब्याज को पूरी तरह से स्वदेश भेजा जा सकेगा। एक्सचेंज दर के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलेगी क्योंकि डिपॉजिट केवल अमेरिकी डॉलर में संभाले जाएंगे।इस पर कमाए गए ब्याज पर भारत में इंकम टैक्स छूट मिलेगी, जो मौजूदा नियमों के अधीन होगी। लॉक-इन की कम से कम अवधि 1 साल है।

## मेटा कुणाल शाह के क्रेड में कर सकती है निवेश

**नई दिल्ली।** फेसबुक की मूल कंपनी मेटा भारतीय फिनटेक स्टार्टअप क्रेड में निवेश करने की योजना बना रही है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों कंपनियों के बीच इसको लेकर बातचीत चल रही है। प्रस्तावित डील में क्रेड की वैल्यू करीब 4 अरब डॉलर (लगभग 380 अरब रुपये) आंकी गई है। बताया जा रहा है कि मेटा कंपनी में करोड़ों डॉलर का निवेश कर सकती है। हालांकि, इस संभावित समझौते को लेकर अभी किसी भी पक्ष ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मेटा केवल निवेश ही नहीं, बल्कि दूसरे विकल्पों पर भी विचार कर रही है। इनमें कम वैल्यूएशन पर क्रेड का अधिग्रहण करने और कंपनी के संस्थापक कुणाल शाह को किसी संचालन भूमिका में शामिल करने जैसे विकल्प भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेड को नए पूंजी निवेश की जरूरत है और मेटा ने कंपनी को समर्थन देने की इच्छा दिखाई है। हालांकि, अंतिम रूप से कौन सा रास्ता चुना जाएगा, यह अभी साफ नहीं है। मेटा की क्रेड में दिलचस्पी के पीछे भारत के डिजिटल पेमेंट बाजार में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति को अहम माना जा रहा है। मेटा पहले से व्हाट्सऐप पे के जरिए इस क्षेत्र में मौजूद है, लेकिन वह बड़ी हिस्सेदारी हासिल नहीं कर पाई है। भारत का यूपीआई नेटवर्क हर महीने करीब 23 अरब ट्रांजैक्शन प्रोसेस करता है। इसके बावजूद व्हाट्सऐप पे, क्रेड और दूसरे छोटे खिलाड़ियों की बाजार हिस्सेदारी अभी भी 1 प्रतिशत से कम बनी हुई है।

# सेंसेक्स 607 अंक गिरकर 76,802 पर बंद हुआ : निफ्टी भी 154 अंक गिरा, आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली...

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लगातार पांच दिनों से जारी तेजी शुक्रवार को थम गई। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 607 अंक और निफ्टी में 155 अंक की गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सेंचर के सतर्क आय अनुमान के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 607.08 अंक यानी 0.78 फीसदी टूटकर 76,802.90 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 940.26 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 154.90 अंक यानी 0.64 फीसदी की गिरावट के साथ 24,013.10



के स्तर पर बंद हुआ। इस तरह घरेलू बाजार में पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई। इससे पहले के पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 3,577.43 अंक यानी 4.84 फीसदी और निफ्टी 1,006.4 अंक यानी 4.34 फीसदी चढ़ गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान इंफोसिस को हुआ। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड और एनटीपीसी जैसे शेयर बढ़त में रहे। वहीं, निफ्टी पर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली गिरावट में रहा, जबकि जापान का निक्की बढ़त में रहा। चीन का शंघाई और हांगकांग का बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 फीसदी गिरकर 79.39 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। वहीं, रुपया शुक्रवार को शुरुआती बढ़त खोते हुए अंत में छह पैसे मजबूत होकर 94.34 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक यानी 0.33 फीसदी उछल कर 77,409.98 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 82.30 अंक यानी 0.34 फीसदी चढ़कर 24,168 के स्तर पर बंद था।

## चांदी 9209 गिरकर 2.31 लाख पर आई इस महीने अब तक 32 हजार रुपए सस्ती हुई

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 9,209 रुपए गिरकर 2.31 लाख रुपए पर आ गई। इससे पहले इसकी कीमत 2.40 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,152 रुपए गिरकर 1.45 लाख रुपए पर आ गया है। एक दिन पहले इसकी कीमत 1.48 रुपए थी। इस महीने 19 दिन में सोना 11 हजार रुपए और चांदी 32 हजार रुपए सस्ती हुई है। अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौता साइन हुआ है। इसकी वजह से पश्चिम एशिया में युद्ध का खतरा कम हो गया, जिससे निवेशकों ने सोने-चांदी जैसे 'सुरक्षित निवेश' से अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया। फेडरल रिजर्व ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वह इस साल ब्याज दरों में कटौती करने के बजाय उन्हें बढ़ा सकता है। ब्याज दरें बढ़ने की उम्मीद से सोने जैसी बिना ब्याज वाली धातु की चमक कम हो जाती है। फेडरल रिजर्व के संकेतों के बाद वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर इंडेक्स मजबूत हुआ है।

## जियो प्लेटफॉर्म्स सेबी के समक्ष दाखिल करेगा आईपीओ दस्तावेज : मुकेश अंबानी

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स शुक्रवार को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 49वीं वार्षिक आम बैठक में यह जानकारी दी। मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स के निदेशक मंडल ने आईपीओ लाने के दस्तावेज को आज मंजूरी दे दी। इसे आज ही सेबी के समक्ष दाखिल किया जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ इस साल आरआईएल के लिए वैल्यू बनाने की दिशा में सबसे अहम पड़ाव है। इससे रिलायंस के शेयरहोल्डर्स के लिए बड़ी वैल्यू बनने की उम्मीद है। इसके साथ ही नए निवेशकों को निवेश का एक आकर्षक मौका भी मिलेगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो की प्रस्तावित लिस्टिंग दुनिया को दिखाएगी कि भारत ग्लोबल स्तर, ग्लोबल क्षमता और ग्लोबल वैल्यू वाली टेक्नोलॉजी कंपनियां बना सकता है। कंपनी ने बीएसई और एनएसई को दी सूचना में भी कहा है कि यह आईपीओ आवश्यक नियामकीय मंजूरियों के अधीन रहेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) की 66.43 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि शेष 33.57 फीसदी में से मेटा और गूगल की संयुक्त हिस्सेदारी 17.71 फीसदी है। विश्लेषकों का अनुमान है कि जियो का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अब तक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम हो सकता है।

बॉलीवुड समाचार

# कभी बिल्डिंग की टंकी-फुटपाथ पर सोए....झूठ से खतरे में डाली ऋषि कपूर की जान राजकुमार देखकर बोले: किस स्ट्रगलिंग एक्टर को उठा लाए : मिथुन चक्रवर्ती

कोई शक..., तेरे नाम का कुत्ता पालूं... ये डायलॉग डिस्को डांसर मिथुन चक्रवर्ती के हैं। मिथुन 76 साल के हो चुके हैं। पिछले साल दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले मिथुन चक्रवर्ती कभी नक्सली थे, लेकिन करंट लगने से भाई की मौत के बाद वो परिवार के पास लौट आए और फिर पुणे के फिल्म्स एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से एक्टिंग सीखी। काम की तलाश में मिथुन ने कभी गरीबी में कई महीने काटे, तो कभी कई दिनों तक भूखे रहे। कभी उन्होंने हेलन और रेखा जैसी बड़ी एक्ट्रेसेस के स्पॉटबॉय का भी काम किया और नाम तक बदल लिया, लेकिन समय के साथ हुनर और लगन ने उन्हें हिंदी सिनेमा का टॉप एक्टर बना दिया। मिथुन पहले एक्टर हैं, जिनकी फिल्म डिस्को डांसर 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म बनी।

### गुस्से में शक्ति कपूर को कर दिया था टकला

शक्ति कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने पुणे के FTII से पढ़ाई की थी। मिथुन सीनियर थे, जबकि शक्ति कपूर ने उनके बाद दाखिला लिया था। दोनों की पहली मुलाकात ठीक नहीं रही और रैगिंग के नाम पर मिथुन ने शक्ति के बाल खींचे और टकला कर दिया। हुआ कुछ यूं कि शक्ति कपूर अपना होमटाउन दिल्ली छोड़कर पुणे के FTII जा रहे थे। ट्रेन में उनकी मुलाकात एक शख्स से हुई, जो खुद भी वहीं एडमिशन लेने जा रहा था। रास्ते में दोनों की अच्छी दोस्ती हो गई। पुणे जाने से पहले वो लड़का बहन की शादी के लिए मुंबई जा रहा था। बातचीत इतनी बढ़ गई कि शक्ति कपूर भी उसके साथ पुणे की बजाए मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर शक्ति कपूर को पता चला कि उस लड़के की बहन की शादी मशहूर एक्टर विनोद खन्ना के भाई प्रमोद खन्ना से हो रही है। शादी में राकेश रोशन सहित कई बॉलीवुड हस्तियां मौजूद थीं। स्टार्स के बीच खड़े शक्ति कपूर भी खुद को स्टार समझने लगे। शादी खत्म होने के बाद राकेश रोशन और विनोद खन्ना के भाई प्रमोद, शक्ति कपूर और उनके दोस्त को हॉस्टल छोड़ने गए। गेट पर उन्हें धोती पहने हुए एक शख्स दिखा। डीडी उर्दू को दिए इंटरव्यू में शक्ति कपूर ने बताया है कि उस शख्स की धोती में इतने छेद थे, जिन्हें गिना भी नहीं जा सकता था। उस शख्स ने राकेश रोशन के पैर छुए। पास खड़े शक्ति कपूर के हाथ में बीयर थी, तो उन्होंने इंप्रेशन झाड़ते हुए उस शख्स से पूछा, 'बीयर पियोगे?' वो शख्स थे मिथुन चक्रवर्ती। उन्होंने गुस्से में कहा, हॉस्टल में इसकी अनुमति नहीं है। जैसे ही राकेश रोशन और प्रमोद वहां से निकले वैसे ही मिथुन ने शक्ति कपूर के बाल पकड़ लिए और कहा- 'मैं तुम्हारा सीनियर हूं। तुम क्या खुद को स्टार समझते हो।' ये कहते ही शक्ति कपूर के बाल काट दिए गए। रैगिंग लेते हुए, सारे सीनियर्स ने शक्ति को पूल के कई चक्कर कटवाए। थककर शक्ति कपूर जोर-जोर से रोने लगे और कहा, मैं घर वापस जाना चाहता हूं, मुझे एक्टर नहीं बनना। कुछ देर बाद मिथुन को दया आ गई और वो उन्हें सबसे बचाकर एक कमरे में ले गए।

### सांवले रंग से परेशान रहते थे मिथुन, शबाना आजमी की मां से की थी शिकायत

FTII में पढ़ते हुए शबाना आजमी मिथुन चक्रवर्ती की सीनियर हुआ करती थीं। उनकी और शबाना की गहरी दोस्ती हो गई और कई बार मिथुन उनके घर भी जाया करते थे। वो अक्सर सबसे कहा करते थे कि वो रंग गोरा न होने से बेहद परेशान रहते हैं। एक दिन शबाना उन्हें घर ले गईं। उस दिन शबाना की मां शौकत आजमी से बात करते हुए मिथुन चक्रवर्ती ने उनसे सांवले रंग की शिकायत की। ये सुनते ही ही शौकत आजमी ने उन्हें गले लगा लिया और कहा- 'ये सब सोचकर परेशान मत हो। तुम बहुत अच्छा डांस करते हो।' ये किस्सा शबाना आजमी ने अरबाज खान के चैट शो में सुनाया था।

### रहने का ठिकाना नहीं था, तो गार्ड से छिपकर टंकी में सोते थे मिथुन

पुणे से पढ़ाई पूरी कर मिथुन चक्रवर्ती काम की तलाश में मुंबई आ गए। यहां न उनके पास रहने के लिए कोई जगह थी और न ही किराया देने के लिए पैसे। ऐसे में वो लंबे समय तक कुछ बिल्डिंग्स की छतों पर बनी टंकी में छिपकर सोते थे, जिससे गार्ड उन्हें देखकर भगा न दे। डांस प्लस 5 रियलिटी शो में पहुंचे मिथुन ने ये किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मैंने कभी सपने देखना नहीं छोड़ा और हमेशा हकीकत का सामना किया। जब मैं मुंबई आया था, मेरे पास रहने का कोई ठिकाना नहीं था और वे ऐसे दिन थे जब मैं इमारतों की छतों पर बनी पानी की टंकियों पर छिप जाता था ।

### नेशनल अवॉर्ड मिला, तो दिल्ली जाने के पैसे नहीं थे, रेखा ने मदद की

मृगया फिल्म बनने के बाद भी मिथुन की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं आया। ऐसे में वो हेलन के स्पॉटबॉय बन गए। स्पॉटबॉय बनने के बाद उन्होंने अपना नाम राणा रेज कर लिया। 6 जून 1976 को फिल्म मृगया रिलीज हुई, जिसके लिए मिथुन को नेशनल अवॉर्ड मिला। अवॉर्ड सेरेमनी दिल्ली में होनी थी, लेकिन मिथुन के पास टिकट तक के पैसे नहीं थे। रेखा भी उसी समय एक फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली जा रही थीं। जब उन्हें मिथुन के बारे में पता चला तो वो उन्हें अपना स्पॉटबॉय बनाकर साथ में दिल्ली ले गईं और खुद उनकी फ्लाइट टिकट बुक करवाई।

### नेशनल अवॉर्ड मिला, तो दिल्ली जाने के पैसे नहीं थे, रेखा ने मदद की

मृगया फिल्म बनने के बाद भी मिथुन की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं आया। ऐसे में वो हेलन के स्पॉटबॉय बन गए। स्पॉटबॉय बनने के बाद उन्होंने अपना नाम राणा रेज कर लिया। 6 जून 1976 को फिल्म मृगया रिलीज हुई, जिसके लिए मिथुन को नेशनल अवॉर्ड मिला। अवॉर्ड सेरेमनी दिल्ली में होनी थी, लेकिन मिथुन के पास टिकट तक के पैसे नहीं थे। रेखा भी उसी समय एक फिल्म की शूटिंग के लिए दिल्ली जा रही थीं। जब उन्हें मिथुन के बारे में पता चला तो वो उन्हें अपना स्पॉटबॉय बनाकर साथ में दिल्ली ले गईं और खुद उनकी फ्लाइट टिकट बुक करवाई।

### इंटरव्यू लेने आए शख्स से कहा- 2 दिन से भूखा हूं, पहले खाना खिलाओ

स्ट्रगल के दौरान ऐसा कई बार हुआ, जब मिथुन ने भूखे पेट रातें गुजारीं। पहली फिल्म 'मृगया' के बाद भी उन्हें स्ट्रगल करना पड़ा। नेशनल अवॉर्ड मिलने के बाद जब एक पत्रकार उनका इंटरव्यू लेने पहुंचा तो भूख के मारे आवाज नहीं निकल रही थी। उन्होंने पत्रकार से कहा- 2 दिन से भूखा हूं, पहले खाना खिलाओ, फिर इंटरव्यू दूंगा। आगे चलकर मिथुन चक्रवर्ती ने तराना, पतिता, हम पांच, हम से बढ़कर कौन, तकदीर का बादशाह जैसी फिल्मों से इंडस्ट्री में जगह बना ली और साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर होने लगी।

### रूममेट ने घर से निकाला, जिम मालिक ने बाथरूम साफ करने की शर्त रखी

मुंबई में रहते हुए उन्हें एक दोस्त ने अपने कमरे में जगह दे दी। कुछ दिनों बाद उस लड़के ने भी मिथुन को घर से निकाल दिया। ऐसे में मिथुन कई दिनों तक फुटपाथ में ही गुजारा करते रहे। मिथुन बाथरूम इस्तेमाल करने के लिए एक जिम जाते थे, ऐसे में जिम के मालिक ने शर्त रखी थी कि अगर बाथरूम यूज करना है, तो रोज आकर सफाई करनी पड़ेगी। ये किस्सा मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह ने सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में सुनाया था। डांस इंडिया डांस शो में मिथुन ने बताया कि उन्होंने कई रातें भूख में फुटपाथ में सोकर गुजारीं।

### फ्लर्ट करते देख मृणाल सेन ने दी पहली फिल्म मृगया

मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 की फिल्म मृगया से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के लिए उन्हें कॉलेज के दिनों में ही कास्ट कर लिया गया था। दरअसल, हुआ कुछ यूं कि जिस समय मिथुन पुणे के FTII में पढ़ रहे थे, तब डायरेक्टर मृणाल सेन फिल्म मृगया के लिए एक ऐसे लड़के की तलाश में थे, जो दुबला-पतला, सांवला हो, जो कुछ हद तक संथाल आदिवासी की तरह दिखे। उन्होंने कास्टिंग की जिम्मेदारी अपने कैमरामैन के.महाजन को सौंपी थी। एक दिन के.महाजन की नजर कॉलेज के कॉरिडोर में खड़े मिथुन चक्रवर्ती पर पड़ी, जो वहां कुछ लड़कियों के साथ खड़े फ्लर्ट कर रहे थे। उन्हें मिथुन की पर्सनैलिटी इतनी पसंद आई कि उन्होंने मृणाल सेन को बताया। मृणाल ने सोच लिया कि जब फिल्म बनाएंगे, तो मिथुन को ही कास्ट करेंगे, लेकिन फिल्म बनने में देरी हुई और मिथुन पढ़ाई पूरी कर मुंबई आकर रहने लगे।

### जब राजकुमार ने डायरेक्टर से मिथुन की कास्टिंग पर कहा- ये किस स्ट्रगलिंग एक्टर को उठा लाए

मिथुन चक्रवर्ती को 80 के दशक में उस दौर के स्टार राजकुमार के साथ फिल्म गोलियों के बादशाह में छोटा सा रोल मिला था। राजकुमार का रवैया नए एक्टर्स के साथ उस समय ठीक नहीं था। शूटिंग के पहले ही दिन जब मिथुन कॉस्ट्यूम पहनकर तैयार हुए, तो उन्हें देख राजकुमार ने डायरेक्टर से कहा- माना कि रोल छोटा है, लेकिन इसके लिए आप किसी स्ट्रगलिंग एक्टर को क्यों ले आए। किसी अच्छे एक्टर को लेना था, ये किसे उठा लाए। मिथुन को ये बात काफी बुरी लगी। वो सीधे राजकुमार के पास गए और कहा- जिस स्ट्रगलिंग एक्टर की आप बात कर रहे हैं, वो मैं ही हूं। मिथुन को देख राजकुमार हंस पड़े और कहा- तुम यहां कहां आ गए एक्टिंग करने। ये कोई बच्चों का खेल नहीं है। इस पर मिथुन ने कहा- जानता हूं कि ये बच्चों का खेल नहीं है। मैं 7 साल से एक्टिंग कर रहा हूं। एक दिन मैं भी बड़ा एक्टर बनूंगा। ये सुनकर राजकुमार फिर हंसे और कहा- कोई छोटा-मोटा रोल चाहिए हो तो बताना।



### ड्राइविंग नहीं आती थी, लेकिन कार चलाई, ऋषि कपूर को टक्कर मारी

ऋषि कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने 1978 की फिल्म फूल खिले हैं गुलशन गुलशन में साथ काम किया था। ये फिल्म मिथुन के करियर का बड़ा ब्रेक होने वाली थी। एक दिन शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले डायरेक्टर सिकंदर खन्ना ने मिथुन से पूछा- क्या तुम कार चलाना जानते हो। मिथुन कार ड्राइविंग में कच्चे थे। लेकिन उन्हें डर था कि ये बताने के बाद डायरेक्टर कहीं उनके सीन न काट दे। ऐसे में उन्होंने झूठ कहा कि वो ठीक तरह कार चला लेते हैं। तसल्ली होने के बाद डायरेक्टर ने उन्हें सीन बताया। स्क्रिप्ट के अनुसार, मिथुन को तेज रफ्तार में कार लाकर ऋषि कपूर के पास में रोकना था, जिससे वो कार में बैठ सकें। जैसे ही एक्शन बोला गया, मिथुन ने एक्सेलेटर पर पैर मारा और तेज रफ्तार में कार चलानी शुरू कर दी। उन्हें ब्रेक मारने में देरी हो गई, जिससे तेज रफ्तार में कार ऋषि कपूर से आ टकराई और उनका चेहरा कार की बोनट से जा टकराया। ऋषि कपूर के मुंह से खूब खून बहा। गलती का एहसास होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने तुरंत डायरेक्टर, ऋषि कपूर और सेट पर मौजूद हर शख्स से माफी मांगी। उन्होंने साफ बता दिया कि रोल कट जाने के डर से उन्होंने झूठ बोला था। हालांकि सबने उन्हें माफ कर दिया और ब्रेक के बाद शूटिंग दोबारा पूरी सावधानी के साथ शुरू की।

# इंटरनेशनल फादर्स डे: सोनी सब के कलाकारों ने अपने पिता से मिली सीख साझा कीं....

हर सफल सितारे के पीछे अक्सर एक पिता होता है, जिसकी निःस्वार्थ मदद, त्याग और जीवन के सबक ने चुपचाप उनके सपनों की राह आसान बनाई होती है। इस फादर्स डे पर सोनी सब के कलाकार मनीष वाधवा, इक़बाल खान, तोरल रसपुत्रा, अर्जुन पुंज, मुस्कान बामने और नितिन बाबू ने दिल से उन पिताओं को याद किया, जिन्होंने रोशनी के पीछे खड़े होकर उन्हें चुनौतियों से निकाला, अनिश्चित समय में उन पर विश्वास किया और उन्हें आज का इंसान बनने की प्रेरणा दी। धैर्य और विनम्रता सिखाने से लेकर सबसे बड़े चीयरलीडर बनने तक, पिता ही हैं, जो उनके सबसे बड़े रोल मॉडल बने हुए हैं। इक़बाल खान, जो यादें में डॉ. देव मेहता का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, 'दो बेटियों का पिता बनने के बाद



मैंने अपने पिता को नए नज़रिए से देखना शुरू किया। बचपन में हम हमेशा यह नहीं समझ पाते कि हमारे माता-पिता हमें सुरक्षित और खुश रखने के लिए कितने त्याग करते हैं। आज जब मैं अपनी बेटियों को देखता हूँ, तो उस ज़िम्मेदारी को और भी गहराई से महसूस करता हूँ। मेरे पिता ने मुझे ईमानदारी, धैर्य और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्य दिए। वही सबक आज भी मुझे एक




अभिनेता और पिता दोनों रूपों में मार्गदर्शन देते हैं। यदि मैं अपनी बेटियों को उनका थोड़ा भी हिस्सा दे पाया, तो इसे अपनी सफलता मानूँगा। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ। ' अर्जुन पुंज, जो यादें में डिग्गी का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, 'मेरी बचपन की सबसे प्यारी यादें पिता के साथ बिताए पलों की हैं, चाहे वह ड्राइव पर जाना हो, हल्की-फुल्की बातें करना हो या



फिर मेरे अनगिनत सवालों को धैर्य से सुनना। उन्होंने हमेशा मुझे सुना और महत्व दिया। आज जब मैं खुद पिता हूँ, तो अपने बच्चों के साथ वही पल साझा करता हूँ। कई बार जब मैं उन्हें प्रोत्साहित करता हूँ या किसी मुश्किल से निकालता हूँ, तो मुझे अपने पिता की बातें याद आती हैं। पिता बनने के बाद समझ आया कि छोटे-छोटे काम ही सबसे बड़ा असर छोड़ते हैं। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ। '

मुस्कान बामने, जो पुष्पा इम्पॉसिबल में शनाया का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, 'मेरे पिता ने हमेशा मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं कुछ भी कर सकती हूँ। चाहे स्कूल इवेंट्स में सबसे ज़ोर से चीयर करना हो या ऑडिशन से पहले मुझे भरोसा दिलाना हो, उन्होंने हमेशा मुझे सक्षम महसूस कराया। आज भी जब कुछ अच्छा होता है, तो सबसे पहले मैं उन्हें ही कॉल करती हूँ। मेरी उपलब्धियों पर उनका उत्साह अक्सर मेरे से भी ज़्यादा होता है और यही प्यार मेरे लिए सबसे कीमती है। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ। ' नितिन बाबू, जो पुष्पा इम्पॉसिबल में चिराग पटेल का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, 'मेरे पिता कभी लंबे भाषण नहीं देते थे। उन्होंने







मुझे ज़्यादातर बातें अपने काम से सिखाईं। रोज़ सुबह जल्दी काम पर जाना और फिर भी परिवार के लिए समय निकालना- बचपन में मैं इसे नहीं समझता था, लेकिन आज जानता हूँ कि इसमें कितनी मेहनत और ज़िम्मेदारी होती है। उन्होंने मुझे सिखाया कि निरंतरता तात्कालिक सफलता से ज़्यादा मायने रखती है। वही सबक मेरे अभिनय सफर में हमेशा साथ रहा है। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ। ' मनीष वाधवा, जो हस्तिनापुर के वीर में भीष्म पितामह का किरदार निभा रहे हैं, कहते हैं, 'फादर्स डे मेरे लिए खास है, क्योंकि मुझे पिता होने का अनुभव असल ज़िंदगी और पर्दे दोनों पर मिलता है। असल ज़िंदगी में पिता बनने ने मुझे धैर्य, ज़िम्मेदारी और बच्चों के लिए मौजूद रहने का महत्व सिखाया। वहीं, भीष्म पितामह का किरदार निभाते हुए मैं एक पिता समान मार्गदर्शक और रक्षक की भूमिका निभाता हूँ। यह मुझे अपने पिता की याद दिलाता है, जिन्होंने हमेशा परिवार को प्राथमिकता दी। बेटे के रूप में मैंने उन्हें सराहा और आज पिता बनकर उन्हें और बेहतर समझता हूँ। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ।' तोरल रसपुत्रा, जो हस्तिनापुर के वीर में कुंती का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, 'मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक है, जब मेरे पिता देर रात रिहर्सल या शूट के बाद मेरा इंतज़ार करते थे, चाहे कितने भी थके हों। उन्होंने ज़्यादा कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी मौजूदगी हमेशा मुझे सुरक्षित और समर्थ महसूस कराती थी। उन्होंने मुझे सिखाया कि मेहनत शब्दों से ज़्यादा असर करती है। जब भी मैं घबराती हूँ या असमंजस में होती हूँ, तो उनके सफर और त्याग को याद करती हूँ। आज जो आत्मविश्वास है, वह इस वजह से है कि मेरे पिता ने मुझ पर विश्वास किया। सभी पिताओं को फादर्स डे की शुभकामनाएँ।'

**यादें, हस्तिनापुर के वीर और पुष्पा इम्पॉसिबल देखने के लिए जुड़े रहिए सिर्फ सोनी सब पर।**

# शिक्षकों की कमी होगी दूर- उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा

## बलौदाबाजार में शाला प्रवेश उत्सव का आगाज... उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने किया मिशन उत्कर्ष 2027 का शुभारंभ

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



शैक्षणिक सत्र 2026–27 के शुभारंभ के अवसर पर शुक्रवार को जिला बलौदाबाजार–भाटापारा के बलौदाबाजार के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने स्कूल पहुंचे नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया। समारोह में छात्र–छात्राओं को निःशुल्क शिक्षण सामग्री और सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल का वितरण भी किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा और स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए डीएमएफमद से राशि स्वीकृत करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। इसके तहत जल्द ही 400 से अधिक शिक्षकों को मानदेय के आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

### मिशन उत्कर्ष 2027 की भी शुरुआत

मंत्री श्री वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निष्ठा और लगन से की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनका डटकर मुकाबला करें। उन्होंने बच्चों को जीवन में अच्छी संगति चुनने की भी सीख दी। ?इस अवसर पर जिला प्रशासन की एक विशेष पहल मिशन उत्कर्ष 2027 की भी शुरुआत की गई।

### हर महीने मॉडल प्रश्न पत्रों के आधार पर टेस्ट लिया जाएगा

कलेक्टर ने इस नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि ?शिक्षकों की कमी का डिजिटल समाधान किया जाएगा। इसके तहत 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए जिले के उत्कृष्ट व्याख्याताओं की विषयवार टीम बनाई गई है। जिस स्कूल में किसी विषय के शिक्षक नहीं होंगे, वहाँ यह टीम ऑनलाइन क्लास लेगी। बच्चों की तैयारी को मजबूत करने के लिए हर महीने मॉडल प्रश्न पत्रों के आधार पर टेस्ट लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ताकि नए बच्चों को स्कूलों में एक सकारात्मक और बेहतर वातावरण मिल सके। ?इस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी और भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
## जोन क्रमांक-9,
## मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्रमांक/106/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2026 रायपुर, दिनांक : 19/06/2026

**:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक-9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 13.07.2026 को संध्या 5.30 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09. में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 02.07.2026 को संध्या 5:00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर सकेगें। दिनांक 03.07.2026 को संध्या 5.00 बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगें। प्राप्त निविदायें अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

| क्र. | मद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (रूपये लाख में) | अमानती राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र प्रारूप | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी | एस.ओ.आर. दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलकष्ट मद | जोन क्रमांक- 9 अंतर्गत जल विभाग में सबमर्सिबल पावर पंप बदलने एवं संधारण कार्य | 386469.00 | 4000.00 | 750.00 | A | 04 माह | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर | लोक स्वास्थ्य एवं यात्रिकी विभाग के एस ओ आर. 01.06 2020 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |
| 2 | संधारण मद | जोन क्रमांक-9 अंतर्गत सबमर्सिबल पावर पंप केबल व रोल पाईप बदलने एवं संधारण कार्य | 361000.00 | 4000.00 | 750.00 | A | 04 माह | ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणीव उससे ऊपर | लोक स्वास्थ्य एवं यात्रिकी विभाग के एस ओ आर. 01.06 2020 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |

नोट :- 1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक - 09, से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।

2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।

3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।

4. (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।

5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा, जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' 'ब' एवं 'स' अंकित होना अनिवार्य है।

6. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

7. कार्य की राशि का 15 प्रतिशत बैंक साल्वेशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर., पेनकार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. रिटर्न (अंतिम तीन माह), अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं शपथ पत्र (रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

8. 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मों के लिए बंधनकारी नहीं होगी। तीन लिफाफा पद्धति में लिफाफा नहीं देने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।

9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।

10. ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्तों के अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।

11. शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि एवं समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।

12. कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्ते प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु आवेदन प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जाये जिससे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।

(13) नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से तीन लिफाफा पद्धति से जमा करना है।

(14) एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत से कम दर प्राप्त होने पर अंतर की राशि पृथक से अमानती राशि एफ.डी.आर. के रुप में इकरारनामा के पूर्व जमा करना होगा।

(15) स्थल विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त/आयुक्त महोदय द्वारा कार्यादेश निरस्त किये जाने की स्थिति में किसी प्रकार का क्षतिपूर्ति राशि देय नहीं होगा।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-09
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

# 12 वर्षों में बदला भारत का स्वरूप, विकास के साथ विरासत संरक्षण से बनी नई पहचान : उप मुख्यमंत्री अरुण साव

**रायगढ़ (प्रतिदिन राजधानी)**



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायगढ़ में प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं विकसित भारत संकल्प सभा में गणमान्य जनों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पित किया। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है। उन्होंने 140 करोड़ लोगों की सेवा के संकल्प के साथ बड़े और साहसिक निर्णय लिए हैं। कोरोना महामारी के बावजूद देश को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया।

डिप्टी सीएम श्री साव ने प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 4 करोड़ गरीब परिवारों के पक्के मकान के सपनों को साकार किया। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिली, जिससे आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आया। किसान समृद्धि योजना से देशभर के किसानों को मदद मिली। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक उच्च संस्थानों की स्थापना हुई और रेलवे का देशव्यापी विस्तार कर कश्मीर व पूर्वोत्तर को रेलवे से जोड़ा गया। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाए।


दैनिक प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें

पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता

संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर (छ.ग.)
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

अखबार पढ़ने के लिए स्कैन करे :-
VISIT US ON SCAN



## विज्ञापन एजेंसियां

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर (छ.ग.) मो. 98271-46567,93298-46567

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेवीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर-1, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, मेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01269, 62642-74844

**माँ एड एजेंसी**
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, सदर बाजार, रायपुर
फोन- 2223699, 2539578, मो. 94252-11222

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान
फोन- 2224371, 2537569, मो. 94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
अवंति विहार एटीएम चौक रायपुर (छ.ग.)
मो. 98271-62101, 93020-77741

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन- 4031319, मो- 98261-61116, 98267-08989

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार रायपुर
मो. 94252-04920, फोन- 2234944, 2582595


# छत्तीसगढ़ में लग्ज़री का नया अध्याय शुरू होगा आज से

## कचना में रहेजा अवाना के भव्य 'एक्सपीरियंस सेंटर' का होगा शुभारंभ

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



तेज़ी से विकास की नई इबारत लिख रहे हमारे छत्तीसगढ़ ने आज ग्लोबल लाइफस्टाइल की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। अब तक हमारे प्रदेश के लोग दुबई, सिंगापुर या देश के बड़े महानगरों (मुंबई, बेंगलुरु) की मॉडर्न लाइफस्टाइल देखकर यही सोचते थे कि 'हमारे शहर में ऐसा कब होगा?' आज छत्तीसगढ़वासियों का यह सपना हकीकत में बदल गया है।

प्रदेश की माटी से जुड़े और पिछले दो दशकों से यहाँ के सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट ब्रांड 'रहेजा ग्रुप' छत्तीसगढ़वासियों को एक नायाब तोहफा देते हुए आज अपने अल्ट्रा–लग्ज़री प्रोजेक्ट 'रहेजा अवाना' की शानदार शुरुआत करने जा रहा है।

सेंट्रल इंडिया के इतिहास में पहली बार ग्लोबल आर्किटेक्चर और इंडियन कल्चर का संगम ज़मीन पर उतर रहा है। प्रदेशवासियों को इसी ग्लोबल लाइफस्टाइल का साक्षात अनुभव कराने के लिए, रायपुर के नए 'लग्ज़री डेस्टिनेशन' कचना (कचना मेन रोड) में रहेजा अवाना के भव्य 'एक्सपीरियंस सेंटर' का ऐतिहासिक शुभारंभ किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ का गौरव: प्रदेश में पहली बार सिंगापुर का 'ग्लोबल विज़न'

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है इसका इंटरनेशनल डिज़ाइन, जो छत्तीसगढ़ को सीधे ग्लोबल स्टेज पर खड़ा करता है।

महानगरों का एकाधिकार खत्म: अब तक इंटरनेशनल लेवल का अल्ट्रा–मॉडर्न आर्किटेक्चर सिर्फ महानगरों के एलीट वर्ग तक सीमित था। लेकिन रहेजा ग्रुप ने इस पुरानी सोच को बदल दिया है।

सेंट्रल इंडिया में पहला ग्लोबल लग्ज़री प्रोजेक्ट: 'रहेजा अवाना' को डिज़ाइन करने के लिए एशिया के सबसे दिग्गज आर्किटेक्ट्स में से एक, सिंगापुर के एंडी फिशर को चुना गया है। पूरे मध्य भारत और छत्तीसगढ़ में यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। उन्होंने यहाँ सिर्फ़ ईंट–गारे की इमारतें नहीं खड़ी की हैं, बल्कि इंटरनेशनल लग्ज़री और छत्तीसगढ़ की शांत संस्कृति को मिलाकर एक ऐसा 'लिविंग आर्टवर्क' तैयार किया है जो पहली ही नज़र में आपका मन मोह लेगा।

### एक्सपीरियंस सेंटर: छत्तीसगढ़ के भविष्य की एक 'जीवंत झलक'

कचना में खोला गया यह 'एक्सपीरियंस सेंटर' कोई आम सेल्स ऑफिस नहीं है, बल्कि यह अपने आप में एक आर्किटेक्चरल अजूबा है।

यहाँ कदम रखते ही आपको समझ आ जाएगा कि छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय लाइफस्टाइल कैसी होने वाली है। इटैलियन मार्बल की शानदार फिनिशिंग, प्रीमियम वुडन वर्क की गर्माहट, और स्पेस प्लानिंग का जादुई 'पीक' आपको यह महसूस कराएगा कि 'रहेजा अवाना' में आपका आने वाला कल कितना ख़ास और भव्य होने वाला है।

### ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं जो पहले कभी नहीं देखी गईं

रहेजा अवाना सिर्फ़ एक एड्रेस नहीं, बल्कि प्रदेश के उन चुनिंदा पारखी लोगों का 'प्राइवेट एस्टेट' होगा जो जीवन में केवल परफेक्शन ही चुनते हैं।

प्राइवेट कोर्टयार्ड: हमारी पारंपरिक आँगन वाली संस्कृति को इंटरनेशनल टच देते हुए प्रदेश में पहली बार, हर विला में घर के अंदर ही एक 'प्राइवेट कोर्टयार्ड' दिया गया है। यहाँ आप पूरी प्राइवेसी के साथ खुली धूप और आसमान का आनंद ले सकते हैं।

महलों जैसी भव्यता (डबल–हाइट स्पेसेस): घरों के अंदर दिए गए डबल–हाइट लग्ज़री स्पेसेस और बेमिसाल फिनिशिंग जो आपको हर पल एक रॉयल फीलिंग देंगे।

7–स्टार रिज़ॉर्ट का एहसास: एक शानदार डेक लाउंज और 'टेंपरेचर कंट्रोल्ड स्विमिंग पूल', जो आपको हर दिन वेकेशन पर होने का एहसास कराएगा।

अल्टीमेट सोशल हब (द ग्रैंड क्लब हाउस): आपकी कम्युनिटी का एक ऐसा शानदार केंद्र जहाँ प्रीमियम लाउंज, आलीशान बैंक्वेट और ख़ास पलों के लिए एक 'प्राइवेट डाइनिंग स्पेस' मौजूद है।

हेल्थ एंड नेचर: पैनोरमिक गार्डन व्यू वाला अल्ट्रा–मॉडर्न फिटनेस स्टूडियो, खूबसूरती से तराशे गए वॉकथ्रू गार्डन्स और स्पोर्ट्स लवर्स के लिए प्रोफेशनल–ग्रेड इंडोर बैडमिंटन कोर्ट।

### कचना लेक फ्रंट: छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक शांति के साथ बेमिसाल कनेक्टिविटी

आपके सपनों के घर का ठाठ तभी मुकम्मल होता है जब आस–पास का माहौल भी हमारे छत्तीसगढ़ की प्रकृति की तरह शांत और सुंदर हो। 'कचना मेन रोड' को चुनने के पीछे रहेजा ग्रुप का यही मास्टरस्ट्रोक था। इसके ठीक सामने कचना लेक (झील) की प्राकृतिक शांति और ठंडी हवाएं हैं।

### रिंग रोड नंबर 3 और विधानसभा रोड के ज़रिए:

**अंबुजा मॉल, डेकाथलॉन और कोया रायपुर: सिर्फ 10 मिनट की ड्राइव**

**इट्सा हॉस्पिटल और टॉप स्कूल/कॉलेज: सिर्फ 10 मिनट**

**स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल एयरपोर्ट: सिर्फ 20 मिनट**

**रहेजा ग्रुप: छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ा, दो दशकों का अटूट विश्वास**

साल 2005 में अपनी शुरुआत करने वाला रहेजा ग्रुप आज छत्तीसगढ़ का सबसे अपना और भरोसेमंद रियल एस्टेट ब्रांड बन चुका है। पिछले दो दशकों में रहेजा ग्रुप ने प्रदेश को 14 से ज़्यादा शानदार लैंडमार्क्स दिए हैं और 5000 से ज़्यादा परिवारों को उनके सपनों का घर सौंपा है। रहेजा का नाम आज सिर्फ 'लोकल कॉन्फिडेंस' नहीं, बल्कि 'बेस्ट क्वालिटी' की पक्की गारंटी माना जाता है।

### छत्तीसगढ़वासियों के लिए ओपन इन्विटेशन

रहेजा ग्रुप प्रदेश के हर उस व्यक्ति को आमंत्रित करता है जो शहर के इस ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बदलाव का गवाह बनना चाहता है। इस 'एक्सपीरियंस सेंटर' के शुभारंभ का हिस्सा बनें और खुद आकर देखें कि हमारे छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट और लग्ज़री का यह नया ग्लोबल अध्याय कितनी खूबसूरती से आकार ले रहा है!

# किसानों को महंगा खाद बेचने वाले पर की गई कार्रवाई

## उर्वकर विक्रय पर रोक के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी

मुंगेली, (प्रतिदिन राजधानी) खरीफ सीजन 2026 के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले खाद एवं बीज उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में सघन निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार गठित विशेष निरीक्षण दल द्वारा नगर पंचायत पथरिया स्थित एक कृषि केंद्र पर छापामार कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि श्रीमती वीणा ठाकुर ने बताया कि विशेष जिला एवं विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा मेसर्स संजय कृषि केन्द्र, पथरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा करने पर यह पाया गया कि कृषकों को उर्वरक के साथ अन्य सामग्री जबरन लदान स्वरूप दी जा रही थी तथा उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर किया जा रहा था।



जांच में कृषि केंद्र के गोदाम में 40 टन यूरिया सहित एनपीके, सिंगल सुपर फॉस्फेट और अन्य उर्वरक एवं ऑर्गेनिक खाद का भंडारण पाया गया। निरीक्षण में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं प्राप्त की गई। जिस पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के उल्लंघन पर संबंधित कृषि केंद्र के उर्वरक विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू

रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी) आदिवासी विकास विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन के नवीनीकरण हेतु 20 जून तथा नवीन आवेदन हेतु 1 अगस्त 2026 से पोर्टल प्रारंभ किया जाएगा।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों के लिए

**नवीनीकरण के लिए 20 जून और नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त से खुलेगा पोर्टल**

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी। विभाग द्वारा आवेदन प्राप्ति, परीक्षण, स्वीकृति एवं छात्रवृत्ति वितरण के लिए चरणबद्ध समय–सीमा निर्धारित की गई है, ताकि पात्र विद्यार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

छात्रवृत्ति राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के आधार सीडेड बैंक खातों में किया जाएगा। सत्र 2026–27 के लिए पात्र विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।

आदिवासी विकास विभाग ने विद्यार्थियों को आवेदन करते समय अपने सक्रिय एवं आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी सही दर्ज करने की सलाह दी गई है। साथ ही सभी संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों एवं पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित समय–सीमा के भीतर आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु कहा गया है, ताकि छात्रवृत्ति वितरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

# जनभागीदारी से साकार हो रहा टीबी मुक्त रायगढ़ का संकल्प, 358 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त

रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी) राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय क्षय उन्मूलन कार्यकारिणी की अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्कृष्ट योगदान देने वाले निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य केवल शासकीय प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की व्यापक सहभागिता से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे औद्योगिक संस्थानों एवं निक्षय मित्रों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा व्यक्त की।



बैठक में बताया गया कि एनटीपीसी लारा, जेपीएल, हिंडालको, अडानी, जिंदल साउथ वेस्ट स्टील, सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स, नालवा, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा एसईसीएल सहित विभिन्न औद्योगिक संस्थान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इन संस्थानों द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पंजीकृत उपचारत समस्त टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित फूड बास्केट, पोषण सहायता एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही लैब तकनीशियनों की व्यवस्था कर जांच एवं उपचार सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। बैठक में टीबी मरीजों की वर्तमान स्थिति, उपचार सफलता दर, निक्षय पोषण योजना के तहत भुगतान, टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी तथा टीबी मुक्त पंचायत अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

# अमलीपाली में पानी की समस्या हुई दूर महिलाओं को मिली बड़ी राहत, समय की हुई बचत

रायगढ़, (प्रतिदिन राजधानी) विकासखंड पुसौर के ग्राम अमलीपाली, ग्राम पंचायत आमापाली में जल जीवन मिशन ने ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। 96 परिवारों और 324 की आबादी वाले इस गांव में कभी पेयजल की गंभीर समस्या थी, लेकिन आज घर–घर नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इससे ग्रामीणों की दिनचर्या आसान हुई है, स्वास्थ्य में सुधार आया है और महिलाओं को नई ऊर्जा के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

ग्राम अमलीपाली में पहले स्वच्छ और पर्याप्त जल स्रोतों की कमी के कारण ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए पानी जुटाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेषकर महिलाओं को घरेलू कार्यों के साथ पानी की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त समय और श्रम देना पड़ता था। पानी की अनिश्चित उपलब्धता के कारण कई बार लोगों के अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित होते थे। बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ता था क्योंकि उन्हें परिवार की मदद के लिए पानी लाने जाना पड़ता था। असुरक्षित जल उपयोग के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा भी बना रहता था।



## स्वच्छ जल से बेहतर हुआ स्वास्थ्य और जीवन स्तर

अमलीपाली निवासी श्रीमती मधुमिता चौहान उन हितग्राहियों में शामिल हैं जिनके जीवन में जल जीवन मिशन ने सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाया है। पहले उन्हें प्रतिदिन घरेलू जिम्मेदारियों के साथ पानी की व्यवस्था के लिए काफी समय देना पड़ता था, जिससे अन्य सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर सीमित हो जाता था। लेकिन जल जीवन मिशन के तहत घर तक नल कनेक्शन मिलने के बाद उनकी दिनचर्या पूरी तरह बदल गई। अब उन्हें पानी के लिए अतिरिक्त समय नहीं देना पड़ता। वे अपने घरेलू कार्य समय पर पूरा कर पा रही हैं और परिवार की देखभाल के लिए अधिक समय निकाल पा रही हैं। समय की बचत ने उन्हें छोटे–छोटे आयवर्धक कार्यों से जुड़ने का अवसर भी दिया है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। जल जीवन मिशन के प्रभाव से गांव में केवल पानी की उपलब्धता ही नहीं बढ़ी, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

स्वच्छ पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों में कमी आई है और ग्रामीणों का चिकित्सा खर्च भी घटा है। गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा लोग सुरक्षित पेयजल और साफ–सफाई के महत्व को समझने लगे हैं। आज अमलीपाली विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन को सशक्त बनाने वाला एक जनआंदोलन बन चुका है, जो गांवों में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रख रहा है।

# डीडी–आरो जमा नहीं होने से रुका एनपीके खाद वितरण, किसानों में नाराजगी

उदयपुर/सरगुजा, (प्रतिदिन राजधानी) खरीफ सीजन के बीच डाँड़गांव सहकारी समिति में एनपीके खाद वितरण शुरू नहीं होने से किसानों में नाराजगी बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि समिति प्रबंधन की लापरवाही के कारण खाद उपलब्ध होने के बावजूद उसका वितरण नहीं हो पा रहा है, जिससे खेती–किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



खाद वितरण में आ रही समस्याओं को लेकर किसानों की शिकायत पर जिला पंचायत सदस्य रैमुनिया करियाम ने समिति का दौरा किया। इस दौरान जनपद सदस्य श्रवण वरकड़े, मुड़गांव की सरपंच अमृता सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने मांग की कि किसानों की संख्या और बढ़ती भीड़ को देखते हुए खाद का वितरण दो पाली में किया जाए तथा इफको खाद का वितरण भी तत्काल शुरू कराया जाए। किसानों ने बताया कि समय पर खाद नहीं मिलने से बोनी और फसल प्रबंधन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राधा कृष्णन ने बताया कि डाँड़गांव सहकारी समिति में कुल 1116 किसान पंजीकृत हैं। गत वर्ष समिति में 343.3 टन रासायनिक उर्वरक की आपूर्ति हुई थी, जबकि इस वर्ष किसानों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए 569.7 टन उर्वरक का भंडारण किया गया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2026 में समिति में 2800 क्विंटल एनपीके उर्वरक का भंडारण किया गया था, लेकिन भंडारण के बाद समिति प्रबंधक द्वारा जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) को आवश्यक डीडी– आरो दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। निर्धारित समयावधि बीत जाने के कारण आपूर्तिकर्ता कंपनी मध्य भारत एग्रो प्राइवेट लिमिटेड की निविदा अवधि समाप्त हो गई, जिससे डीआई नंबर जारी नहीं हो सका और खाद वितरण प्रक्रिया बाधित हो गई।

# जनप्रतिनिधियों के साथ बाजार क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

बलरामपुर, (प्रतिदिन राजधानी) जिला मुख्यालय बलरामपुर के नगर बाजार क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों की सहभागिता से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।



स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधियों ने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता गतिविधियों में भागीदारी निभाई। इस दौरान बाजार पारा स्थित ऑडिटोरियम में स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों, स्वच्छता कमांडो एवं सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई। अतिथियों ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में स्वच्छता कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके समर्पण एवं परिश्रम से ही स्वच्छता अभियान को सफलता मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरे का उचित प्रबंधन करने, सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाने तथा स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए बताया गए कि स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का दायित्व है और सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

# डीके सोनी को नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड

अंबिकापुर, (प्रतिदिन राजधानी) सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता एवं आरटीआई एक्टिविस्ट डॉ. डी.के. सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। उन्हें 'बेस्ट आरटीआई एंड पीआईएल कार्यकर्ता' की श्रेणी में यह सम्मान प्रदान किया गया।

यह सम्मान 30 मई को कर्नाटक के हुबली स्थित होटल डेनिसंस में ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान,टीवी कलाकार करण मेहरा और अभिनेत्री अशनूर कौर ने ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर के साथ डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया।



जानकारी के अनुसार देशभर के 27 राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया के बाद जनहित, आदिवासी हित, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सोनी का चयन किया गया।

डॉ. डी.के. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। आरटीआई और जनहित याचिकाओं के जरिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है।

सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर उन्होंने कई मामलों में जांच और कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए भ्रष्ट अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ अपराध दर्ज कराने में सफलता हासिल की है।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी जनहित के खिलाफ, सरकार का काम सेवा करना है मुनाफा कमाना नहीं- सिंहदेव

अंबिकापुर, (प्रतिदिन राजधानी) छत्तीसगढ़ में बिजली दरों में हाल ही में की गई बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी. एस. सिंहदेव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सरकार का काम जनसेवा करना है, न कि मुनाफा कमाना। उन्होंने बिजली दरों में वृद्धि को आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताते हुए इसे अनुचित करार दिया।

अंबिकापुर स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई से परेशान है, ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोतरी उनके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने बीते ढाई वर्षों में बिजली बिलों में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं के घर का बजट प्रभावित हो रहा है।



पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक , पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, हेमंत सिन्हा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

सिंहदेव ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों में प्रति यूनिट 30, 40 और 50 पैसे तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही कृषि पंपों की बिजली दरों में भी इजाफा किया गया है, जिससे किसानों की लागत और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और इस बढ़ोतरी का लगातार विरोध करेगी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। उस दौरान प्रति यूनिट दर 3.70 रुपये स्थिर रखी गई थी और एक बार 30 पैसे की कटौती भी की गई थी। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने ढाई साल में ही प्रति यूनिट 80 पैसे तक बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल की हाफ बिजली बिल योजना का भी उल्लेख किया। सिंहदेव ने कहा कि उस योजना के तहत 400 यूनिट तक आधा बिजली बिल लिया जाता था, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलती थी। लेकिन वर्तमान सरकार ने इस योजना को समाप्त कर दिया, जिससे आम लोगों पर सीधा असर पड़ा है। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भी सिंहदेव ने सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि यह अनिवार्य नहीं है।

# शिक्षित बेटी ही आत्मनिर्भर समाज और विकसित राष्ट्र की सबसे मजबूत आधारशिला- राजेश अग्रवाल

अंबिकापुर (प्रतिदिन राजधानी) शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने वाली सबसे बड़ी शक्ति है। विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा एक ऐसे सशक्त समाज की नींव रखती है, जहां समान अवसर, आत्मनिर्भरता और सामाजिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। इसी भावना के साथ प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झिरमिटी (उदयपुर) में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर नवप्रवेशी छात्राओं का आत्मीय स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों, पालकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।



श्री अग्रवाल ने नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं अध्ययन सामग्री प्रदान कर स्वागत किया। विद्यालय परिसर में छात्राओं के उत्साह, मुस्कान और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रेरणादायी बना दिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और शिक्षा के माध्यम से अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो बेटियों को आत्मनिर्भर, जागरूक और सशक्त बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार करती है। आज की छात्राएं कल की वैज्ञानिक, चिकित्सक, प्रशासक, शिक्षिका और जनप्रतिनिधि बनकर देश का नेतृत्व करेंगी। इसलिए बेटियों की शिक्षा केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के विकास का विषय है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जैसी संस्थाएं ग्रामीण एवं जनजातीय अंचलों की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय वातावरण उपलब्ध कराकर उनके सपनों को नई उड़ान दे रही हैं।



आत्मनिर्भर भारत की बड़ी छलांग:

## ओडिशा में 25,016 करोड़ की कोयला गैसीकरण परियोजना की नींव रखेंगे पीएम मोदी

### 50 हजार नए रोजगार के अवसर होंगे सृजित

**झारसुगुड़ा (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 20 जून, 2026 को लखनपुर में 25,016 करोड़ रुपये की लागत वाली देश की पहली वाणिज्यिक कोयला गैसीकरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। आत्मनिर्भर भारत के विजन को गति देने वाली यह महत्वाकांक्षी परियोजना भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) और कोल इंडिया के संयुक्त उद्यम द्वारा संचालित की जाएगी। गौरतलब है कि इस संयंत्र से प्रतिदिन 2,000 टन अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन होगा, जिससे रसायनों के भारी-भरकम आयात पर निर्भरता कम होगी और बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी। सूत्रों के अनुसार, इस औद्योगिक पहल से क्षेत्र में लगभग 50,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार की 46,000 करोड़ की प्रोत्साहन योजना के तहत यह परियोजना देश की ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक आत्मनिर्भरता के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## इटली पहुंची देहरादून की प्रीमियम लीची, किसानों को मिला 25 फीसदी अधिक दाम

### यूरोपीय बाजार में पहली बार हुआ सफल निर्यात

**देहरादून।** उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध लीची ने अब सात समंदर पार यूरोपीय बाजार में अपनी मिठास घोल दी है। केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन 'एपीडा' (APEDA) के सहयोग से देहरादून से इटली के लिए एक मीट्रिक टन ताजी लीची की पहली खेप सफलतापूर्वक रवाना की गई। गौरतलब है कि 'रोज संेटेड' और 'बेदाना' जैसी प्रीमियम किस्मों के लिए मशहूर इस हिमालयी राज्य की लीची को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी पहचान मिली है। इस ऐतिहासिक निर्यात से स्थानीय किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, क्योंकि उन्हें घरेलू बाजार के मुकाबले करीब 25 प्रतिशत अधिक दाम मिल रहे हैं। एपीडा और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से संभव हुए इस कदम ने भारतीय कृषि उत्पादों के लिए वैश्विक द्वार खोल दिए हैं।

## ट्रंप-पेजेश्कियन की डील के बावजूद इजरायल की भीषण बमबारी, लेबनान में 16 की मौत

### नबातीह जिले में कई रिहायशी ठिकाने जमींदोज

**वर्साय (फ्रांस)।** अमेरिका और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक 14 सूत्रीय समझौते के बावजूद मध्य-पूर्व में युद्ध की आग ठंडी नहीं हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन द्वारा पूर्ण युद्धविराम के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के तत्काल बाद इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के नबातीह जिले में भीषण हवाई हमले किए। इस बमबारी में 16 लोगों की मौत हो गई और कई घर मलबे में तब्दील हो गए। गौरतलब है कि इजरायली सेना ने इन हमलों को हिज्बुल्लाह द्वारा किए गए युद्धविराम उल्लंघन का जवाब बताया है। सूत्रों के मुताबिक, इस ताजा सैन्य कार्रवाई से वैश्विक शांति प्रयासों को गहरा धक्का लगा है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत का ऐतिहासिक कदम :

# ओंकारेश्वर में राष्ट्रपति ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को सराहा, कहा- 7 करोड़ की स्क्रीनिंग दुनिया में नजीर

**ओंकारेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस' कार्यक्रम में शिरकत करते हुए भारत के स्वास्थ्य संकल्प को वैश्विक पटल पर रेखांकित किया। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन को दुनिया की सबसे बड़ी आनुवंशिक जांच पहलों में से एक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह मिशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित करने का एक महा-अभियान है। गौरतलब है कि इस मिशन के तहत निर्धारित स्क्रीनिंग का लक्ष्य समय सीमा से काफी पहले ही पूरा कर लिया गया है, जिसे राष्ट्रपति ने देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि करार दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नवजात शिशुओं से लेकर 40 वर्ष तक की आयु के सात करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग करना कोई सामान्य कार्य नहीं है। यह भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज हम आनुवंशिक रोगों की पहचान में विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। मिशन मोड में किए गए इस कार्य के चलते अब तक लगभग 2.5 लाख मरीजों और 20 लाख से अधिक वाहकों (कैरियर) की पहचान की जा चुकी है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वाहकों की पहचान होने के बाद अब उनकी उचित देखभाल और स्वास्थ्य प्रबंधन केंद्र व राज्य



सरकारों के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की।

उन्होंने विशेष रूप से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का उल्लेख किया, जिसके तहत महज 15 दिनों में चार लाख से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति ने पिछले वर्ष शुरू की गई 'सिकल मित्र' पहल को एक अनुकरणीय मॉडल बताया। इस पहल के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संगठनों और शासकीय संस्थाओं को प्रशिक्षित कर जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक प्रयासों से ही इस जटिल बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है।

### 2047 से पहले मुक्ति का संकल्प

देश से सिकल सेल के पूर्ण उन्मूलन के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 का लक्ष्य रखा है, लेकिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कार्यक्रम में एक नया विश्वास जगाया। उन्होंने कहा कि जिस गति और सक्रियता से सभी प्रदेश मिलकर काम कर रहे हैं, उसे देखते हुए यह पूर्ण विश्वास है कि भारत अपने राष्ट्रीय लक्ष्य को 2047 से बहुत पहले ही प्राप्त कर लेगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों और इस मिशन से जुड़े सभी योद्धाओं का आह्वान किया कि वे इसी ऊर्जा के साथ कार्य जारी रखें ताकि आने वाली पीढ़ियां इस आनुवंशिक अभिशाप से मुक्त हो सकें।

# रांची में सेना ने 300 मरीजों की लौटाई आंखों की रोशनी, रक्षा राज्य मंत्री ने बताया 'सेवा परमो धर्मः' का जीवंत

- 2500 से अधिक मरीजों की हुई जांच
- 100 से अधिक आदिवासी मरीज हुए लाभान्वित

**रांची।** भारतीय सेना और वायुसेना की संयुक्त विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने 'ऑपरेशन दृष्टि' के तहत राजधानी के नामकुम स्थित सैन्य अस्पताल में मानवता की नई मिसाल पेश की है। 15 से 19 जून तक चले 9वें मेगा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में अत्याधुनिक तकनीक के जरिए 300 से अधिक लोगों की आंखों की रोशनी बहाल की गई। समापन समारोह में पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सेना के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सेना की 'सेवा परमो धर्मः' की भावना और चिकित्सा कोर की असाधारण विशेषज्ञता का प्रमाण है।

### 2500 मरीजों की जांच और जटिल सर्जरी

पांच दिवसीय इस महा-शिविर में झारखंड के विभिन्न इलाकों से आए 2,500 से अधिक मरीजों की गहन जांच की गई। शिविर के दौरान 300 से अधिक जटिल सर्जिकल प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं, जिनमें 260 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन शामिल थे। गौरतलब है कि इस दौरान केवल सामान्य सर्जरी ही नहीं, बल्कि एडवांस्ड मिनिमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी (एमआईजीएस), डायबिटिक रेटिनोपैथी का उपचार और आंखों की रोशनी बचाने वाले महंगे एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन भी निःशुल्क प्रदान किए गए। सेना के इस कदम से उन गरीब मरीजों को नया जीवन मिला है जो निजी अस्पतालों का खर्च उठाने में असमर्थ थे।



**शहीदों के परिजनों और आदिवासियों को मिला सहारा**

इस शिविर की सबसे भावुक तस्वीर तब दिखी जब बिहार रेजिमेंट के दिवंगत पूर्व हवलदार जॉन ऑगस्टस एक्का की 68 वर्षीय विधवा की आंखों की रोशनी वापस आई। मोतियाबिंद के कारण वे लगभग देख नहीं पा रही थीं, लेकिन फेकोइमल्सीफिकेशन तकनीक से हुए सफल ऑपरेशन ने उनके जीवन में फिर से उजाला भर दिया। इसके अलावा, समावेशी भावना का परिचय देते हुए सेना ने 100 से अधिक उन आदिवासी मरीजों का भी उपचार किया जिनका कोई सैन्य बैकग्राउंड नहीं था। रांची की एलिजा बेथ और अशोक देशमुख जैसे आदिवासी ग्रामीणों को भी वही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिली, जो सेवारत सैन्य कर्मियों को दी जाती है।

### देशभर में 75 हजार मरीजों तक पहुंची सेना

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि दिसंबर 2024 में देहरादून से शुरू हुआ 'ऑपरेशन दृष्टि' अब एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन चुका है। अब तक जयपुर, उधमपुर, लक्षद्वीप, भुज और लेह-लद्दाख जैसे 9 केंद्रों पर 75,000 से अधिक मरीजों की जांच और 3,000 से अधिक सफल सर्जरी की जा चुकी हैं। इस अभियान की नींव महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (DGAFMS) वाइस एडमिरल आरती सरीन की दूरदृष्टि से रखी गई थी। रांची के इस सफल अभियान का नेतृत्व दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) के नेत्र विज्ञान विभागाध्यक्ष ब्रिगेडियर (डॉ.) संजय कुमार मिश्रा ने किया। समापन के अवसर पर 17 कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल यश सिंह अहलावत और मेजर जनरल ज्योतिंदु देवनाथ सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

योग दिवस का शंखनाद :

# 'दौड़ से ध्यान' के महा-अभियान में उमड़ा कोलकाता, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, लिएंडर पेस ने बढ़ाया उत्साह

- केएमसी से राइटर्स बिल्डिंग तक मैराथन
- 11 स्थानों पर एक साथ योग दौड़
- गति से स्थिरता का अनोखा संदेश

**कोलकाता।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर महानगर में 'दौड़ से ध्यान 2026' के जरिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी और केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कोलकाता नगर निगम मुख्यालय से राइटर्स बिल्डिंग तक आयोजित इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### राइटर्स बिल्डिंग में उमड़ा योग का उत्साह

मैराथन के समापन पर ऐतिहासिक राइटर्स बिल्डिंग में भव्य योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में पूर्व टेनिस स्टार लिएंडर पेस की मौजूदगी ने युवाओं में नया जोश भर दिया। आयोजन



का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को योग को एक स्थायी जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### 11 केंद्रों पर एक साथ दौड़ा महानगर

प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच महानगर के 11 प्रमुख स्थानों पर एक साथ 2 किलोमीटर की 'योग दौड़' आयोजित की गई। ताला पार्क, गोलपार्क और गीतांजलि स्टेडियम जैसे केंद्रों पर समाज के हर वर्ग ने शिरकत की। कार्यक्रम में मंत्री इंद्रनील खान, विधायक बिजय ओझा और आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। विशेषज्ञों के अनुसार, यह आयोजन 'गति से स्थिरता' की ओर बढ़ने का एक प्रभावी संदेश देने में सफल रहा है।


# नौसेना की मारक क्षमता में हुआ इजाफा

- 425 करोड़ के रक्षा सौदे पर लगी मुहर
- स्वदेशी तकनीक से लैस होंगे भारतीय युद्धपोत

**नई दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता को नई ऊंचाई देने की तैयारी कर ली है। मंत्रालय ने पुणे स्थित निजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारत फोर्ज लिमिटेड के साथ 425 करोड़ रुपये के एक महत्वपूर्ण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत नौसेना के लिए 1.25 मेगावाट क्षमता के 12 मरीन गैस टर्बाइन जनरेटर सेट तैयार किए जाएंगे। गौरतलब है कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में 'बाय (इंडियन)' श्रेणी के तहत इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया, जो भारतीय रक्षा उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### युद्धपोतों के लिए बनेगा अभेद्य पावर बैंक

ये मरीन गैस टर्बाइन जनरेटर आधुनिक नौसैनिक युद्धपोतों की रीढ़ माने जाते हैं। इनका मुख्य कार्य युद्धपोतों पर मौजूद महत्वपूर्ण युद्ध प्रणालियों, उन्नत हथियारों और अत्याधुनिक सेंसरों को निरंतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करना है। 1.25 मेगावाट की क्षमता वाले ये जनरेटर सेट समुद्र की लहरों के बीच भारतीय



नौसेना के जहाजों को वह शक्ति प्रदान करेंगे, जिससे वे किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति में दुश्मन का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेंगे। इन जनरेटरों का निर्माण स्वदेशी तकनीक के आधार पर किया जाएगा, जिससे युद्धपोतों की परिचालन तत्परता में अभूतपूर्व सुधार होने की उम्मीद है।

### आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम

इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता इसमें इस्तेमाल होने वाली न्यूनतम 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत यह अनुबंध समुद्री गैस टर्बाइन निर्माण में भारत की घरेलू क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस कदम से न केवल विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम होगी, बल्कि युद्धपोतों के संपूर्ण जीवनचक्र के दौरान उनके रखरखाव और स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से भारतीय नौसेना को रणनीतिक बढ़त भी हासिल होगी। यह अनुबंध घरेलू विनिर्माण प्रणाली को सशक्त करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नौसेना की बढ़ेगी मारक क्षमता :

# कोलकाता में एक साथ कमीशन होंगे तीन स्वदेशी युद्धपोत, प्रधानमंत्री करेंगे शक्ति प्रदर्शन

- समंदर में बढ़ेगी भारत की रणनीतिक बढ़त
- 75 फीसदी स्वदेशी तकनीक से लैस बेड़ा
- 200 से अधिक एमएसएमई की बड़ी भागीदारी

**कोलकाता।** भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत में इजाफा करने के लिए आगामी 21 जून 2026 को कोलकाता में एक ऐतिहासिक समारोह आयोजित होने जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी छलांग लगाते हुए नौसेना अपने बेड़े में तीन अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोतों—दूनागिरी, संशोधक और अग्रय—को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस महत्वपूर्ण समारोह की अध्यक्षता प्रधानमंत्री करेंगे, जिनकी मौजूदगी में ये तीनों पोत औपचारिक रूप से कमीशन किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इन जहाजों का निर्माण कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया गया है, जो देश की जहाज निर्माण क्षमता की बढ़ती परिपक्वता का प्रमाण है।

### समंदर का सिकंदर : ब्रह्मोस से लैस दूनागिरी

प्रोजेक्ट 17ए के तहत निर्मित पांचवीं स्टील्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी' इस बेड़े का



सबसे घातक हिस्सा है। अत्याधुनिक हथियारों और उन्नत सेंसर प्रणालियों से सुसज्जित यह युद्धपोत दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है। इसमें सतह से सतह पर मार करने वाली घातक 'ब्रह्मोस' मिसाइल और मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली तैनात की गई है। नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा तैयार यह जहाज न केवल समुद्री युद्ध में भारत का प्रभुत्व स्थापित करेगा, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में बदलते खतरों से निपटने में भी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

### आत्मनिर्भरता की मिसाल : 200 एमएसएमई का साथ

इन तीनों युद्धपोतों का निर्माण भारतीय उद्योग जगत के लिए भी गौरव का विषय है। इन जहाजों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। इस पूरी परियोजना में देश के 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। इससे न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ी है, बल्कि बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का सृजन भी हुआ है। सूत्रों के अनुसार, इन जहाजों के शामिल होने से भारतीय नौसेना की 'ब्लू-वॉटर' ऑपरेशन्स की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

**पाताल में छिपे दुश्मनों का काल**

बेड़े में शामिल होने वाला दूसरा महत्वपूर्ण पोत 'अग्रय' है, जो अरनाला श्रेणी का एंटी-सबमरीन वॉरफेयर क्राफ्ट है। यह उथले पानी में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नेस्तनाबूद करने के लिए स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और हल्के टॉरपीडो से लैस है। वहीं, चौथा सर्वेक्षण जहाज 'संशोधक' गहरे समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वे करने की क्षमता रखता है। यह पोत स्वायत्त जलमग्न वाहनों (UAVs) और अत्याधुनिक सोनार प्रणालियों के जरिए समुद्र के भीतर का सटीक डेटा जुटाएगा, जो रक्षा और असैन्य दोनों ही कार्यों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# मिशन 3 साल : FIR से सजा तक का सफर होगा छोटा, गृह मंत्री ने कहा- अब अपराधी बचेगा नहीं, विज्ञान और कानून की संयुक्त शक्ति से होगा न्याय

- तीन वर्ष के भीतर न्याय सुनिश्चित करने का लक्ष्य


**नई दिल्ली।** देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में युगांतकारी परिवर्तन की शुरुआत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि मोदी सरकार का लक्ष्य एफआईआर से लेकर दोषसिद्धि (कन्विक्शन) तक की पूरी प्रक्रिया को 3 साल के भीतर समेटना है। अगस्त 2019 से शुरू हुए इन सुधारों का उद्देश्य दकियानूसी कानूनों को हटाकर आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी को न्याय का अभिन्न अंग बनाना है। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि जब समाज में यह भाव स्थापित हो जाएगा कि अपराध के बाद दंड मिलना निश्चित है, तभी अपराधों पर वास्तविक लगाम लगेगी।

### 3 साल में न्याय का संकल्प

गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए देश के 24 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गृह मंत्रियों के साथ गहन मंथन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) इन सुधारों के मुख्य स्तंभ हैं। गौरतलब है कि नई न्याय संहिताओं के लागू होने के बाद अब देश के हर थाने में सुचारू रूप से कार्य हो रहा है। कई मामलों में तो महज 90 दिनों के भीतर अपराधियों को उम्रकैद तक की सजा दिलाई जा चुकी है, जो भारतीय न्यायिक इतिहास में एक मील का पत्थर है।

### फिंगरप्रिंट बनेगा सबसे बड़ा हथियार

अपराध के विरुद्ध लड़ाई में वैज्ञानिक साक्ष्यों को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए गृह मंत्री ने कहा कि 'नेशनल ऑटोमेटेड



फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' (NAFIS) इस पूरी व्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने निर्देश दिया कि फिंगरप्रिंट का उपयोग केवल अपराधियों को खोजने तक सीमित न रहे, बल्कि हर अपराध स्थल से प्राप्त साक्ष्यों को डेटाबेस में अपलोड कर उसे समृद्ध किया जाए। गृह मंत्री के अनुसार, फिंगरप्रिंट, डीएनए और फेशियल रिकग्निशन जैसे वैज्ञानिक साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद अब पुलिस को कोर्ट में सैकड़ों गवाहों की फौज खड़ी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### डेटा नहीं, अब इंटेलिजेंस की बारी

गृह मंत्री ने राज्यों को आगाह करते हुए कहा कि डेटा का अंबार किसी काम का नहीं है जब तक कि उसे 'इंटेलिजेंस' में न बदला जाए। उन्होंने हर राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और डेटा एनालिटिक्स की विशेष टीमें बनाने का सुझाव दिया जो 'रिपीट ऑफेंडर्स' (बार-बार अपराध करने वाले) की प्रोफाइलिंग कर सकें। वर्तमान में देश के 17,840 थानों में CCTNS पहुंच चुका है और 37 करोड़ से अधिक एफआईआर का डेटा उपलब्ध है। इस विशाल डेटाबेस को AI के जरिए ऐक्शनेबल इंटेलिजेंस में बदलना ही भविष्य की मुख्य चुनौती है।

### चार्जशीट छोटी, साक्ष्य होंगे सटीक

प्रशिक्षण मॉड्यूल में बदलाव की वकालत करते हुए अमित शाह ने कहा कि चार्जशीट का आकार छोटा और साक्ष्य सटीक होने चाहिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशकों से आग्रह किया कि वे ट्रेनिंग के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन तय करें। गृह मंत्री ने यह भी खुलासा किया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के साथ मिलकर लंबित मामलों को कम करने का ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है। इसके तहत सायंकालीन अदालतों (Evening Courts) की स्थापना और वैज्ञानिक आधार पर चालान तैयार करने जैसी प्रक्रियाओं पर तेजी से काम चल रहा है ताकि न्याय मिलने में होने वाली देरी को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

# बच्चों के हित में श्रेष्ठ रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों को दिया गया मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बीते 5 वर्षों से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बाल अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकारों एवं मीडिया संस्थानों को मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी श्रेष्ठ रिपोर्टिंग के लिए प्रदेश के 9 पत्रकारों और दो फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ में एमसीसीआर ट्रस्ट द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से वर्ष 2020 में शुरू किया गया यह पहला विशिष्ट मीडिया पुरस्कार है। इस पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य बाल अधिकारों, उनकी सफलताओं और नवाचारों को विकास के केंद्र में लाना है। बाल–हितों पर प्रकाश डालने और समाज में बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाले मीडियाकर्मियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में इस वर्ष, रूचि पांडेय को डिजिटल मीडिया के लिए,अनुज नहरिया , विक्रम तिवारी, यशवंत चक्रधारी, यशवंत सिन्हा को प्रिंट मीडिया के लिए कुश अग्रवाल को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, प्रदीप डडसेना, हेमंत गोस्वामी को फोटोग्राफी के लिए और



जॉन राजेश पॉल, आर के गांधी, और नारद योगी को रचनात्मक उत्कृष्टता के लिए मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

मीडिया फॉर चिल्ड्रन अवार्ड – 2026 का थीम 'बाल अधिकारों के लिए सशक्त मीडिया, सुरक्षित बचपन की दिशा' रहा, जिसके लिए बड़ी संख्या में इंट्रीज आईं और जूरी द्वारा चयनित श्रेष्ठ रिपोर्टिंग से जुड़े मीडिया कर्मियों को यह अवार्ड दिया गया। पुरस्कार की श्रेणियों में प्रिंट,टेलीविजन और रेडियो, डिजिटल समाचार प्लेटफॉर्म और फोटो–पत्रकारिता शामिल हैं।

राजधानी के होटल सयाजी में आयोजित इस अवॉर्ड समारोह में यूनिसेफ की हेड सुश्री सीमा कुमार (चीफ़, यूनिसेफ छत्तीसगढ़) द्वारा मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों को जागरूक बनाने मीडिया की बहुत बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर डॉ. निर्मला यादव (संयुक्त निदेशक, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य)

डॉ. स्मृति देवांगन (उप निदेशक) ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य प्राथमिकताओं और मीडिया से अपेक्षाओं पर अपने विचार साझा किए। यूनिसेफ के संचार विशेषज्ञ श्री अनिल गुलाटी ने स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूकता पैदा करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में यूनिसेफ के कार्यों और योगदानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# विधान सभा की प्राक्कलन समिति ने लाभाण्डी स्थित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी का किया स्थल निरीक्षण







रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ विधान सभा की प्राक्कलन समिति की बैठक शुक्रवार को विधान सभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक–सी 01 में माननीय सभापति अजय चन्द्राकर के सभापतित्व में संपन्न हुई। बैठक में कुंवर सिंह निषाद, सावित्री मनोज मण्डावी, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू एवं विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा, लोक निर्माण विभाग तथा आवास एवं पर्यावरण विभाग एवं वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में लाभाण्डी स्थित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी का स्थल निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। तद्नुसार प्राक्कलन समिति के सभापित एवं सदस्यों ने लाभाण्डी स्थित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस अकादमी का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किये।

# जांजगीर-नैला स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी कार्य हेतु प्रभावित गाड़ियों की तिथि में परिवर्तन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर–चांपा चौथी लाइन परियोजना के अंतर्गत जांजगीर–नैला स्टेशन पर अप ग्रिड में ऑटो सिग्नलिंग सहित चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कमीशनिंग कार्य हेतु नॉन–इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 22 जून 2026 से 05 जुलाई 2026 तक विभिन्न चरणों में संपादित किया जाएगा।

68746 रायपुरङ्गेवरा रोड मेमू पैसेंजर को दिनांक 21 जून से 02 जुलाई 2026 तक रद्द किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब यह गाड़ी दिनांक 22 जून से 03 जुलाई 2026 तक रद्द रहेगी।



68745 गेवरा रोड–रायपुर मेमू पैसेंजर को दिनांक 22 जून से 03 जुलाई 2026 तक रद्द किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब यह गाड़ी दिनांक 23 जून से 04 जुलाई 2026 तक रद्द रहेगी।

58204 रायपुर–कोरबा पैसेंजर को दिनांक 21 जून से 02 जुलाई 2026 तक रद्द किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब यह गाड़ी दिनांक 22 जून से 03 जुलाई 2026 तक रद्द रहेगी।

58203 कोरबा–रायपुर पैसेंजर को दिनांक 22 जून से 03 जुलाई 2026 तक तक रद्द किया गया था जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए अब यह गाड़ी दिनांक 23 जून से 04 जुलाई 2026 तक रद्द रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा ह्व्रश्वस्/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर तदनुसार यात्रा प्रारंभ करें।

# पारंपरिक सैन्य क्षमताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी पहले थीं : राजनाथ सिंह

एजेंसी, नागपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि अत्याधुनिक एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस परियोजना भारत के रक्षा उत्पादन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह परियोजना स्वदेशी तकनीक और उत्पादन क्षमताओं का नया अध्याय




लिखेगी। उन्होंने कहा कि पारंपरिक सैन्य क्षमताएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी पहले थीं।

राजनाथ सिंह शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी ऑर्डनेंस फैक्टरी परिसर में 10 हजार टन क्षमता वाली अत्याधुनिक एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रेस परियोजना के आधारशिला रखने के अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार तथा यंत्र इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के दो भव्य आयोजन

# सुबह चेम्बर हॉल में योग, ध्यान शिविर, शाम को मैग्नेटो मॉल में सजेगा योग लेजेंट्स, मंच पर 51 योग गुरूओं का होगा सम्मान

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा व्यापारियों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए 21 जून 2026, रविवार को दो विशेष और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सुबह के सत्र में जहाँ चेम्बर हॉल में योग, ध्यान का विशेष शिविर लगेगा, वहीं शाम के सत्र में मैग्नेटो मॉल में भव्य योग लेजेंट्स समारोह आयोजित होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि योग हमारे ऋषियों–मुनियों द्वारा दी गई वह अमूल्य धरोहर है, जो हमारे शरीर को निरोग, बुद्धि को प्रखर और मन को शांत रखती है। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि अगर हमारा व्यापारी स्वस्थ रहेगा, तभी हमारा व्यापार स्वस्थ रहेगा और तभी हमारा छत्तीसगढ़ और देश समृद्ध बनेगा। इसी सोच के साथ चेम्बर व्यापारियों को स्वस्थ जीवन और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करता है।

श्री थौरानी ने बताया कि रविवार सुबह 7.00 बजे से 8.30 बजे तक चेम्बर हॉल (बॉम्बे मार्केट, शहीद स्मारक भवन के पास, जी.ई. रोड, रायपुर) में एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के मुख्य अतिथि श्री राकेश चतुर्वेदी, भूतपूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख एवं अध्यक्ष राज्य जैव विविधता बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन, योग एवं फिटनेस विशेषज्ञ डॉ. सुनील शुक्ला, योग प्रशिक्षिका–प्रीति सलूजा एवं संगीता मंडल शर्मा व्यापारियों को योग, ध्यान कराये जायेगें व इसके फायदों से अवगत कराएंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन , कार्यकम प्रभारी–चेम्बर उपाध्यक्ष–वासुदेव जोतवानी, प्रकाश लालवानी, सोनिया साहू ,मंत्री–प्रशांत गुप्ता, राजेंद्र पारेख, आलोक शर्मा संभाल रहे हैं।

इसके बाद, शाम 5.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक रायपुर के मैग्नेटो मॉल में छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में भव्य योग लेजेंट्स कार्यक्रम होगा। इस मुख्य समारोह के बारे में जानकारी देते हुए श्री थौरानी ने कहा कि इस मंच से हम उन 51 महान योग गुरुओं का सम्मान करने जा रहे हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज को स्वस्थ रखने का बीड़ा उठाया है। इसके साथ ही, उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित करने के लिए वहां शानदार एरोबैटिक योग का प्रदर्शन होगा। कायक्रम को और खुशनुमा बनाने के लिए सेलिब्रिटी सिंगर धीरज जी की सुरीली प्रस्तुतियां होंगी तथा एक आकर्षक लकी ड्रा भी रखा गया है। शाम के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष– राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा को प्रभारी तथा उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी, मनीष प्रजापति को संयोजक व सह–संयोजक एवं अनिल जोतसिंघानी को सांस्कृतिक प्रभारी अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

चेम्बर पदाधिकारियों ने प्रदेश के समस्त व्यापारी बंधुओं, योग साधकों एवं नागरिकों से इन दोनों कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होने का सादर आग्रह किया है। विशेष नोटः– सुबह के योग शिविर में आने वाले सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे अपने साथ योगा मैट जरूर लेकर आएं तथा लोअर और टी–शर्ट पहनकर आएं ताकि योगासन करने में कोई असुविधा न हो।


# वक्ता मंच का काव्य समागम आज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रदेश की अग्रणी सामाजिक व साहित्यिक संस्था वक्ता मंच एवं सामाजिक सरोकारों हेतु प्रतिबद्ध संगठन जन एकता फाउंडेशन द्वारा शनिवार 20 जून को प्रातः 10 बजे वृन्दावन सभागृह रायपुर में काव्य समागम का आयोजन किया गया है ।

वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि इस अवसर पर प्रदेश के तेजी से बढ़ते दैनिक अखबार दबंग स्वर के जगदलपुर संस्करण का शुभारंभ भी किया जायेगा ।उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस अखबार के रायपुर, दुर्ग व कोरिया से तीन संस्करण नियमित रूप से प्रकाशित हो रहे है। जगदलपुर से अब चौथा संस्करण भी आरम्भ होगा। इस अवसर पर आयोजित सरस काव्य समागम में राजधानी व उसके आसपास के नवोदित व स्थापित दोनों धाराओं के कवि हिंदी, उर्दू व छत्तीसगढ़ी भाषा में अपनी प्रस्तुतियां देंगे । विदित हो कि वक्ता मंच द्वारा विगत 33 वर्षों से नियमित रूप से जारी काव्य समागमों में अब तक प्रदेश के हजारों कविगण शिरकत कर चुके है। इन काव्य समागमों के माध्यम से प्रदेश भर के रचनाकार विशेषकर दूरस्थ अंचलों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं छोटे शहरों के लोगों को मंच मिलते रहता है द्य इस प्रक्रिया में अब प्रदेश भर में साहित्य साधकों की फौज बड़े पैमाने पर तैयार हुई है। मानवीय मूल्यों के क्षरण के इस दौर में साहित्य के माध्यम से संवेदनाओं को महसूस करनेवाली फौज तैयार होना समाज के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वक्ता मंच द्वारा इस मिशन को निरंतरता में जारी रखा जायेगा। काव्य समागम के दौरान विगत दिनों संपन्न काव्य पाठ स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा द्य वक्ता मंच एवं जन एकता फाउंडेशन द्वारा समस्त प्रबुद्धजनों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है ।

# वैज्ञानिकों ने चिकनगुनिया के खिलाफगौमूत्र अर्क में खोजे प्रभावी एंटीवायरल यौगिक




एजेंसी, रुड़की

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के वैज्ञानिकों ने चिकनगुनिया वायरस के विरुद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए गौमूत्र अर्क (काउ यूरिन डिस्टिलेट–सीयूडी) में मौजूद ऐसे जैव–सक्रिय यौगिकों की पहचान की है, जो वायरस की वृद्धि को प्रभावी ढंग से रोकने में सक्षम पाए गए हैं। शोधकर्ताओं का दावा है कि प्रयोगशाला परीक्षणों में इन यौगिकों ने वायरल लोड में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है।

# नीट-2026 : परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन

## 10 ट्रेनों में 40 अतिरिक्त सामान्य कोचों कि सुविधा

बिलासपुर/रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–2026) में शामिल होने वाले हजारों अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विशेष यात्री सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की है। परीक्षा अवधि के दौरान संभावित अतिरिक्त भीड़ और यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने विशेष मेमू/पैसेंजर ट्रेनों का संचालन करने, 10 ट्रेनों में 40 अतिरिक्त सामान्य श्रेणी के कोच जोड़ने तथा हसदेव एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार करने का निर्णय लिया है।

रेलवे अधिकारियों से आज शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार नीट परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं विभिन्न शहरों में स्थित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए रेल यात्रा का सहारा लेते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए यह विशेष योजना तैयार की गई है ताकि अभ्यर्थियों को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कोरबा-दुर्ग के बीच चार विशेष मेमू ट्रेनें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 20 और 21 जून को कोरबा और दुर्ग के बीच चार विशेष मेमू पैसेंजर ट्रेनों का



संचालन किया जाएगा।

20 जून को गाड़ी संख्या 06801 कोरबा–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल सुबह 10 बजे कोरबा से रवाना होकर चांपा, जांजगीर–नैला, अकलतरा, बिलासपुर, बिल्हा, भाटापारा, तिल्दा–नेवरा, रायपुर एवं भिलाई पावर हाउस सहित सभी प्रमुख स्टेशनों में ठहरते हुए शाम 4:15 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06802 दुर्ग–कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल शाम 7:05 बजे दुर्ग से रवाना होकर रात 12:45 बजे कोरबा पहुंचेगी।

21 जून को परीक्षा दिवस पर गाड़ी संख्या 06803 कोरबा–दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल सुबह 4 बजे कोरबा से रवाना होगी और सुबह 10:50 बजे दुर्ग पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 06804 दुर्ग–कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल शाम 7:05 बजे दुर्ग से प्रस्थान कर रात्रि 12:45 बजे कोरबा पहुंचेगी।

इन विशेष ट्रेनों के संचालन से कोरबा, जांजगीर–चांपा, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई और दुर्ग क्षेत्र के हजारों परीक्षार्थियों को सीधा लाभ मिलने की संभावना है।

### छिंदवाड़ा-इतवारी के बीच भी विशेष सेवा

रेलवे ने मध्यप्रदेश और विदर्भ क्षेत्र के अभ्यर्थियों को राहत देते हुए 21 जून को गाड़ी संख्या 08823 छिंदवाड़ा–नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन शाम 6 बजे छिंदवाड़ा से रवाना होकर रात 10:50 बजे इतवारी पहुंचेगी। मार्ग के सभी मध्यवर्ती स्टेशनों पर इसका ठहराव रहेगा।

### हसदेव एक्सप्रेस का दुर्ग तक विस्तार

नीट परीक्षा को देखते हुए रेलवे ने 21 जून को हसदेव एक्सप्रेस का अस्थायी विस्तार दुर्ग तक करने का निर्णय लिया है।

गाड़ी संख्या 18250 कोरबा–रायपुर हसदेव एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ते हुए दुर्ग तक संचालित होगी। यह ट्रेन रायपुर से सुबह 10:45 बजे रवाना होकर भिलाई पावर हाउस और भिलाई नगर होते हुए 11:45 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

वहीं गाड़ी संख्या 18251 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस दुर्ग से प्रारंभ होकर कोरबा तक संचालित होगी। यह ट्रेन शाम 4:30 बजे दुर्ग से रवाना होकर निर्धारित समयानुसार रात 9:50 बजे कोरबा पहुंचेगी।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोरबा और रायपुर के बीच ट्रेन के निर्धारित समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### 10 ट्रेनों में लगाए जाएंगे 40 अतिरिक्त जनरल कोच

परीक्षार्थियों और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने विभिन्न महत्वपूर्ण ट्रेनों में कुल 40 अतिरिक्त सामान्य श्रेणी (जनरल) कोच लगाने का निर्णय लिया है।

इसके तहत 20 जून को रायपुर से चलने वाली 18249 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस में 7 अतिरिक्त जनरल कोच लगाए जाएंगे। 21 जून को कोरबा से रवाना होने वाली 18250 कोरबा–रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में भी 7 अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे।

इसके अलावा 21 से 23 जून तक 18251 रायपुर–कोरबा हसदेव एक्सप्रेस तथा 22 से 24 जून तक 18252 कोरबा–रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में भी 7–7 अतिरिक्त सामान्य कोच उपलब्ध रहेंगे।

बिलासपुर–रीवा एक्सप्रेस और रीवा–बिलासपुर एक्सप्रेस में भी दो–दो अतिरिक्त जनरल कोच लगाए जाएंगे, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को भी पर्याप्त सुविधा मिल सकेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन के समय और अन्य आवश्यक जानकारी की पुष्टि कर लें तथा सुरक्षित एवं सुगम यात्रा के लिए रेलवे द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444